सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 38.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-302 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 14 अप्रैल 2024
04 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

ईरान का इजरायली शिप पर कब्जा

17 भारतीयों को बनाया गया बंधक, केंद्र ने की जल्द रिहाई की मांग

- ईरान-इजराइल में तनाव
- शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं जो फिलीपींस के नागरिक हैं
- जहाज को ईरान ले जाया जा रहा
- मिडिल ईस्ट में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती

तेहरान। इस्राइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव के बाद पश्चिमी एशिया में एक और युद्ध की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इस बीच, ईरान की नौसेना ने इस्राइल के अरबपति इयाल ओफर का मालवाहक जहाज अपने कब्जे में कर लिया है।

अब इस जहाज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस जहाज पर सत्रह भारतीय सवार हैं। सूत्रों ने बताया कि जहाज पर मौजूद भारतीयों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत राजधानी दिल्ली और तेहरान में राजनयिक चैनलों के जरिए ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। इस बीच, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश सचिव लॉर्ड डेविड कैमरन से बात की है। उन्होंने ट्वीट कर इस बारे में बताया। विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता के दौरान पश्चिम एशिया के वर्तमान हालात और हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की गई। मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि यह जहाज भारत की ओर आ रहा था और इसमें कुल 25 क्रू मेंबर मौजूद हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान की खाड़ी में भारत की ओर आ रहे इस्राइली अरबपति के इस जहाज को अपने कब्जे में लिया। सबसे पहले हेलीकॉप्टर से इस्राइली जहाज पर हमला किया गया और इसके बाद ईरान की नौसेना ने इस पर कब्जा कर लिया। इस जहाज का नाम एमएससी एरीज है और उसे आखिरी बार शुक्रवार को दुबई से होर्मुज की ओर जाते हुए देखा गया था। बताया गया है कि जहाज ने अपना ट्रैकिंग डेटा बंद किया हुआ था।

आतंकवाद पर जयशंकर की दो टूक

विदेश मंत्री जयशंकर ने युवाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत का पड़ोसी देश है, इसके लिए केवल हम जिम्मेदार हैं। कहा कि 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया और भारतीय सेना ने उनका डटकर मुकाबला किया और राज्य का एकीकरण हुआ। उन्होंने कहा कि जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम रुक गए और संयुक्त राष्ट्र में चले गए।

सरकार में आए तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे : राहुल

मुंबई। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाती है तो किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। दरअसल, राहुल शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा जिले के साकोली में एक रैली को संबोधित करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है लेकिन मीडिया ने सबसे बड़े मुद्दों को ही नजरअंदाज कर दिया है। राहुल ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो हम सबसे पहले जाति जनगणना करवाएंगे। जाति जनगणना देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्र की एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हम सत्ता में आएंगे तो किसानों के कर्ज को माफ कर देंगे। देश में हजार रुपये कमाने वाला और करोड़ों रुपये कमाने वाला एक समान जीएसटी का भुगतान कर रहा है। जनता महंगाई से परेशान है। जनता बेरोजगारी से परेशान है। हमारी सरकार अग्निपथ योजना को भी हटाएगी क्योंकि खुद सेना इसका समर्थन नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि पीएम खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन उन्हें बताना होगा कि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए क्या किया है।

बड़ा मुद्दा

- महाराष्ट्र के भंडारा जिले के साकोली में राहुल गांधी ने रैली की
- अग्निपथ योजना को भी हटाएंगे
- केंद्र सरकार सिर्फ कुछ उद्योगपतियों के लिए ही काम कर रही है

कांग्रेस ने मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से दिया टिकट

प्रत्याशी

- पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल का टिकट कटा
- कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य को टिकट

चंडीगढ़। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने शनिवार को एक ओर उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार पार्टी ने 16 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। इसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम पर अंतिम मुहर लगी है। इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया था। जो भाजपा उम्मीदवार किरण खेर से 46 हजार 970 वोट से हार गए थे। बता दें कि मनीष तिवारी की सीट बदल दी है। वह फिलहाल श्रीआनंदपुर साहिब से सांसद हैं, लेकिन इस बार वह चंडीगढ़ से लड़ेंगे। पूर्व में वह लुधियाना से भी सासंद रह चुके हैं। इस बार तिवारी यहां से भाजपा के संजय टंडन को टक्कर देंगे। मनीष तिवारी ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से बीए की डिग्री प्राप्त की और उसके बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी कानून की पढ़ाई पूरी की। पंजाब विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान उन्होंने तैराकी और वाटर पोलो की टीमों का नेतृत्व भी किया। वह 1988 से 1993 तक एनएसयूआई और 1998 से 2000 तक भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। तिवारी का जन्म 1965 में लुधियाना में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय वीएन तिवारी पंजाबी लेखक व पंजाब युनिवर्सिटी के प्रोफेसर और माता पीजीआई में डीन रहीं। मनीष तिवारी इससे पहले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी चंडीगढ़ की सीट पर अपनी दावेदारी पेश करते रहे हैं। इस दौरान वह यहां विभिन्न कार्यक्रमों व बैठकें में शामिल हुए।

अब न तो कर्फ्यू होता है और न ही दंगा : योगी

मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया

प्रचार

- सुरक्षा में सेंध लगाने वाले माफिया जेल में या फिर जहन्नुम में है
- माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले सुरक्षा नहीं दे सकते

मुरादाबाद। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में न अब दंगा है, न कर्फ्यू है, अब सब चंगा है।

उन्होंने विपक्षी पार्टियों सपा, बसपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इनकी सरकार के जमाने में माफिया व अपराधी को गले का हार बनाकर व्यापारी व महिलाओं की सुरक्षा में सेंध लगाई जाती थी, जबकि भाजपा शासन काल में सुरक्षा में सेंध लगाने वाले माफिया जेल में या जहन्नुम में हैं। मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में शनिवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गावड़ी के मैदान पर हुई चुनावी जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। योगी ने अपने 23 मिनट के संबोधन में जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई वहीं विपक्ष की सरकारों को भी जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि आपने 2014 से पहले का भारत भी देखा है और आज का बदला हुआ नया भारत भी आपके सामने है। उस समय क्या स्थिति थी, गरीब भूखा मरता था।

आज मोदी सरकार के राज में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा के रूप में आयुष्मान कार्ड की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तो उनकी सरकार एक अलग सुविधा के तहत जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं है तथा वह अपना इलाज नहीं करा सकते, वह किसी भी जनप्रतिनिधि या उन्हें खुद पत्र भी लिख रहे हैं। ऐसे व्यक्ति के खाते में सरकार सीधा इलाज का पैसा भेज रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार होली व दिवाली के मौके पर गरीबों को फ्री गैस सिलिंडर उपलब्ध करा कर दाल में तड़का लगाने का काम भी कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा के जमाने में जिन माफियाओं की तूती बोलती थी। वे माफिया आज नाक रगड़ रहे हैं तथा जान बचाने की भीख मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में सुरक्षा व सुशासन का मॉडल पेश किया है।

किसान, व्यापारी व हर वर्ग कर रहा सुरक्षित महसूस

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश का किसान, युवा, व्यापारी, महिला हर वर्ग का व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि आपके हितों की रक्षा करने वाली सरकार लखनऊ व दिल्ली में बैठी है। जब सरकार अच्छा निर्णय लेती है तो उसके परिणाम भी अच्छे आते हैं। भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। आज भाजपा शासन काल में कहीं दंगे नहीं होते बल्कि पूरे उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो गए हैं। उनकी सरकार ने अयोध्या का ऐसा विकास कराया है कि आज जो लोग भगवान राम के दर्शन करने अयोध्या जाते हैं उन्हें भगवान राम के समय की अयोध्या धरती पर उतरी हुई नजर आ रही है।

दिल्ली-एनसीआर में दो दिन और बरसेंगे बदरा

नई दिल्ली। गर्मी से परेशान दिल्ली-एनसीआर के लोगों को आज थोड़ी राहत मिली। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में तेज हवाओं के साथ बारिश ने दस्तक दी। दोपहर से आसमान में घने बादल छाए हुए थे और दिन में ही अंधेरा छा गया था।

शाम होने तक दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में तूफान के साथ बारिश शुरू हुई। इस दौरान आसमान में बिजली भी कड़क रही थी। बारिश के बीच कई बार बिजली की गरज सुनाई दी। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक है। बारिश होने से शाम को तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कम आई है। हल्की ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया है। वहीं राजधानी में खराब मौसम के कारण 16 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। इनमें सात इंडिगो, दो विस्तारा, छह एयर इंडिया और एक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट है।

विपक्षी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं : राजनाथ

- कांग्रेस पर लगाया तानाशाह होने का आरोप

नई दिल्ली। देश में इन दिनों चुनावी सरगर्मी तेज है। भाजपानीत गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर इस लोकसभा चुनाव में उतरा है, जिसका मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने अपना गठबंधन बनाया है। हालांकि विपक्षी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम के रूप में नरेंद्र मोदी के चौथे कार्यकाल की भी भविष्यवाणी की है। दरअसल, एक साक्षात्कार में सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। वे हैं और रहेंगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के उद्देश्यों और लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी पर भी चर्चा की। साक्षात्कार के दौरान राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल और आगामी चुनाव में भाजपा की जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। इस साक्षात्कार में रक्षा मंत्री ने आगे भाजपा के उद्देश्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा के रूप में काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हम न्याय सभी के लिए तुष्टिकरण किसी का नहीं इस तरह से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें भारत को विकसित भारत बनाना है। अगर हमने 400 पार का लक्ष्य तय किया है तो हम आश्वस्त हैं कि हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे। इस दौरान जब उनसे प्रतिपक्ष के इस दावे कि सारी संस्थाओं को भाजपा ने अपने कब्जे में ले लिया है, को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे ऐसा कह कर वे देखें कि भाजपा ने अदालत को कब्जे में ले लिया है। क्या हम अदालत से कहते हैं कि फलां व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाए। ये आरोप बिल्कुल बेबुनियाद और निराधार हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत के आधार पर हम अपना लक्ष्य तय करते हैं। हमने 2014 के चुनाव में भी इसे समझा था और इस बार भी किया है। इसी के आधार पर हमने 400 पार का लक्ष्य तय किया है। आगे बोलते हुए उन्होंने विपक्ष के आरोप कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है और देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है, को खारिज किया।

मोदी के पास दस साल का रिकॉर्ड और 25 साल की प्लानिंग है : शाह

अलवर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अलवर की जनसभा में कहा कि दस साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव दिखने वाले कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के पास दस साल का रिकॉर्ड है और 25 साल की प्लानिंग है, इसलिए मोदी जी को चुनना है। उन्होंने कहा कि मैं इस वीरभूमि की माताओं से, वीरांगनाओं से मैं कहने आया हूं कि कांग्रेस ने वन रैंक वन पेंशन का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। आपने 2014 में जब मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाया, तब उन्होंने वन रैंक वन पेंशन का वादा पूरा कर देश के जवानों और उनके परिवारों का सम्मान किया। शाह ने कहा कि बीते 10 वर्ष में मोदी जी ने असंभव दिख रहे कार्यों को पूरा किया है। 10 साल का मोदी जी के पास रिकॉर्ड है और आने वाले 25 वर्षों की प्लानिंग है।

काशी में बने श्रीरामलला, अयोध्या में पूजन के बाद नीदरलैंड में होंगे स्थापित

- कन्हैयालाल शर्मा बना रहे हैं तीन पीढ़ियों से मूर्तियां

वाराणसी। अयोध्या में विराजे भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर में इनकी ख्याति बढ़ी है। यही वजह है कि भारत ही नहीं विदेशों में भी उनकी प्रतिमा स्थापित होने की तैयारी शुरू हो गई है। पहली प्रतिमा नीदरलैंड में हनुमान मंदिर में लगेगी।

प्रभु श्रीरामलला की ये प्रतिमा काशी में बनी है। इसी माह इस प्रतिमा की अयोध्या में पूजा होगी और इसके बाद नीदरलैंड में इसे स्थापित किया जाएगा। काशी में 5.10 फीट की प्रभु श्रीरामलला की प्रतिमा दो माह में बनकर तैयार हुई है। ढेलवरिया स्थित मूर्ति कारखाने में मूर्तिकार कन्हैयालाल शर्मा ने 10 सहयोगियों के साथ इस प्रतिमा को बनाया है। यह प्रतिमा अयोध्या में स्थापित श्रीरामलला की ही प्रतिरूप है, जो ब्लैक ग्रेनाइट से बनी है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापित होने के बाद हमारी इच्छा थी कि वैसी ही प्रतिमा बनाएं। इसी बीच इसका ऑर्डर मिल गया। इंटरनल ब्लिस फाउंडेशन के डायरेक्टर राहुल मुखर्जी ने बताया कि श्रीरामलला की इस प्रतिमा की पहले अयोध्या में पूजा होगी। इसके बाद नीदरलैंड में हनुमान मंदिर में इसे स्थापित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक स्वामी अखंड सम्राट आनंद महाराज के सानिध्य में विश्व के कई देशों में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नीदरलैंड के बाद जर्मनी, इटली, अमेरिका, कनाडा, बेल्जियम, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में स्थापित करने की तैयारी है। राहुल मुखर्जी ने बताया कि 24 इंच की भी श्रीरामलला की प्रतिमा बनाई जाएगी। रुद्राभिषेक के लिए इस प्रतिमा का विग्रह बनाया जाएगा। कन्हैयालाल शर्मा की तीन पीढ़ियां इस पेशे में लगी हैं।

ईवीएम और वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने

शनिवार को जनपद में विद्यमान समस्त आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम और वीवीपैटों का प्रथम रेंडमाइजेशन का पूरा कर लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैटों का रेंडमाइजेशन कार्य कराया गया।कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन हुआ, जिसके तहत जिले के कुल बूथ 2890 के सापेक्ष 125 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट,125 प्रतिशत बैलेट यूनिट और 135 प्रतिशत वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन में मशीनों को विधानसभावार आवंटित कर दिया गया। बताते चले की दूसरे रेंडमाइजेशन में इन मशीनों का बूथवार आवंटन होगा।

इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (ईवीएम) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफअहमद सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा राजनीतिक दलों के जुड़े हुए प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा करंट भी लगाया और उसके बाद हो गयी मौत

- परिवार ने लगाया पुलिस पर आरोप
- रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया
- सुबह गांव में फैल गया तनाव परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए
- सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया करने लगे हंगामा
- सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई पुलिस अफसर भी सक्रिय हो गए
- आसाराम के परिजनों और ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश

अवधनामा ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मितौली क्षेत्र में गला दबाकर पांच साल की बच्ची अंशू की हत्या के मामले में पूछताछ

को हिरासत में लिए गए व्यक्ति की मौत हो गई उसकी मौत के बाद आक्रोश फैल गया आक्रोशित लोगों ने शनिवार सुबह करीब आठ बजे लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कस्ता चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया पुलिस की पिटाई से मौत होने का आरोप लगाया लोगों की भीड़ जुटने पर स्थिति इतना बिगड़ गई कि पीएसी को बुलाना पड़ा करीब छह घंटे तक सड़क पर जमकर हंगामा किया। अफसरों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए इसके बाद जाम खुल सका तीन अप्रैल को पकरिया जलालपुर गांव में लापता पांच साल की बच्ची अंशू की गला दबाकर हत्या की गई थी। लापता होने के 26 घंटे के बाद उसका शव घर से महज 100 दूरी पर बरामद हुआ था इस मामले में ही पुलिस ने गांव के ही आसाराम को हिरासत में लिया था रात में आसाराम की मौत हो गई इससे पुलिस में खलबली मच गई पुलिस का कहना था कि बच्ची की हत्या में शुक्रवार की शाम चार बजे आसाराम को थाने लाया गया आसाराम का पेट खराब था उसको सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई आसाराम के परिजन ने आरोप लगाया कि मितौली थाना परिसर में पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा करंट भी लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब मौत हो गई, तब हम लोगों को सूचना दी। रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया था। सुबह गांव में तनाव फैल गया। परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए। सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई। पुलिस अफसर भी सक्रिय हो गए आसाराम के परिजनों और ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश था। परिजन दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। भीड़ में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। एएसपी, सीओ समेत कई अफसर और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे कस्ता चौराहे पर लगे भीषण जाम को खुलवाने पहुंचे एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने हेलमेट पहनकर मोर्चा संभाला। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को रोका तो भिड़ने को तैयार हो गए पुलिस से नोकझोंक के साथ धक्कामुक्की भी हुई पुलिस ने लोगों को कस्ता चौराहे पर जाने से रोकने का प्रयास किया। इससे लोग और आक्रोशित हो गए। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतक की पीठ पर चोटों के निशान भी दिखाए। तनाव देखते हुए पीएसी भी बुला ली गई।

इलेक्ट्रॉल बॉण्ड पर श्वेत पत्र जारी करें भाजपाः तिवारी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। राज्य सभा में कांग्रेस दल के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि आजाद भारत में इलेक्ट्रॉल बॉण्ड सबसे बड़ा चंदा घोटाला है, जिस पर भारतीय जनता पार्टी को एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए संपूर्ण राष्ट्र से क्षमा याचना करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत हासिल कर केन्द्र में अपनी सरकार बनायेगा।

राज्य सभा में उपनेता प्रमोद तिवारी आज यहां चकरोता रोड स्थित कांग्रेस के पीसीसी मेम्बर व पूर्व जिलाध्यक्ष जावेद साबरी के आवास पर पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ईडी, सीबीआई व इन्कम टैक्स का भय दिखाकर हफ्ता वसूली या डोनेशन वसूल करने का काम किया, जिसका खुलासा अभी इलेक्ट्रॉल बॉण्ड घोटाले के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को इलेक्ट्रॉल बॉण्ड पर श्वेत पत्र जारी कर राष्ट्र को बताना चाहिए कि उसने किस किस से कितना चंदा लिया और कब लिया। श्री तिवारी ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी इसका स्रोत नहीं बताती, तो सर्वोच्च न्यायालय को इसकी जांच करानी चाहिए, ताकि सब कुछ देश की जनता के सामने आ सकें।

15 मार्च को चंदेना गांव में गरजेंगे रालोद सुप्रीमों जयंत चौधरी

सहारनपुर। रालोद मुखिया जयंत चौधरी गांव चंदेना कोली में जाट बाहुल्य क्षेत्र में आयोजित जनसभा को 15 अप्रैल को संबोधित करेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। गांव चंदेना कोली में हैलीपैड का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने बताया कि रालोद मुखिया जयंत चौधरी भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल के समर्थन में चुनावी सभा करके जाट बिरादरी को साधेंगे, क्यों की यह क्षेत्र जाट बाहुल्य क्षेत्र है। जिसमें लगभग 20 से 25 गांव जाट बिरादरी के है। उन्होंने सभी किसान, मजदूर, युवाओं, माता बहनों से आह्वान किया कि वह अपने नेता के ओजस्वी विचारो को सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

सपा ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम कियाः आनंद

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। धौरहरा संसदीय क्षेत्र के तहत मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इस मौके पर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान सपा सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में हुए विकास कार्यों को ग्रामीणों के बीच में रखा गया। विधान सभा क्षेत्र के पसगवां ब्लॉक के बरबर कस्बे सहित गुरुदेव खेड़ा, अलियापुर, अजवापुर, भोगीपुर, असौवा, गुलौली, पाल अभयकचनार, शाहपुर आदि गांवों में सपा की जन सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि सपा बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। उत्तर प्रदेश में

जब-जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, तब-तब आमजन में खुशहाल थी। सपा सरकार में 108 और 102 नंबर की एंबुलेंस सुविधा मिली। छात्रों को लैपटाप और कन्या विद्याधन योजना से लाभान्वित किया गया। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद दाऊद अहमद ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आती है, तो हर वर्ग की समस्याओं का समाधान होंगा। उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार में विकास के सही मायने दिखाएंगे। लेकिन उसके लिए सभी मतदाताओं को सही तरीके से अपने मत का इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि जन संपर्क के दौरान सपा को सर्वसमाज का सहयोग मिल रहा है। मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होंने इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया को वोट देकर देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। जनसभाओं को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव सहित पूर्व नगर पालिका प्रभारी कार्तिक तिवारी, डॉ. जुबेर, प्रवीण पटेल, क्रांति कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया।

मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भड़काऊ, भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों के मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किये जाने से रोकने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।डीएम ने बताया कि आयोग के अनुसार, किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से पूर्व प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। डीएम ने अवगत कराया है कि आयोग द्वारा चतुर्थ चरण में जनपद खीरी की 28-खीरी लोकसभा और 29-धौरहरा लोकसभा के लिए आवेदकों को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि 12 एवं 13 मई से न्यूनतम 02 दिन पूर्व कलेक्ट्रेट स्थित जिला सूचना कार्यालय, लखीमपुर खीरी में स्थापित एमसीएमसी समिति (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना जरूरी होगा।

दस्तावेजों का नोटरी कराने वाले हो जाए सावधान

सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से संबंधित दस्तावेज, शपथ पत्र इत्यादि को नोटरी कराने से पहले यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि संबंधित नोटरी का नवीनीकरण हो, तभी अभिलेखों का नोटरी करवाये।

अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण सहित किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी -गोला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम वसलीपुर से कुकरा जाने वाले मार्ग मे जंगल के अन्दर अवैध शस्त्र निर्माण करते समय अभियुक्त संजय उर्फ पप्पू पुत्र बेचेलाल नि0 ग्राम गदियाना थाना गोला जिला खीरी को भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण सहित थाना गोला खीरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 295/2024 धारा 3/5/25 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए मोदी और योगी के नेतृत्व की जरूरतः राघव

सहारनपुर। भाजपा के सहारनपुर लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए देश को निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओ की जरूरत है। राघव लखन पाल शर्मा आज यहां रामपुर मनिहारान के गांव कुराली में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मां को विश्व में विश्व गुरु का मान और सम्मान वापिस दिलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का साथ देना चाहिए। भारत को उसका वैभव और विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा को जिताना जरूरी है क्योंकि दंगों के दौरान समाज को बचाने के लिए भाजपा के सिपाही ही खड़े होते हैं। रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि जब वह कुराली जैसे विशाल गांव की दुर्दशा देखते थे तो ये ख्याल आता था कि कुराली और सोना अर्जुनपुर विकास में पिछड़े हुए क्यों है। श्री निम ने कुराली एवं सोना अर्जुनपुर में करोड़ो रुपए की लागत से हो रहे कार्यों की जानकारी भी दी। रामपुर मनिहारान विधायक का कहना था कि भाजपा को सर्वाधिक वोट इन्हीं क्षेत्रों से मिलते रहे है और लोकसभा चुनाव में राष्ट्र निर्माण में रामपुर मनिहारान विधान सभा के लोग अग्रणी भूमिका निभाएंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। उन्होंने डबल इंजन की सरकार से विकास को मिली गति को भी विस्तार से समझाया।

बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

बाबा साहब जैसे व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेते है और उनकी प्रासांगिकता सदा बनी रहती हैः फजलुर्रहमान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। डा. अंबेडकर प्रगतिशील युवा मंच द्वारा बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर के 133वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। डा. अंबेडकर प्रगतिशील युवा मंच के तत्वावधान में निकाली गयी शोभा यात्रा का शुभारंभ कौशल कुमारी पत्नी स्वर्गीय बाबू लाल गौतम ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया। शोभा यात्रा प्रगति बुद्ध विहार, जाटव नगर से प्रारंभ हुयी। जो रांघडो का पुल, रेंच का पुल, अंबाला रोड, घंटाघर, बाब साहेब अंबेडकर मार्ग से होती हुई जीपीओ रोड, महाराजा अग्रसेन, रेलवे स्टेशन, गुरुद्वारा रोड से दर्पण सिनेमा, बुड्डी माई चौक होते हुए प्रगति बुद्ध विहार पहुंची। शोभा यात्रा में युवाओं में उत्साह का माहौल था। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण बाबा साहब डाक्टर भीम राव अंबेडकर की झांकी रही। इसके अतिरिक्त तथागत बुद्ध संत शिरोमणी गुरू रविदास, शक्तिशोधक समाज के

संस्थापक ज्योतिराव फुले, मा.कांशीराम की झांकी ने अपनी और आकर्षित किया। इससे पूर्व बोधिसत्य भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की शोभा यात्रा में भीम ज्योति विद्या देवी पत्नी स्वर्गीय बाबूराम ने प्रज्जवलित की, तत्पश्चात बुद्ध वंदना भंते शीलान्द एवं भिक्षुकी धम्मनन्दा ने संयुक्त रूप से कराई। इस अवसर पर नवनिर्मित तथागत गौतम बुद्ध द्वार का उदघाटन सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने किया। सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बाबा साहब जैसे व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेते है और उनकी प्रासांगिकता सदा बनी रहती है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष कर्म सिंह गौतम, उपाध्यक्ष राजकुमार राजा, महासचिव रजत किशोर गौतम, कोषाध्यक्ष जेआर मार्शल बिट्टू, उपसचिव मनीष गौतम, व्यवस्थापक सुरेंद्र गौतम, पार्षद नितिन सिंह जाटव, पीएम बरुआ, प्रेम सिंह बौद्ध, सुरेंद्र सिद्धार्थ, संजय गौतम, अनिल कुमार, सुरेंद्र बौद्ध, प्रेस प्रवक्ता पारस कर्दम, भगत राज, रोहित बौद्ध, शरद गौतम, सिद्धार्थ, पुष्पक सिद्धार्थ, विजय गौतम, भूषण कुमार, मन्नू बौद्ध,गौरव, अभिषेक जाटव सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इम्पलॉईज एसोसिएशन द्वारा सहारनपुर मे आज बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा बाबा सहाब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यकम में ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इम्पलॉईज एसोसिएशन के शाखा सचिव नीरज कुमार, चंद्रभान, प्रेम सिंह, पंकज कुमार, सोंम चंद्र, नीरज कुमार, अमित कुमार, नलकेश, बृजेश कुमार, रामदेव प्रसाद के अलावा ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इम्पलॉईज एसोसिएशन के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

मोदी ने किया भारत को भ्रष्टाचार से मुक्तः केशव प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 500 वर्ष बाद इस बार रामनवमीं पर रामलला भव्य मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है और भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य आज भाजपा जिला कार्यालय पर लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश को एक करने का काम किया है। आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान से आतंक निर्यात होता था जो अब अपनी अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। जबकि विपक्ष अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए तरह तरह के प्रपंच कर रहा है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप लगे और कांग्रेस के ही एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह केंद्र से यदि एक रुपया भेजते हैं तो 15 पैसे ही लाभार्थी तक पहुंचते है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन योजना में गरीबों के खाते खुलवाकर विभिन्न योजनाओं का पैसा पूरे का पूरा भेजने का काम किया है जिसमे 1 पैसे का भ्रष्टाचार नही होता। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल बाबा साहेब की जयंती है और हम सभी भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धाभाव से बाबा साहेब को अपना आदर्श मानते हुए उनकी परिकल्पना का भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रिजल्ट कार्ड पाकर प्रफुल्लित हुए नौनिहाल

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। श्री सर्वेश्वरी विद्यापीठ नट्वीरपुरम सोहाँस के प्रांगण में समस्त बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया गया और कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान पाने वाले बच्चों को सम्मानित भी

परीक्षाफल वितरण समारोह व अभिभावक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कहोबा पुलिस चौकी के प्रभारी शिव लखन सिंह के द्वारा बच्चों व अभिभावकों से सीधा संवाद किया गया, चौकी इंचार्ज द्वारा कहा गया कि हम सभी को एक साथ मिलकर इन प्यारे नौनिहालों के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है, इनको शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाना है, जिससे ये समाज के दर्पण बन सके। परीक्षाफल वितरण समारोह में किया गया। प्रबन्धक हरीश पाण्डेय ने अभिभावकों से आग्रह किया कि विद्यालय का सहयोग करें और इन बच्चों को घर पर भी एक अनुशासन दें, जिससे इन बच्चों का बहुमुखी विकास किया जा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कहा गया कि आप सभी बच्चों को नियमित विद्यालय जरूर भेंजे, जिससे किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। हेड कांस्टेबल धनंजय सिंह द्वारा बच्चों के अनुशासन व विद्यालय की व्यवस्था को देखकर समस्त शिक्षकों की सराहना की गई। दीपक पाण्डेय द्वारा कहा गया कि विद्यालय द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है ऐसे आयोजनों से बच्चों को एक अलग सा माहौल भी मिलता है। इस समारोह में लगभग सैकड़ों अभिभावक व माताएं उपस्थित थी। अभिभावकों द्वारा विद्यालय की पूरी व्यवस्था पर काफी खुशी व्यक्त की गई और कहा गया कि स्कूल जैसा होना चाहिए वैसा ही ये स्कूल है। विद्यालय के हरे-भरे वातावरण व खेलकूद के मैदान को देखकर सभी ने भूरि-भूरि प्रसंशा की। विद्यालय के प्रबन्धक हरीश पाण्डेय द्वारा चौकी इंचार्ज शिव लखन सिंह, हेड कांस्टेबल धनंजय सिंह व दीपक पाण्डेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एल पी मिश्रा, पूजा, किरन, प्रज्ञा, ज्योति, मुस्कान, रेशमी, अन्तिमा, सुरभि आजाद आदि सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया गया।

निर्वाचन कार्यों में लगे वाहनों की जीपीएस रहे ऑन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के पोलिग बूथों का भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन में जो जिम्मेदारी दी गई है उसको उत्साह और मनोयोग के साथ निभाना है।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव कार्यों के लिए प्रदान किए उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट 14 अप्रैल को अपने सेक्टर के सभी बूथों का निरीक्षण करके 15 अप्रैल को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शौचालय, प्रकाश, फर्नीचर, पेयजल, रैम्प सहित समस्त बुनियादी सुविधाओं की जांच कर लें। साथ ही साथ भ्रमण के दौरान यह भी देख लें कि एक केंद्र से दूसरे केंद्र तक जाने में कितना समय और कितनी दूरी पर स्थित है। यदि पहुंच मार्ग असुविधाजनक हो तो उसके संबंध में भी अवगत कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा की बूथ के आस पास और रास्ते में विद्युत तार लटके हो तो उसकी भी जानकारी दें।

डीईओ ने निर्देश दिए कि वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। घरों पर जाकर जांच भी करें कि वितरण हुआ है या नहीं। निर्वाचन कार्यों में लगे वाहनों की जीपीएस ऑन रहनी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक बूथ पर महिलाओं की सुविधा के लिए एक महिला कर्मचारी भी उपस्थित रहेगी।

निर्माणाधीन पुल के एपरोच बनाने के लिए बिना अनुमति ठेकेदार ने कराई थी खुदाई

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चल रही कार्यवाही में मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल हुई। खनन अनुभाग की टीम ने मनकापुर में साधारण बालू का 674 घनमीटर अवैध स्टॉक बरामद किया है। साथ ही, मनकापुर के केशवपुर ग्रन्ट पश्चिमी में 17,331 घनमीटर मिट्टी के अवैध खनन का भी खुलासा हुआ है। निर्माणाधीन पुल के अपरोच बनाने के लिए बिना अनुमति ठेकेदार ने यह खुदाई कराई थी। फिलहाल, दोनों ही मामलों में कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खान अधिकारी गोण्डा अभय रंजन ने बताया कि इन्हें नोटिस भेजकर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं, दो अन्य मामलों में बालू और गिट्टी के बिना अनुमति परिवहन के मामलों में करीब एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खनन विभाग की टीम की जांच में गोण्डा-मनकापुर रोड पर मनकापुर थाने के पास सोमवार को ट्रेलर रजि0 नं0 UP42DT7778 को पकड़ा गया। इस पर डोलो स्टोन गिट्टी लगभग 34 घनमी0 लोड पाया गया। बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन करते हुए पाया गया। इसका 57,640

रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में गोण्डा-अयोध्या रोड पर दर्जी कुआं के पास ट्रक रजि0 नं0 UP42BT3178 में 35 घनमीटर बालू लोड पाई गई। इसका भी कोई वैध अनुमति के परिवहन करने की पुष्टि न होने पर 38,650 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

55 घनमी. की अनुमति, 729 घनमीटर का स्टॉल मिला

टीम के मनकापुर से वापस आते समय ग्राम बल्लीपुर में रोड़ से लगभग 100 मी0 की दूरी पर साधारण बालू का अवैध स्टॉक पाया गया। 27म18 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 1.5 मीटर की ऊँचाई में लगभग 729 घनमीटर में साधारण बालू पाया गया। मौके पर उपस्थित अनिल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स सिंह ट्रेडर्स (जी0एस0टी0 नं0-09BGZPS1911EwZY) नाम का उनका फर्म है, व सरिया सीमेंट की दुकान है। फर्म स्वामी द्वारा बताया गया कि बालू संचालित पट्टे से खरीदकर भण्डारित किया गया है, व लगभग 55 घनमीटर के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत कर सका। इससे स्पष्ट है कि फर्म स्वामी द्वारा लगभग 674 घनमीटर बालू का भण्डारण अवैध रूप से किया गया है। खान अधिकारी ने बताया कि सम्बन्धित फर्म स्वामी को नोटिस के माध्यम से अवसर देने के उपरान्त नियमावली-2018 के नियम-13 के अनुसार पांच लाख रुपये का जुर्माना सहित खनिज मूल्य व रायल्टी अधिरोपित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जिले में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी : शैलेंद्र कुमार सिंह

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने बैठक में ओवर लोडिंग पर सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिए कि टोल टैक्स से निरंतर ओवर लोडिंग का डाटा लेते हुए कार्यवाही करे। हिट एंड रन मामले में गुड सेमिरिटन को चिन्हित करते हुए उन्हें लाभान्वित/ सम्मानित करे। हिट एंड रन मामले में थानों से समन्वय स्थापित करते हुए पोर्टल पर ससमय फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। वृंदावन तथा गोवर्धन में संचालित ई रिक्शा को रूट अनुसार चलाते हुए उनपर क्यू.आर. कोड तथा रेट के पोस्टर चस्पा करे। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा बैठक में अधिकाधिक लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता फैलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी आदि में पेन्टिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि के माध्यमों से सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होंने स्कूल एवं कॉलेजों में बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी वीडियो दिखाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी आदि में मेडिकल एवं हेल्थ कैम्प लगाकर जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा सफर को सुरक्षित बनाने का कार्य करे। स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी आदि में संचालित वाहनों की फिटनेस, प्रदूषण तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स, चरित्र प्रमाण पत्र आदि के सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब हम सावधान रहेंगे तो हमारा परिवार भी सुरक्षित और खुशहाल रहेगा। जिलाधिकारी ने सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने, जगह जगह पर साइन बोर्ड लगवाने, एक्सीडेंट का सर्वे आदि के निर्देश दिए। श्री सिंह ने लगातार सघन वाहन चेकिग अभियान चलाकर हेलमेट व सीटबेल्ट आदि की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन तथा पुलिस विभाग को सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए हेलमेट चेकिग व सीटबेल्ट को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये।

मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी है

हरदोई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज गाँधी भवन में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सौजन्य से जनपद के उद्यमी, व्यापारी, मेडिकल स्टोर बन्धुओं की जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि कहा कि सभी लोग स्वयं व अपने परिवार के साथ वोट अवश्य करें, क्योकि मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी है और पूर्व के चुनाव में कम मतदान को हम सभी को गंभीरता से लेते हुए मतदान में जनपद को शीर्ष पर लाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद की वोटर लिस्ट को बेहतर बनने का प्रयास किया गया है। जेन्डर रेशियो व इपी रेशियो बढ़ा है। महिलाओ, युवाओं व दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है। मतदान केन्द्रो को सजाया जा रहा है। सभी लोग 13 मई को मतदान करने अवश्य जाए क्योंकि एक और एक मिलकर ही ग्यारह होता है।

मरीज बनकर सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, एक दलाल गिरफ्तार, प्रभारी को नोटिस

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दलालों की सक्रियता होने की काफी शिकायत चर्चा में बनी रहती हैं। लगातार शिकायत को देखते हुए सीएमओ ने एक नया तरीका अपनाया जिसमें लोगो की शिकायत पर मुहर लगी। अस्पताल में एजेंटों का बोल बाला दिखा इतना ही नही एजेंट डॉक्टरों के नाम पर ही इलाज करते है और मोटी रकम वसूलने का काम करते मिले।

जानकारी के मुताबिक रामकोला सीएचसी की शिकायत को सीएमओ सुरेश पटरिया ने इसको गंभीरता से लेते हुए शनिवार को सुबह प्राइवेट वाहन से कुर्ता पैजामा, हवाई चप्पल, सफेद गमछा काला चश्मा लगाए मरीज के रूप में अस्पताल पहुंचे। सरकारी पर्ची लेने के बाद सीएमओ मरीजों के लाइन में लग गए। डॉक्टर के एजेंटों ने सीएमओ को लाइन में बैठने को कहा। प्रतीक्षा करने के बाद भी डॉक्टर इलाज नही किए तो पुनः दूसरा पर्ची लेकर चिकित्सा प्रभारी के पास गए, चिकित्सा प्रभारी ने मरीज के रूप में बैठे सीएमओ इलाज करते हुए दवा लिखे और जांच कराने की बात कहे। इस डॉक्टर के पास भी एजेंट मौजूद था। उसके बाद दवा लेने के लिए पहुंचे। वहां भी एक प्राइवेट युवक के द्वारा दवा दी जा रही थी। वहां दवा भी लिए फिर आगे डॉक्टरों के आवास पर पर पहुंचे जहां एजेंट मरीजों का इलाज करते मिले इस तरह की अस्पताल में लापरवाही देखने के बाद सीएमओ ने एजेंट को स्वयं पकड़कर पुलिस को सौप कार्रवाई कराने का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देने के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किए। सीएमओ सुरेश पटरिया के इस तरह निरीक्षण से अस्पताल में हड़कंप मच गया। सभी एजेंट अस्पताल परिसर छोड़कर फरार हो गए। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों ने पैसे वसूलने की बात कही। मरीजों का कहना है कि इस सरकारी अस्पताल में इलाज के नाम पर वसूली हो रही है। हम लोग गरीब है दूर से आए है कहा से पैसे लाए। सरकार फ्री में इलाज करने की बात कह रही है लेकिन इन सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों के सह पर एजेंटों का बोलबाला है। क्या करें इलाज तो कराना ही है। वही टीबी रोग से ग्रसित इलाज कराने अस्पताल आई महिला से भी दो हजार रूपए इन एजेंटों के द्वारा ले लिया गया परेशान महिला ने अपनी पीड़ा को बताया।

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सीएमओ उठाया कदम

सीएमओ सुरेश पटरिया ने बताया कि मुझे शिकायत मिली थी और मैं खुद मरीज बन भेस बदला। इसके बाद पाया कि यहां पर लोगों की शिकायत सही हैं। प्राइवेट लड़के यहां दलाली करते दिखे। एक को मैंने पकड़ कर पुलिस को सौंपा है। बाकी भाग निकले लोगों की भी पहचान कराई जा रही है। साथ ही सीएचसी प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है सभी पर सख्त कार्यवाही होगी।

तहसील महावन के कर्मियों की मनमानी के चलते नहीं बना जाति प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। तहसील कर्मियों की मनमानी के चलते जाति प्रमाण पत्र न बन सका जिसकी शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों से की गई है। कस्बा बलदेव निवासी मीनाक्षी वर्मा ने अपना जाति प्रमाणपत्र बनवाने को 12 मार्च को ऑन लाइन आवेदन किया था जिसे तहसील महावन के कर्मियों ने मायके की रिपोर्ट संलग्न न लिख कर आवेदन को निरस्त कर दिया जबकि आवेदन के साथ अध्ययन काल का व पिता का जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न किया गया था।

तहसील कर्मियों को मनमानी के चलते जाति प्रमाण पत्र नही बन सका। इस आशय की शिकायत अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, कमिश्नर आगरा, जिलाधिकारी मथुरा से की गई है। जबकि मायके की रिपोर्ट लगाने का कोई शासनादेश भी नहीं है।उइस आशय की शिकायत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की गई तो उसे भ्रामक तरीके मांग श्रेणी दिखाकर 10 अप्रैल को कार्यालय तहसीलदार के द्वारा स्पेशल क्लॉज में खत्म कर दिया गया है, जिससे शिकायत कर्ता अंसतुष्ट फीडबैक दर्ज न कर सके। शिकायत कर्ता का कहना है कि साक्ष्य के रूप में आवेदन के साथ प्रार्थिया द्वारा अपने अध्ययन काल का जाति प्रमाण पत्र संलग्न किया गया था। साथ ही अपने पिता जी का भी जाति प्रमाण पत्र संलग्न किया गया था ।क्या ये प्रयास साक्ष्य नहीं हैं। यदि मायके की आख्या आवश्यक थी तो आवेदन की गई तहसील से सम्बंधित तहसील द्वारा ऑनलाइन ली जानी चाहिए थी। अगर मायके की रिपोर्ट लगवाना आवेदक द्वारा ही अनिवार्य है तो उसका शासनादेश उपलब्ध कराया जाए। शासन की छवि को धूमिल करने वाले लेखपाल सहित अन्य दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से भी की है।

बैसाखी खुशियों, समृद्धि व संकल्प का त्यौहार है : तरनपाल सिंह

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्साह, उमंग, खुशियों और संकल्प का त्यौहार खालसा साजना दिवस बैसाखी परम्परागत उल्लास और उत्साह के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही गुरूद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब धार्मिक जयकारों के जाप से गूंजता रहा। गुरूद्वारा में बैसाखी पर श्रद्धालुओं ने अखण्ड पाठ में भाग लिया।गुरूद्वारा में सजे दरबार के दौरान रागी जत्थे द्वारा मधुर शब्द कीर्तन गायन किया गया।बच्चों ने धार्मिक कविता, पाठ में भी भाग लिया। इस अवसर पर गुरूद्वारा में आने वाली सभी संगत, श्रद्धालू,स्त्री, नौजवान, बड़े,बूड़े और बच्चों ने सभी के भले की सुख समृद्धि के लिये सभी की खुशियों के लिये अरदास की।

वैशाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुये गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने बताया कि बैसाखी मुख्य रूप से समृद्धि, खुशियों और संकल्प का त्योहार है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। श्री गुरुगोविंद सिंह जी ने बैसाखी के विशाल समागम में कौम के लिए शहीदी के जजबे की पांच सिक्खों की परीक्षा ली गुरु और सिक्ख धर्म के प्रति पांच सिक्खों की निष्ठा और समर्पण को देखते हुये गुरू साहिब ने उन्हें अमृत छकाया और पांच प्यारों का नाम दिया।पांच प्यारों को अमृत छकाने के बाद गुरू साहिब ने स्वयं भी पांच प्यारों से अमृत गृहण किया।अमृत छकाना एक तरह से धर्म और देश के खातिर कुर्बानी के लिए तैयार रहने के लिए संकल्प था। उन्होंने बताया कि आज के दिन ही गुरूद्वारा में नवजात बच्चों का नामकरण कराके बच्चों को अमृतपान कराया जाता है। इस पावन मौके पर गुरूद्वारा के मुख्य ग्रन्थी ने नवजात बच्चों का नामकरण किया व उनको अमृतपान कराया। इस अवसर पर गुरूद्वारा प्रबन्ध कमेटी के पदाधिकारियों ने बैशाखी पर्व व गुरू पर्व की सभी को बधाई दी और अखण्ड पाठ साहिब करवाने वाले बलविंदर सिंह व दीपिंदर अरोड़ा व लंगर सेवा करवाने वाले परिवार सरदार दीपू अरोड़ा को सिरोपा भेंट किया एवं गुरूद्वारा में सभी के भले की अरदास की गयी जिसमें विनती की गयी कि सभी के दुखों का नाश हो सभी सुखी रहें सभी की शुभ मनोकामनायें पूरी हों।

लिटिल एंजेल्स स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि डॉक्टर एस के अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

कार्यक्रम में दादा-दादी व नाना-नानी के लिए विभिन्न खेल व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, दादा-दादी व नाना-नानी के लिए कक्षा 1 व 2 के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई, खेल व प्रतियोगिताओं में विज्ञापन की टैगलाइन से विज्ञापन को पहचानना, चौपाई की पंक्तियों को पूरा करना, धार्मिक व पौराणिक कथाओं से जुड़े प्रश्न उत्तर, कला प्रतियोगिता व हाउजी आदि रहे जिन कार्यक्रमों में सभी दादा-दादी नाना-नानियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व उपहार जीते, संगीत सुनकर गाना पहचान के राउंड में सभी ने आनंद उठाया व फिल्मी गाने पहचान कर गाये । विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल ने ग्रैंड पैरेंट्स डे आयोजित करने के पीछे बच्चों के विकास में दादा-दादी व नाना नानी की कहानी उनके द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले संस्कार व अच्छा आचरण आदि के लिए धन्यवाद देने का एक छोटा सा जरिया बताया, इस कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी ग्रैंडपेरेंट्स का धन्यवाद करते हुए कहा दादा-दादी व नाना नानी सभी बच्चों के लिए किसी खजाने के जैसे हैं जो अपने बच्चों को अच्छे संस्कारों से सिंचित करते रहते हैं, इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीना रानी ने किया।

भाजपा द्वारा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद/ फिरोजाबाद। फ़िरोज़ाबाद लोकसभा क्षेत्र के शिकोहाबाद विधानसभा क्षेत्र में रामेश्वरम रिसोर्ट स्टेशन रोड शिकोहाबाद में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें जुट जाना है और हर बूथ पर प्रचंड बहुमत के साथ विजय हासिल करनी है।

बूथ जीता चुनाव जीता मूल मंत्र पर सक्रिय रहकर हर देवतुल्य कार्यकर्ताओं को कार्य करना है। बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी है। बूथ का देवतुल्य कार्यकर्ता ही लोकसभा फ़िरोज़ाबाद में प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। भाजपा के सभी कर्मठशील बूथ अध्यक्ष फ़िरोज़ाबाद लोकसभा सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है । ऊर्जावान बूथ के कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस और सपा , बसपा को धराशायी करने का कार्य किया हैं। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी यहाँ एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एकत्रित हैं इस कार्यक्रम का एक ही मूल मंत्र है मेरा बूथ सबसे मजबूत। और आप सभी को अपने बूथ में विपक्ष को हराना ही नहीं है बल्कि प्रचंड अंतर से हराना है। बूथ सम्मेलन को लोकसभा संयोजक व्रन्दावन लाल गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह छोटू , पूर्व विधायक ओम प्रकाश वर्मा, अरविंद शर्मा, सुनील शर्मा, विधानसभा संयोजक शिकोहाबाद अवधेश पाठक सीए ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से राजीव गुप्ता , जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता आकाश शर्मा , विष्णु सक्सेना, केशव फोजी , डॉ एस पी लहरी, विजय यादव , जीतू यादव, श्रीनिवास शर्मा मण्डल अध्यक्ष शिकोहाबाद शिवम दीक्षित, दिनेश राठौर, ब्रजेश यादव बाजा, दीपक राजोरिया , रिंकू शर्मा, माधुरी भारद्वाज, नीता धनगर, रश्मि यादव , लक्ष्मी रत्न शुक्ला व सैकड़ों की संख्या में बूथ अध्यक्ष व पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।। मक्खनपुर मण्डल अध्यक्ष ब्रजेश यादव बाजा ने मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी को तलवार भेंट की। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का संचालन सतीश यादव द्वारा किया।

अंबेडकर जयंती : पुष्पांजलि रक्तदान शिविर और शोभा यात्रा आज

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। विश्वरत्न, सिंबल ऑफ नॉलेज दलित मजदूर किसान और महिलाओं को आत्म सम्मान की जिंदगी बसर करने सामाजिक एकता और सामाजिक समरसता के सशक्त प्रहरी भारत रत्न भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर नगर और देहात क्षेत्र में विभिन्न आयोजन होंगे जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता अंबेडकरवादी, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग बाबा साहब के अनुकरणीय कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें भावांजलि पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि देंगे।

विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण अंचलों में आज भावपूर्वक मनाई जाएगी मुख्य आयोजन मथुरा शहर के मध्य डीग गेट स्थित अंबेडकर भवन पर होगा जहां पर शहर भर के अंबेडकरवादी बुद्धिस्ट समाजसेवी और राजनीतिक पार्टियों के लोग महान विचारक और विश्व के पटल पर भारत की अमिट छाप छोड़ने वाले बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी विशाल आदमकद प्रतिमा पर पुष्पमाला और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम प्रातः बेला से ही शुरू हो जाएगा जो दोपहर तक अनवरत जारी रहेगा। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन भूतेश्वर स्थित कार्यालय पर किया जाएगा इस संबंध में फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार राही ने बताया पिछले एक दशक से अंबेडकर जयंती के अवसर पर भारी संख्या में अंबेडकरवादी युवाओं के द्वारा रक्तदान शिविर के माध्यम से तमाम जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने का अनुकरणीय कार्य किया जाता रहा है इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है।

सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। आज रसखान प्रेक्षागृह में दो पालियों में लोकसभा चुनाव में लगने वाले माइक्रो ऑब्जेर्वर का प्रशिक्षण हुआ।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने माइक्रो ऑब्जेर्वर से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी वेबकॉस्टिंग वाले बूथों पर माइक्रो ऑब्जेर्वर रहेंगे। मतदान के दौरान सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। मतदान समाप्ति के बाद निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरकर जमा करें।

पीठासीन अधिकारी व अन्य कार्मिकों के दायित्वों के बारे में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जेर्वर का दूसरा प्रशिक्षण जनरल ऑब्जेर्वर द्वारा किया जायेगा। अनुपस्थित रहने वाले माइक्रो ऑब्जेर्वर को प्रशिक्षण का दूसरा मौका दिया जायेगा। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। उन्होंने कार्मिकों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की।

सपा नेता ज़ैनुल के आवास पर हुआ ईद मिलन समारोह

इटावा अवधनामा ब्यूरो। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एंव साबित गंज वार्ड के सेक्टर प्रभारी ज़ैनुल आबेदीन राईन के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने शिरकत की।ईद मिलन समारोह में सर्व प्रथम समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एंव साबित गंज वार्ड के सेक्टर प्रभारी ज़ैनुल आबेदीन राईन और उनकी पत्नी नीलोफर शैला पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद इटावा ने जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव का प्रतीक चिन्ह व बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया इसके बाद अंशुल यादव सहित सपा नेताओं ने सिवई की मिठास का आनन्द लिया और ज़ैनुल आबेदीन, उनके परिवार सहित समारोह में उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।ईद मिलन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने कहा लोकसभा चुनाव का विगुल बज चुका है समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को ऐतिहासिक जीत दिलाकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करें। ईद मिलन समारोह में सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फरहान शकील, वरिष्ठ नेता एस एम मुस्तकीम, रामबाबू प्रधान, व्यापारी नेता ज़ैनुल आबेदीन, हसन राइन, तहसीनुल आबेदीन अजान, मुजम्मिल राइन, जैद उद्दीन, यासिर रियाज़, जुहेब, शुएब आदि उपस्थित रहे।

समाजसेवियों की पहल से एक बेटी का सपना हो रहा पूरा

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। पिता की मृत्यु के बाद आर्थिक रूप से कमजोर युवती की पढ़ाई का खर्च समाजसेवियों ने उठाया। इसके बाद जब युवती को पढ़ाई के लिए लैपटॉप की आवश्यकता हुई तो शुक्रवार को समाजसेवियों ने युवती को लैपटॉप भेंट करके पढ़ाई जारी रखने और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय ग्राम बंगरा निवासी निशा पुत्री कैलाश का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। पिता मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर पाते थे। इसके बाद भी उन्होंने बेटी के सपनों को कभी मरने नहीं दिया। शिक्षा के प्रति उसकी उत्सुकता को देखकर उन्होंने बेटी का प्रवेश कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बंगरा में करा दिया। वर्ष 2016 में सातवीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान निशा के पिता कैलाश की मृत्यु हो गई। घर के अभिभावक की मृत्यु होने पर परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया। कैलाश के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी निशा की मां रानी देवी के कंधों पर आ गई। किसी तरह उन्होंने बेटी की शिक्षा को जारी रखा। आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वर्ष 2018 में उन्होंने निशा का प्रवेश जालौन बालिका इंटर कॉलेज में कराया। इसी दौरान शिक्षकों के माध्यम से ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन को उसकी कमजोर आर्थिक स्थिति का पता चला तो उन्होंने इंटरमीडिएट तक निशा की पढ़ाई पूरी कराई। इसके बाद होनहार बेटी वर्ष 2022 में कमला नेहरू महाविद्यालय दिल्ली में स्नातक की पढाई के लिए पहुंच गई। उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए उसे लापटॉप की आवश्यकता थी।

हाथियों की मदद से जंगल की ओर खदेड़ा गया बाघ

अवधनामा संवाददाता

बांदा/करतल। कस्बे के निकट बैल का शिकार करने वाले बाघ को पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की निगेहबानी और कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित जंगल भेजा गया। सीमावर्ती मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व का एक नर बाघ बफर क्षेत्र के ग्राम डोभा के निकट स्थित खेत में जाकर एक बैल का शिकार करने के बाद वहीं पास के नाले में झाड़ियां के नीचे छुपाकर बैठ गया। गांव के निकट खेत में बाघ के आने की खबर फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को दी गई फल स्वरुप भारी मशक्कत के बाद हाथियों की मदद से बाघ को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ा गया। पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में गुरुवार को ग्राम डोभा से लगे हुए खेतों में एक बाघ द्वारा बैल का शिकार किया गया था। मामले की जानकारी संबंधित बीट गार्ड द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से दी गई। वन अधिकारियों के द्वारा मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उपस्थित भीड़ को हटाकर किल और बाघ की लोकेशन ली गई। बूडा नाले में बेसरम की झाड़ियां के नीचे बाघ बैठा देखा गया। क्षेत्र संचालक द्वारा मौके पर पहुंचकर उपस्थित वन अमले को आवश्यक निर्देश देते हुए मौके से ग्रामीणों को हटाने के लिए पुलिस चैकी बरछा से पुलिस बल की मदद ली गई। क्षेत्र संचालक ने बताया की डोभा ग्राम में बाघ के हटने तक विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई थी। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को भी हटाया गया। बाघ को सुविधाजनक मार्ग देने के लिए खेतों में से तारबाड़ी भी हटाई गई थी। इसके उपरांत पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रशिक्षित हाथियों की सहायता से उप संचालक और ग्राम एवं वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना टाइगर रिजर्व के निर्देशन में बाघ को जंगल की ओर सुरक्षित खदेड दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि भूख मिटाने के लिए बाघ जंगल से बाहर निकल आया था।

जमीन बचाने के लिए रचा अपहरण का नाटक

बिलग्राम अवधनामा संवाददाता। जमीन को अपने हाथ से निकलते देख दूसरे को फसाने के लिए आगजनी और अपहरण का नाटक बिलग्राम में सामने आया है। जिस पर उच्च अधिकारियों ने भी पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव बरगावां में गया लाल, रामू और मनोज मुकेश प्रदीप के बीच जमीन को लेकर न्यायालय में वाद चल रहा था। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया की गया लाल ने सिविल न्यायालय में वाद किया था।जो खारिज हो गया। जिसमें गया लाल को जमीन से बेदखल कर दिया गया। इसके बाद दूसरे पक्ष के मनोज और अन्य लोगों ने जमीन पर रखा छप्पर हटा दिया । बताया गया की मौके पर कुछ कहा सुनी होने के बाद दोनों पक्ष अपने घर चले गए। अचानक देर रात विवाद आया की छप्पर में आग लगा दी गई। गया लाल ने दो बेटे शोभित और बीनू का अपहरण और आगजनी का आरोप मनोज और उनके परिवार के लोगों लगाया है। मौके पर पुलिस ने गांव के लोगों से बातचीत की। कोतवाल ने बताया की बीनू और शोभित दोनों का अपहरण नहीं हुआ मुकदमा बनवाने के लिए फर्जी नाटक रचा गया। आगजनी के प्रकरण की जांच की जा रही है। दोनों ही पक्ष को कोतवाली में बैठाया गया है। जिनका 20 - 22 साल के लड़कों का कथित अपहरण दिखाया गया वह भी दोनों लड़के कोतवाली में मौजूद हैं। जमीनी विवाद है। जो न्यायालय का निर्णय है उसी के अनुसार कार्रवाई होगी। दोनों पक्ष अगर विवाद करते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। **फर्जी नाटक रचाने वाले की पुलिस कर रही तलाश:** जमीनी विवाद को अपहरण और आगजनी में तब्दील करने की राय देकर उसे अमली जामा पहनाए जाने वाले व्यक्ति की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिविल न्यायालय से वाद खारिज हो जाने के बाद जब जमीन दूसरे पक्ष के हाथ में चली गई तो गांव के कुछ खुराफात फैलाने वाले लोगों ने अपहरण और आगजनी की घटना बना कर पुलिस के समक्ष पेश कर दी। जिसकी चर्चा भी गांव में है। कोतवाल ने बताया कि ऐसे व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

दिनेश भारतीय किसान यूनियन के नए जिला अध्यक्ष

बिलग्राम। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रवादी) ने जिला अध्यक्ष में बदलाव किया है। जानकारी के मुताबिक बिलग्राम के निजामपुर निवासी दिनेश यादव को संगठन का नया जिला अध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी सिंह ने बताया कि हरदोई में संगठन को सक्रिय और जुझारू बनाने के लिए बदलाव किया गया है। दिनेश यादव को नई जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें नई कार्यकारिणी के गठन के भी निर्देश दिए गए हैं। दिनेश यादव का कहना है कि जो जिम्मेदारी मिली है उसकी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा।

सूचना

मैं यासमीन जफर पत्नी आसिफ बेग निवासी प्लाट नं. 7 अहमदगंज, दौलतगंज, थाना ठाकुरगंज जिला लखनऊ उ.प्र. उक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में यासमीन जफर अंकित है। मैंने अपना नाम यासमीन जफर से यासमीन बेग कर लिया है। भविष्य में मुझे यासमीन बेग के नाम से जाना व पहचाना जाए।

हिन्दू महासभा ने अपने 110 वे स्थापना दिवस पर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव आचार संहिता लागू होने से अखिल भारत हिन्दू महासभा लगातार तीसरे वर्ष अपना स्थापना दिवस नई दिल्ली के जंतर मंतर पर 110 वा स्थापना दिवस मनाने से वंचित रह गई । हिन्दू महासभा का इस वर्ष अपना 110 वे स्थापना दिवस पर देश भर से विभिन्न प्रांतीय इकाइयों द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए संसद में विधेयक पारित करने की मांग करते हुए मनाया । हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में बताया कि 13 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने से हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्वरित डाक सेवा से चार सूत्री ज्ञापन भेजकर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने हेतु लोकसभा चुनाव के उपरांत गठित होने वाली नई सरकार के प्रथम लोकसभा सत्र में हिन्दू राष्ट्र निर्माण का विधेयक पारित करने की मांग की । हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अयोध्या में जिलाधिकारी के माध्यम से यही ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा है । अयोध्या में ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र ने लिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे चार सूत्री ज्ञापन में भारत को अविलंब हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के अलावा श्रीराम चरित मानस को अंतरराष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कर भारत का परचम विश्व में लहराने के साथ श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था में खामियों पर भी प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया है । अधिवक्ता मिश्र ने अयोध्या में पत्रकारों को बताया कि हिन्दू महासभा ने प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में वी वी आई पी दर्शन के नाम पर दर्शनार्थियों से लूटमार का आरोप लगाते हुए इस लूटमार में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों के शामिल होने का गंभीर आरोप भी लगाया है । प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में आरोप लगाया है कि मंदिर में प्रवेश हेतु समस्त दर्शनार्थियों के लिए समान नीति लागू की गई है । भारत सरकार , राज्य सरकार और इनके समकक्ष प्रतिनिधियों के राजकीय अयोध्या आगमन पर इनके सुरक्षा हेतु रंग महल और वेद मंदिर से दो वी वी आई पी द्वार बनाए गए हैं । भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के अभाव में इन दोनो वी वी आई पी द्वार को बंद रखने की सुरक्षा नीति के अनुपालन के अभाव में विधर्मियो के गिरोह द्वारा दर्शनार्थियों से वी आई पी दर्शन के नाम पर प्रतिदिन लाखों रुपए की लूटमार का गंभीर आरोप लगाया गया है । आरोप है कि वी वी आई पी दर्शन के दोनो द्वार अति विशिष्ट नागरिकों के आगमन की पूर्व सूचना प्राप्त होने की जानकारी प्राप्त होने पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निर्देश पर ही खोलने का प्रावधान का नियम लागू है।

अधिवक्ता मिश्र के अनुसार ज्ञापन में प्रश्न किया गया है कि ट्रस्ट की अनुमति के बिना प्रतिदिन दोनो वी वी आई पी द्वार खोलकर श्रद्धालुओं से वी आई पी दर्शन के नाम पर अवैद्य धन वसूली करने के व्यापार में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी आरोपी बनाया गया है।

अन्नदाताओं के लिए वरदान साबित हो रहा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान अभियान

■ सोलर योजना की मदद से किसान अपने खेतों को सोलर ऊर्जा उपकरण और पंपों से सिंचाई कर सकते हैं

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। सरकार द्वारा कुसुम सोलर योजना चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य भारत के किसानों को सोलर पंप लगाकर उनके कृषि व्यवसाय को बेहतर बनाना है। इस योजना के अंतर्गत, किसानों को सस्ते दामों पर सोलर पंप लगाने की सुविधा दी जाती है, जो उनकी कृषि खेती के लिए जल सप्लाई की समस्याओं को हल करता है। इस योजना के तहत, किसान कुल लागत का मात्र 10 प्रतिशत लगाकर सोलर पैनल लगवा सकते हैं। किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा व उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) के अंतर्गत जिले में वर्ष 2017 से 2024 मार्च तक 5600 किसानों को मिला सोलर सिंचाई पम्प का लाभ।इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों ऑनलाइन बुकिंग करते हुए टोकन जनरेट करना होगा। इस योजना के तहत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों का चयन किया जाएगा, जिस पर किसानों को 60त्न अनुदान दिया जाएगा। खेती किसानी में किसानों की लागत कम कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए कृषि विभाग विभिन्न योजनाएं संचालित करता रहता है। लक्ष्य मिलने के बाद विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन बुकिंग करते हुए जनरेट करने की अपील की है।

योजना के तहत निर्धारित समय अवधि में टोकन जनरेट होने के बाद पहले आओ पहले पाओ नियम के तहत किसानों का चयन किया जाएगा। चयनित किसानों को सोलर पंप स्थापना पर 40त्न का भुगतान करना होगा, जबकि शेष साल 60त्न राष्ट्र का अनुदान मिलेगा। सोलर पंप का लाभ लेने के लिए किसानों को बोरिंग कराना अनिवार्य है। उपनिदेशक कृषि डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार सोलर पंप स्थापना का अनुदान लेने के लिए किसान को विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है। ऐसे किसान जो विभाग से बीज व खाद अनुदान लेते ले रहे या किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हो उन्हें इस योजना का लाभ मिल सकेगा। किसान अपना पंजीकरण करा सकते हैं। योजना की बुकिंग व टोकन जेनरेट करते समय पंजीकरण नंबर की आवश्यकता होगी। इस से किसानों की बिजली की समस्या के लिए वरदान साबित हो रहा है।

सोलर कृषि योजना

देश में किसान लोगों की मदद के लिए पेशेवरों द्वारा समूह की स्थापना की गई है। यह समुदायों को अपने स्वयं के विकास का प्रबंधन करने में मदद करके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। समूह का लक्ष्य अपने कार्यक्रमों के माध्यम से किसान की समस्या को खत्म करना है, जिसमें सोलर पंप और सिंचाई प्रणाली शामिल हैं, जिन्हें कृषि भूमि पर स्थापित किया जा सकता है, लेकिन समूह की बैठकों और सामुदायिक नेताओं के साथ बातचीत जैसी गतिविधियों के माध्यम से भी। सोलर योजना की मदद से किसान अपने खेतों को सोलर ऊर्जा उपकरण और पंपों से सिंचाई कर सकते हैं, जिससे डीजल ईंधन और मिट्टी के तेल पर उनकी निर्भरता कम हो जाती है। वे इस प्रणाली से उत्पन्न अधिशेष बिजली को किसी भी कंपनी या व्यक्ति को बेच सकते हैं जो इसे घर या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करना चाहते हैं।

न्यायालय से अनुपस्थित चल रहे 6 वारन्टी गिरफ्तार

मवई- अयोध्या। पटरंगा पुलिस ने पेशी के दौरान न्यायालय में उपस्थित न होने पर 6 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि घर मे घुस कर मारपीट करने,आर्म्स एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के तहत 6 लोगों के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था।पेशी के दौरान यह सभी आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे।न्यायालय ने सभी आरोपियों के विरुद्ध वारन्ट जारी कर दिया।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि ग्राम सराय अहमद के राजकुमार पुत्र काशीराम,गेरोंढा के राम बरन उर्फ बन्ने पुत्र छोटे चौहान,ग्राम पालपुर के गौस मोहम्मद उर्फ अप्पू पुत्र अजीजुल्ला,राहुल वर्मा पुत्र दिनेश वर्मा,कोटवा के श्रीचंद पुत्र दुलारे रावत,अशरफपुर गंगरेला के प्रकाश पुत्र राम मिलन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान एवं विदाई समारोह सम्पन्न

गोसाईगंज -अयोध्या। विकास खंड मया शिक्षक सम्मान समिति के द्वारा कंपोजिट विद्यालय समंथा में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रधानाध्यापक प्रा वि रघुनाथपुर लक्ष्मण सिंह एवम प्रधानाध्यापक उच्च प्रा वि लंगड़ातर सुशीला मिश्रा को विदाई दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कंपोजिट विद्यालय समंथा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सेवानिवृत शिक्षकों का माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह स्वरूप शाल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष सालिक राम यादव मायाराम वर्मा, हौसिला प्रसाद विक्रमजीत वर्मा कृष्ण कुमार पांडे ने शिक्षकों के दशा व दिशा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान शिक्षकों को बहुत लगन से सेवा करने की सीख दी। समिति के अध्यक्ष चंद्र भूषण सिंह,महामंत्री रामजीत गौतम, कोषाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश यादव, ऑडिटर अनीस कुमार लाल, अमरनाथ वर्मा,पंकज पांडे,शमशाद अली,शैलेंद्र प्रताप सिंह,रामराज,कृष्ण कुमार पांडेय, दिलीप तिवारी, अनिल पांडेय, अवनीश दूबे, शाहिद जमाल, सुरेश चंद्र सिंह, पवन तिवारी, अजय सिंह,सुग्रीव यादव, राजनारायण सिंह कृष्ण कुमार सुखदेव महात्मा प्रसाद संतोष शर्मा अवधेश वर्मा अनिल पांडेय मोनिका वर्मा,स्वेता वर्मा, साधना, मुक्ता वर्मा, गीता वर्मा,शशीबाला कमलेश उर्मिला देवी साक्षी पटेल संगीता यादव,कांति वर्मा,रामजी गुप्ता आदि शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

डॉ आंबेडकर जयंती पर आज लगेगा रक्तदान शिविर

बाराबंकी। संविधान निर्माता, बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर रक्तदान महादान को अभियान का रूप देते हुए एक बार फिर सोशल रूरल टीम व लेखपाल संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष की ओर से कल रविवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

बताते चलें कि सोशल रूरल टीम की प्रमुख एवं लेखपाल संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत रावत की ओर से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। कल रविवार को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 18वीं बार इस शिविर का आयोजन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में होगा। इस शिविर में साकेत रावत, उनकी धर्मपत्नी गीता रावत के अलावा अन्य लेखपाल साथी व गणमान्य नागरिक रक्तदान कार्यक्रम के भागीदार होंगे। साकेत रावत ने बताया कि रक्तदान महादान इसलिए कहा जाता है क्योंकि हमारे दिए हुए रक्त के प्रयोग से किसी न किसी के जीवन की रक्षा होती है, इससे बड़ा दान भला और क्या होगा। उनके द्वारा अब तक 17 बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने अपील की कि आमजन भी इस आयोजन का हिस्सा बनकर पुण्यकर्म के सहभागी बने।

मोदी की प्राथमिकताओं है गरीब कल्याण-राजरानी रावत

लखौचा में आयोजित हुआ अभिनंदन कार्यक्रम

बाराबंकी। भाजपा उम्मीदवार राजरानी रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेदाग कार्यशैली ने भारत में राजनीति के मायने बदल दिए हैं।मोदी के विगत दस वर्षो के कार्यकाल में गरीब कल्याण उनकी प्राथमिकताओं में रहा है। सांस्कृतिक क्षेत्र से लेकर कूटनीतिक एवम सामरिक क्षेत्रों तक मोदी के नेतृत्व में भारत ने नए आयाम स्थापित किए हैं।श्रीमती राजरानी रावत शनिवार को लखौचा चौराहे पर आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रही थी। उन्होंने कहा मोदी के नेतृत्व में देश आतंकवाद से मुक्त हो गया है जबकि योगी के नेतृत्व में प्रदेश माफियाओं से मुक्त हो गया है।उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने से विकसित भारत का सपना साकार होगा। इस दौरान उन्होंने बंकी नगर के सरथरा, भिटौली कला जाटा सहित कई जगहों पर सजे दुर्गा पूजा पांडाल में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, रामेश्वरी त्रिवेदी, डॉक्टर अवधेश वर्मा, संजीव वर्मा, प्रदीप वर्मा राजेश सिंह, जय शंकर वर्मा मौजूद रहे।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़, हिस्ट्रीशीटरअसलहों संग गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है। टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से कुल 10 निर्मित व 07 अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र, कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त चन्द्रिका पुत्र गिरवर लोध निवासी ग्राम भैसी बेलहा मजरे सैदापुर थाना सकरन जनपद सीतापुर को शिवगढ़ सिसौना के जंगल से गिरफ्तार कर कब्जे से 05 तमंचा .12 बोर, 05 तमंचा .315 बोर, 07 तमंचा अर्द्धनिर्मित .315 बोर, एक जिन्दा व 02 खोखा कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरण, 02 टार्च, एक पंखा (धकौनी) व 500 रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्त के विरूद्ध थाना रामसनेही घाट पर शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रिका द्वारा फरार अभियुक्त गोविन्द के साथ जंगल में अवैध शस्त्रों का निर्माण किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा 20 अदद तमंचों को निर्मित करने का ठेका अभियुक्त गोविन्द से लिया गया था, जिसके निर्माण में प्रयुक्त होने की समस्त सामग्री गोविन्द द्वारा उपलब्ध कराई जा रही थी। प्रत्येक तमंचे के निर्माण हेतु अभियुक्त चन्द्रिका द्वारा 03 हजार रुपये लिये जा रहे थे। अभियुक्त चन्द्रिका शातिर अपराधी है, यह पूर्व में भी जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों से जेल जा चुका है। अभियुक्त चन्द्रिका थाना सकरन जनपद सीतापुर का हिस्ट्रीशीटर है, जिसका हिस्ट्रीशीट क्रमांक 1898(ए) है। वांछित अभियुक्त गोविन्द की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

जनसहभागिता के आधार पर समरसता दिवस के कार्यक्रमों का करें आयोजनः विजय प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को भाजपा वृहद रूप में मनाने की तैयारियों में जुट गई है। 14 अप्रैल को समरसता दिवस के रूप में सभी बूथ पर मनाया जाएगा। महानगर स्तर का पदाधिकारी मौजूद रहेगा। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सहादतगंज कार्यालय पर महानगर, मोर्चा, मंडल व शक्ति केन्द्र प्रभारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह पदाधिकारी की उपस्थिति व सांगठनिक रिर्पोट ली तथा बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताने को कहा।

बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अम्बेडकर जयंती को महानगर के सभी बूथों पर मनाया जाना है। जिसके लिए महानगर के 56 शक्ति केंद्रो पर महानगर पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जो शक्ति केंद्र के सभी बूथों

पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेगा। बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में बूथ समिति के सभी 11 सदस्य, पन्ना प्रमुखों की उपस्थित अनिवार्य है। समरसता दिवस पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बूथ पर निवास करने वाले लोगों को भी आमंत्रित करें। जनसहभागिता के आधार पर समरसता दिवस कार्यक्रमों का आयोजन करें। अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन 29 अप्रैल को होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडल व शक्ति केंद्रों की बैठकें जल्द कर ली जाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चल कर डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के हितों में योजनाओं की श्रंखला प्रदान की है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता में उत्साह का माहौल है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि बूथों पर आयोजित समरसता दिवस पर कार्यकर्ता सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो तथा जनकल्याण कारी योजनाओं की चर्चा अवश्य करें।

बैठक में संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, विधानसभा संयोजक रमापति पांडे, विधानसभा प्रभारी अशोक कसौधन, परमानंद मिश्रा, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित महानगर, मोर्चा, मंडल व शक्ति केन्द्र प्रभारियों की मौजूदगी रही।

बोल्ड विंग्स ट्रेनिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रायबरेली रोड स्थित प्रकाश लान में बोर्ड विंग्स ट्रेनिंग सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने फीता काटकर किया। वही बोल्ड विंग्स की मैनेजिंग डायरेक्टर अंजू गुप्ता ने बताया कि यह हमारा ट्रेनिंग सेंटर एवियशन और हॉस्पिटैलिटी सेंटर है यहां पर हम बच्चों को ट्रेंड करेंगे ब्लू कॉलर जॉप इंडस्ट्री बड़े-बड़े फाइव स्टार होटल और जो बच्चे एयरपोर्ट में जाने के लिए इच्छुक है उनके ट्रेनिंग के लिए हमने इस सेंटर का शुभारंभ किया। अंजू गुप्ता ने कहा कि आज के समय में अयोध्या देश ही नहीं पूरे विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। हमारे अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है बड़े-बड़े फाइव स्टार होटल बन रहे हैं और हमारे अयोध्या के बच्चे इससे पहले दिल्ली मुंबई या अलग-अलग शहरों में नौकरी करने के लिए जाते थे क्योंकि अयोध्या में हाई क्लास की जॉब अपॉर्चुनिटी उपलब्ध नहीं थी। लेकिन अब हमारे अयोध्या के बच्चों को कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी वह एक अच्छी ट्रेनिंग लेकर यहीं पर ब्लू कॉलर इंडस्ट्री में जब ले सकते हैं जहां पर बच्चों की सैलरी 25000 से लेकर 80000 तक है।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़, हिस्ट्रीशीटर असलहों संग गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है। टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से कुल 10 निर्मित व 07 अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र, कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त चन्द्रिका पुत्र गिरवर लोध निवासी ग्राम भैसी बेलहा मजरे सैदापुर थाना सकरन जनपद सीतापुर को शिवगढ़ सिसौना के जंगल से गिरफ्तार कर कब्जे से 05 तमंचा .12 बोर, 05 तमंचा .315 बोर, 07 तमंचा अर्द्धनिर्मित .315 बोर, एक जिन्दा व 02 खोखा कारतूस, शस्त्र बनाने के उपकरण, 02 टार्च, एक पंखा (धकौनी) व 500 रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्त के विरूद्ध थाना रामसनेही घाट पर शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रिका द्वारा फरार अभियुक्त गोविन्द के साथ जंगल में अवैध शस्त्रों का निर्माण किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा 20 अदद तमंचों को निर्मित करने का ठेका अभियुक्त गोविन्द से लिया गया था, जिसके निर्माण में प्रयुक्त होने की समस्त सामग्री गोविन्द द्वारा उपलब्ध कराई जा रही थी। प्रत्येक तमंचे के निर्माण हेतु अभियुक्त चन्द्रिका द्वारा 03 हजार रुपये लिये जा रहे थे।

अविवि के सिविल इंजीनियरिंग के 25 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आई0ई0टी0 संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया जिसमें सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 25 छात्रों का चयन एसीसी व अंबुजा सीमेंट की कंपनी में कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव पद के लिए गया। शुक्रवार को संस्थान में विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में एसीसी व अंबुजा सीमेंट लिमिटेड कंपनी की ओर रिजनल टेक्निकल सर्विस मैनेजर महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव के सदस्यों द्वारा तीन से साढे तीन लाख पैकेज के लिए प्लसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें प्रतिनिधि द्वारा 71 से अधिक छात्रों के साक्षात्कार के उपरांत 25 छात्रों का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर आई0ई0टी0 संस्थान के निदेशक प्रो0 राजीव गौड़ ने बताया कि देश की प्रमुख कंपनी में छात्रों को जॉब करने का सुअवसर मिला है जो संस्थान के लिए गर्व की बात है। आगे अन्य छात्रों के लिए पुनः प्लेसमेंट ड्राइव चलाया जायेगा। सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ0 अमित सिंह ने छात्रों के चयनित होने पर बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सिविल इंजीनियरिंग के इंजीनियर कन्हैया लाल पांडे, प्रिंस पोद्दार, सौहार्द ओझा, नवीन पटेल, मानवेंद्र प्रताप सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

कोतवाली में तैनात दरोगा घायल

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली में तैनात दरोगा शीतला प्रसाद मिश्रा पुत्र महात्मा मिश्रा उम्र 45 वर्षीय द्वारा क्षेत्र में शिकायतों की विवेचना और अपराधियों की चाल चलन की जानकारी रखने के लिए प्रभारी के निर्देश निकले थे खजुराहट पेट्रोल पंप के पास अपनी बाइक से जा रहे थे कि अचानक वह गिर पड़े से उनके शरीर पर कई जगह गंभीर छोटे हैं जिसकी जानकारी एक पॉइंट 112 नंबर 0906 को हुई उन्होंने तुरंत दरोगा को बीकापुर इमरजेंसी में भर्ती कराया जहां तैनात डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया सीने और बाएं पैर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया घटना 3:30 बजे की बताई जा रही।

तार तार हुई दलगत भावना, अपनो के सितम गैरो के करम से द्रवित हुई पूर्व विधायक स्व छोटेलाल की आत्मा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। कहा गया है दुख व विपत्ति के समय शत्रुता व दलीय बंधन को एक किनारे रख दिया जाता है पर समाजवादी पार्टी ने इस रिवाज से सिरे से परहेज कर दिखाया। खास बात यह कि ये रवैया उस शख्स के लिए, जिसने बाराबंकी में समाजवाद की नींव मजबूत रखने में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। जिसने सुना समाजवादी पार्टी व उसके नेताओ की बड़ी आलोचना की, सुनकर हैरत ही होगी कि जिस परिवार में जिंदगी गुजारी उसने जिंदा रहते खबर नही ली और बाद मौत बिसरा दिया और जिस दूसरे घर मे आये कुछ अरसा भी नही हुआ उसने मातमपुर्सी में कोई कसर बाकी नही रखी अंतिम संस्कार से लेकर श्रद्धांजलि में सबसे आगे रहे। समाजवादियों के इस रवैये की चर्चा मूल वोट में बहुत आम है। नवाबगंज सीट से अपना राजनीतिक जीवन शुरू कर स्व छोटेलाल यादव ने इसी जमीन पर प्राण भी त्याग दिए। यह कहने में

कोई दोराय नही कि उनके जीवन का बड़ा हिस्सा समाजवाद के पौधे को सींचते बड़ा करते ही बीता, बड़े नेताओं से वैचारिक मतभेद के बावजूद लाल टोपी और समाजवाद का झंडा हमेशा बुलन्द रखा। यह भी कहना गलत न होगा कि सबकुछ तब तक ही ठीक भी रहा जब तक सपा की कमान व लगाम नेता मुलायम सिंह यादव के हाथों थी, हालात तब तेजी से बदले जब सपा को दूसरा मुखिया हासिल हुआ। बस यही वक़्त था जब स्व छोटेलाल को इच्छा के विरुद्ध राजनीतिक फैसले लेने पड़े वह चाहे कांग्रेस में जाना हो या फिर अंतिम समय भाजपा के नाम करना रहा हो। वजह पुख्ता भी थी सपा में जो अहमियत तरजीह दुलार व कद्र स्व छोटेलाल को नसीब हुई उसका घोर अभाव वर्तमान नेतृत्व में उन्हें महसूस हुआ। उस पर से समाजवादी राजनीति का बदला स्वरूप और कायदे भी गले नीचे नही उतरे। खैर अहम बात यह है कि स्व छोटेलाल यादव के नाम लिखी नवाबगंज सीट पर उन्हें सबके ज्यादा प्यार यादव व मुस्लिम बिरादरी से मिला। उनके कुछ न होने के बाद भी यादव बिरादरी अंदर ही अंदर बेहद पसंद करती थी, इसी का नतीजा रहा कि बाद के विधानसभा चुनावों में यही वोट सपा के लिए संजीवनी से कम साबित नही हुआ, इसी वजह से यहां भाजपा का खाता नही खुल सका पर नतीजा ढाक के तीन पात ही निकला, समाजवादी पार्टी न दलगत भावना से ऊपर उठी और न ही उसने सामाजिक रवायतों का साथ ही दिया, स्व छोटेलाल के अंतिम संस्कार से चुनिंदा लोगों को छोड़कर सभी ने किनारा कर लिया जैसे छोटेलाल से उनकी जाती दुश्मनी रही हो यही नही स्व छोटेलाल के निधन के बाद हुए श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व सांसद रामसागर रावत को छोड़ कोई दो शब्द कहने तक नही पहुंचा। जबकि भाजपा उम्मीदवार स्व छोटेलाल को मार्गदर्शक बताते हुए भावुक हो गई, याद दिला दें कि भाजपा से पहले राजरानी सपा में रहीं। कहने में कोई गुरेज नही कि यह वही लोग हैं जिनका समाजवाद की नींव और उसके संघर्ष से कोई नाता नही, बस वक़्त और किस्मत ने इनका साथ दे दिया।

फ़ूड पॉइजनिंग का शिकार हुए 31 लोग अधिकतर बच्चे, सभी की हालत स्थिर

अवधनामा संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर गांव में शुक्रवार शाम दावत में आए लोगों ने दिन का बना खाना रात में खा लिया। भोर में सभी फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए और लोगों की हालत बिगड़ने लगी। एक-एक करके लोग सीएचसी पहुंचने लगे। शनिवार सुबह तक 31 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार होकर सीएचसी आ गए थे। भारी संख्या में मरीज के आने से सीएचसी में भी अफरा तफरी मच गई। सभी डॉक्टर का कर्मचारियों को ऑन कॉल बुलाया गया। जिसके बाद फूड प्वाइजनिंग के शिकार महिला, पुरुष व बच्चों का इलाज शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर मजरे सादुल्लापुर गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल रावत की दो बेटियों का शुक्रवार को मुंडन था। मुंडन में बिरादरी व परिवार के लोग शामिल होने के लिए शुक्रवार को दिन में राहुल के घर से दाल चावल रोटी खाकर कोटवा सड़क मुंडन कराने गए थे। देर शाम मुंडन कराकर वापस लौट के बाद सभी ने फिर से दिन का बचा हुआ दाल चावल तथा सब्जी खाई। देर रात करीब 2 बजे खाना खाने वाले लोगों को पेट दर्द की शिकायत शुरू हुई। धीरे-धीरे लोगों को उलटी आनी शुरू हो गई। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सुबह पीड़ित लोगों के परिजनों ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी। जिसके बाद चार एंबुलेंस गांव पहुंची तथा पीड़ित लोगों को सीएचसी पहुंचाया। लगातार मरीजों की बढ़ रही संख्या से अस्पताल में हड़कंप मच गया। सीएचसी पर मौजूद अधीक्षक अमरेश वर्मा ने सभी चिकित्सक व स्टाफ को बुलाकर इलाज शुरू कराया। अस्पताल में करीब दो घंटे तक अफरा तफरी मची रही। दो घंटे बाद लोगों की हालत में सुधार शुरू हुआ तो अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ वातावरण

मिश्रौलिया शिवदासपुर में नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर पर प्राणप्रतिष्ठा, 15 अप्रैल को होगा भण्डारा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के मिश्रौलिया शिवदासपुर गांव में नवनिर्मित मां दुर्गा श्रीपुजारी मंदिर पर प्रतिमा स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें तमाम महिलाएं व पुरुष सिर पर कलश लेकर जल भरने के लिए डुमरियागंज स्थित राप्ती तट पर रवाना हुए। कलश यात्रा में आगे चल रहा हाथी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शनिवार को सुबह करीब 10 बजे से ही नवनिर्मित मंदिर पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हुआ। जहां पर आचार्यगणों ने कलश का पूजन कराया। जिसके बाद कलश में जल भरने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था डुमरियागंज? के लिए रवाना हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु मां दुर्गा व श्रीराम के जयकारे लगाते हुए पदयात्रा कर राप्ती तट पर पहुंचे। जहां पर विधि विधान पूजन के उपरांत राप्ती नदी से कलश में जल भरा गया। वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मंदिर पर वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश स्थापना कराई गई। कार्यक्रम आयोजक मोहित यादव ने बताया कि कलश स्थापना की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद रविवार को तुलसीपुर स्थित देवी पाटन मंदिर में मूर्ति मिलाप होगा और सोमवार यानि 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा समारोह व विशाल भण्डारा आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि करीब बीस वर्ष पूर्व मंदिर की आधारशिला रखी गई थी, लेकिन तमाम अड़चन के चलते निर्माण नही हो पा रहा था। डुमरियागंज? के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के जरिये पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह से मंदिर निर्माण के संबंध में ठोस पहल करने का अनुरोध किया गया। पूर्व विधायक हर स्तर से सहयोग किया। तब जाकर छ माह पूर्व निर्माण शुरू हुआ, अब जाकर दो दशक बाद परिवार व गांव के लोगों का मंदिर का सपना साकार हुआ। बीस वर्ष बाद मंदिर के निर्माण पूर्ण होने और मूर्ति स्थापना से आप पास के लोगों में काफी खुशी व हर्षोल्लास का माहौल है। कलश यात्रा में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, चेयरमैन भारतभारी चंदू चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष डुमरियागंज? दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, मधुसूदन अग्रहरि, सुनील गुप्ता, रोहित यादव, पांचू यादव, सोनू सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाने का किया आह्वान

जलालपुर, अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)। शुक्रवार को देर शाम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा संचालन समिति एंव मंडलों के टीम की बैठक विधानसभा कार्यालय पर विधानसभा संयोजक अनन्तराम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बूथ स्तर पर 14 अप्रैल को भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने का आह्वान करते हुए मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी बूथों पर टोली बनाकर जनसंपर्क करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय की जानकारी देते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे को भारी बहुमत से विजयी बनाने हेतु मतदाताओं से संपर्क करना है। उन्होंने बताया कि सरकार की अनगिनत योजनाएं वृहद् स्तर पर संचालित है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद ने बताया कि प्रमुख रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी ,किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री रमापति मौर्य समेत संचालन समिति सदस्य मौजूद रहे।

स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर निकाली गई रैली

अवधनामा संवाददाता

■ रैली को प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने किया रवाना

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहेरिया अंतर्गत भलुवाही में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा शनिवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। गांव में भ्रमण करते हुए लोगों से बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने व बीमारी से बचने के लिए साफ-सफाई विशेष ध्यान रखने के प्रति जागरूक किया गया। डुमरियागंज के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली की तैयारी में विद्यालय में सुबह से ही दिखाई दी। हाथों में जागरूकता बैनर लिए बच्चे कतार में खड़े थे। बहेरिया प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की, घर-घर शिक्षा का दीप जलाएं, आओ स्कूलों में नामांकन कराएं आदि नारों के बीच रैली प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करती रही। जगह-जगह ग्रामीणों को शिक्षा व स्वच्छता के प्रति संदेश भी दिया गया। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय व प्रधानाध्यापक अतहर मलिक ने कहा कि इन दिनों स्कूल चलो अभियान चल रहा है, सभी लोग शिक्षा के महत्व को समझें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराएं। संचारी रोग नियंत्रण के लिए सभी लोग सफाई पर ध्यान दें। गंदा पानी अथवा गंदगी एकत्रित न होने दें। स्वच्छ पानी पिएं और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि ग्रामीण रहेंगे तो निश्चित ही बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। गांव में भ्रमण करने के बाद रैली वापस स्कूल प्रांगण में आई, जहां पर आयोजित गोष्ठी में दोनों महत्वपूर्ण अभियान पर वक्ताओं ने बृहद रूप से प्रकाश डाला।

विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों, शिक्षकों, छात्राध्यापकों, छात्राध्यापिकाओं, कर्मचारियों सहित छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि जिनके घर के लोग बड़े शहरों में कमाने गए हैं, उनसे अपील किया जाए कि वह एक दिन के लिए जनपद में आकर वोट जरूर करें छात्र-छात्राओं से अपील किया गया कि अपने घर परिवार अपने पड़ोस यहां तक कि मोबाइल से रिश्तेदारों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करने का काम करें जिससे जनपद सिद्धार्थनगर का वोटिंग परसेंटेज बढ़ सके 25 मई को जनपद में मतदान के दिन लोग जाकर एक दूसरे को वोट करने के लिए कहें और सभी लोग अपने निजी काम से एक घंटे का समय निकालकर मतदान जरूर करें यदि ऐसा किया गया तो निश्चित रूप से जनपद का वोटिंग परसेंटेज ज़रूर बढेगा। इस दौरान विद्यालय के पंकज कुमार द्विवेदी, युगुल किशोर मिश्रा, अंगद प्रसाद, लक्ष्मी सिंह, अरुण लाल श्रीवास्तव, श्याम सुंदर मल्ल सोनाली देवी लिपिक दिनेश धर द्विवेदी, परिचारक दुर्गेश, मुनीराम लोधी, राजन कुमार, गौड़, विशाल पाठक तथा कई अभिभावक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवानिवृत शिक्षकों को दी गयी विदाई

जलालपुर, अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)। नगर स्थित एक मैरेज हॉल में परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों के विदाई सम्मान समारोह में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति उसका कर्तव्य और बढ़ जाता है।बी एस ए के संग पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी केपी सिंह,बी ई ओ मीनाक्षी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर की छात्रा काजल,पलक, रेशमी, तान्या, अभिलाषा, कुसुम, खुशबू ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं विदाई गीत प्रस्तुत किया।बीएसए ने सेवानिवृत्त शिक्षक जहीर हसन,ऊषा देवी, रामरती देवी,कांती देवी,अनुचर बालयती के अलावा पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके दर्जनों शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

राजा परीक्षित जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता

■ सतचण्डी महायज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा, कथावाचक उत्तम कृष्ण शास्त्री ने किया शुकदेव भगवान का आगमन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भगवान सदैव ही अपने भक्तों के भक्ति भाव में बंधे होते हैं और वे भक्तों की पुकार को कभी भी अनसुना नहीं करते हैं। भक्त पर विपदा आने पर भगवान स्वयं ही उसे हरने के लिए कष्ट सहते हैं, किन्तु भक्तों को कोई कष्ट नहीं होने देते हैं। इस कलयुग रूपी भवसागर से पार पाने का एकमात्र उपाय प्रभु का नाम सुमिरन करना ही है। प्रभु नाम सुमिरन करने पर ही भवसागर से पार पाया जा सकता है। उक्ताशय के विचार कैथवलिया रेहरा में चल रही श्री सतचण्डी महायज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज श्री अयोध्या धाम ने व्यक्त किए। श्री सतचण्डी महायज्ञ एंव श्री मद भागवत कथा की अमृत वर्षा के तीसरे दिन स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री महराज ने शुकदेव भगवान का आगमन, सृष्टि उत्पत्ती व उत्तानपाद एंव ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि, कलयुग के प्रभाव से राजा परीक्षित ने ऋषि श्रृंगी के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया था और ऋषि ने उन्हें श्राप दिया कि ठीक सातवें दिन सर्प के काटने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। उसी श्राप के निवारण के लिए वेद व्यास द्वारा रचित भागवत कथा शुकदेव द्वारा सुनाई गई। जिसमें उनका उत्थान हो गया। राजा परीक्षित ने सात दिन भागवत सुनकर किस तरह अपना उद्धार कर लिया। उसी तरह प्रत्येक व्यक्ति को भागवत का महत्व समझना चाहिए। भागवत अमृत रूपी कलश है। जिसका रसपान करके आदमी अपने जीवन को कृतार्थ कर लेता है। ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए आचार्यवर ने कहा कि मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। इस दौरान कथा में सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

संक्षिप्त समाचार

डॉ डीके चौधरी ने की संचारी अभियान के कार्यो की समीक्षा

बांसी (अवधनामा संवाददाता)। प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डीके चौधरी का कायाकल्प और एनक्युएएस तथा दस्तक और संचारी अभियान के कार्यो की समीक्षा का किया गया साथ ही औचक निरीक्षण। निरीक्षण में आरोग्य मंदिर कोड़री, मऊ, नरकटहा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एकडेंगवा का निरीक्षण किया गयाद्य जिसमें सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि कार्य में शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी

इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर का भी निरीक्षण किया गया जिसमें सभी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अस्पताल के विभिन्न कमरों का निरीक्षण करते हुए सभी को निर्देशित किया गया कि मरीजों को सभी दवाये उपलब्ध रहे द्यनिरीक्षण के दौरान अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर डॉ धर्मेंद्र चौधरी, डॉ राजीव कुमार रंजन, बी पी एम ओम प्रकाश द्विवेदी, वाई के द्विवेदी, जितेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

सच्चे दिल से मांगी हुई मुरादें पूर्ण करती है मां भद्र काली

सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)। मुख्यालय स्थित माँ भद्रकाली धाम मधुकरपुर में भक्तों द्वारा यदि सच्चे मन से कोई मन्नत मांगी जाती है तो वह अवश्य ही पूर्ण होती है, ऐसा भक्तजनों का विश्वास है। भक्तो की बड़ी भीड़ बज रहे घंटे दर्शनार्थियों का ताता यह बताता है कि यदि माँ के दरबार में भक्त रोते हुए आते है और हँसते हुए जाते हैं। माँ का यह परम धाम नौगढ़ बांसी रोड पर मधुकरपुर मुख्यालय के पच्छिमी छोर पर स्थित यह मंदिर वास्तु शास्त्र का अद्भुत संगम है। माँ की अद्भुत छवि मनोहारी रूप में दर्शन देती हैं माँ के दोनो ओर बाल गजानन दूसरी ओर भद्र बाला जी विराज मान है। माँ के समाने ही अति प्राचीन पिंडी जिन्हे अब पीतल से संरक्षित कर दिया गया है, माँ लक्ष्मी माँ गौरी माँ सरस्वती के रूप में विराजमान है। प्रत्येक नवरात्रि को कलश स्थापना नव चंडी पाठ तथा नवमी को हवन एवं भण्डारा होता है।

पूर्व सांसद कुशल तिवारी ने किया जिले में भ्रमण

लोटन सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)। पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी के आगमन पर सपा, कांग्रेस कार्यकर्ताओं व भाजपा खेमे में देखे जाने वाले कुछ लोगों ने शनिवार को कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के लोटन चौराहे में आगमन पर फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

युवाओं द्वारा नारा लगाया गया की देखो देखो कौन आया पूर्वांचल का शेर आया अबकी बारी कुशल तिवारी। ब्राह्मण वर्ग के साथ ही समाज के अन्य लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इस चुनाव में राजनीतिक स्थानीय जानकार बताते है कि कुशल तिवारी के चुनाव लड़ने की खबर पर स्थानीय ब्राहमण समाज काफी उत्साहित दिखाई दे रहा है। कुछ भाजपा समर्थक ब्राह्मण भी सपा के पूर्व सांसद के पक्ष में बात करते दिखे। शनिवार के दिन उनके साथ कुछ स्थानीय ब्राह्मण चेहरे ऐसे देखे गये जो आम तौर पर भाजपा के कट्टर समर्थक माने जाते है। स्वागत के दौरान प्रधान प्रवेश शुक्ला, पंकज वर्मा, मंटू पाण्डेय, अमितेश्वर शुक्ला, सतीश पाण्डेय, राम अनुज मिश्रा, अजय पाण्डेय, महेश यादव, कैलाश कन्नौजिया, अनिल सिंह, नप्पू पाण्डेय, देवन्दर उपाध्याय, पंकज मिश्रा, अजय मिश्रा, प्रेम प्रकाश, अय्युब खान, रविन्द्र यादव, पंकज तिवारी, सौरभ दुबे, गिरजेश दुबे, श्यामु गुप्ता, सोनू मिश्रा, इरशाद अहमद, पदुम पंत मिश्रा, रवि चौबे, बृजभूषण चौबे आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेन्ट ज्यूड्स स्कालर्स होम विद्यालय के प्रांगण में स्वागत समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। नवीन सत्र 2024 -25 के सत्रारंभ के अवसर पर सेंट ज्यूड स्कॉलर्स होम विद्यालय के प्रांगण में प्रबंध समिति द्वारा अगली कक्षाओं में प्रवेश करने वाले तथा नए नामांकित हुए छात्र छात्राओं के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित कर विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावकों तथा विद्यालय के हितैषियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेंट ज्यूड स्कॉलर्स होम विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र विक्रम सिंह ने पिछली कक्षाओं को पास कर अगली कक्षा में जाने वाले तथा विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें नई कक्षा में आने वाली चुनौतियों के प्रति सतर्क करते हुए बेहतर शिक्षा अर्जित करने की सलाह दी। कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों को ऊर्जावान बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता है, प्रायः नित नए कार्यक्रमों और विविध आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों मे छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए कृत संकल्पित है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्योतिर्मय श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है। कहा कि बच्चो को संवारने में जितना अथक परिश्रम अध्यापक करते है उतना ही अभिभावक भी अपने बच्चो को विशेष बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इस दौरान प्रबंध समिति के द्वारा नगर के खेल जगत के भीष्म पितामह मो इब्राहीम, सभासद निजाम अहमद, जर्नलिस्ट चंदा लाल तथा अभिभावक संतोष कुमार मद्धेशिया, अबरार अहमद, श्रीकांत वर्मा आदि को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय की डायरेक्टर शारदा थापा, संजय अग्रहरि, विद्यालय के शिक्षक राजन मौर्य, पवन चौधरी, राकेश श्रीवास्तव, हरिद्वार, चुन्नी श्रेष्ठ, सुश्री अंकिता, धर्म किशोर आदि अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

तीन दशक पूर्व चालू बिजली केबिल को दबंग काटकर उठा ले गये

जलालपुर, अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)। बिजली अधिकारियों की लापरवाही जनहित पर भारी है। तीन दशक पहले से चालू बिजली केविल को दबंग काटकर उठा ले गया। बीते 6 दिन से घर में अंधेरा है। पीड़ित बुजुर्ग शिक्षक ने बिजली टोल फ्री नंबर, उर्जा मंत्री, निदेशक जिलाधिकारी के एक्स अकाउंट के साथ ही अधिशाषी अभियंता, एसडीओ और सीओ को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई किंतु अधिकारी मौन हो गए।घुटने के दर्द से कराह रहा सेवानिवृत बुजर्ग शिक्षक कार्यालय का चक्कर लगा रहा है किंतु सुनवाई नहीं हो रही है।प्रकरण नेवादा उपकेंद्र से जुड़े बेरमा गांव निवासी बुजुर्ग शिक्षक हरिनाथ गुप्ता का है।हरिणाथ गुप्ता के घर का घरेलू कनेक्शन विनोद मौर्य के घर के सामने लगे खंभे से जोड़ा गया है। यह कनेक्शन लगभग तीस वर्ष पहले से चालू है। 6 दिन पहले विनोद केविल काट कर उठा ले गया।

वासा दरगाह में धूमधाम से माना मखदूम शाह कैनानी का उर्स

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के वासा दरगाह स्थित मखदूम शाह कैनानी फिरदौस रहमतुल्ला की मजार पर सालाना उर्स शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जाहरीनो ने मन्नते मांगी मजार पर चादर चढ़ाई। मजार के पास प्रांगण में मेला भी लगाया गया जहां पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा बाहर के हकीकत मंदो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वासा दरगाह में मजार पर सज्जाद, नसीन, काजी मोहम्मद मदनी व अन्य लोगों ने चादर व फूल की चादर चढ़ाकर देश के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। इस मौके पर कव्वाल सरफराज ,शोला कव्वाल लखनवी, अतीक रामपुरी, जावेद बलरामपुरी आदि ने कव्वाली मुकाबले में अपनी अपनी प्रस्तुति दी।इस मौके पर काजी मोहम्मद मदनी ने कहा कि बाबा की मजार पर आकर मांगी गई दुआएं पूरी होती हैं, यहां पर उर्स के अलावा पूरे साल लोग आते रहते हैं। आज के दिन गांव के लोग घरों से चादर कगार लाकर मजार पर चढाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। उर्स के मौके पर मेले में दूर दराज के शहरों से आए मिठाई, कॉस्मेटिक बच्चों के खिलौने आदि के दुकानदारों ने कहा उर्स के मौके पर उनकी अच्छी बिक्री हुई है।

50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ग्रामीण स्तरीय बैठक

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सी महादेव बुजुर्ग में ग्रामीण स्तरीय बैठक का आयोजन उप कमांडेंट दीपक जायरा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे बताया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाले अवैध गतिविधियो तथा मानव, बाल तस्करी के संदर्भ में जानकारी साझा की गई। तथा आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर होने वाली अपराधिक घटनाओं के बारे में जानकारी देने को कहा गया, इस अवसर पर ग्रामीणों ने बताया कि सीमावर्ती गांवों में बिजली की अत्यधिक कटौती होती है जिस कारण ग्रामवासियों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने एसएसबी से गांव में सोलर लाइट या सोलर प्लांट लगाने का अनुरोध किया साथ ही ग्रामीण बच्चो के खेलने के लिए खेल साम्रगी वालीवाल , क्रिकेट बैट, फुटबॉल इत्यादि उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया।

मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

परिषदीय विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर भी किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

■ बच्चों व अभिभावकों को दिलाई गई शपथ, विद्यालय में बैठक के माध्यम से दी गई तमाम जानकारी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज विकास खण्ड के तमाम परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम स्तर पर मतदाताओं को बुलाकर उनके साथ बैठक कर चर्चा किया गया, जिसमें उन्हें जागरूक किया गया साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में भी तमाम जानकारी दी गयी।

विद्यालय में अभिभावकों व बच्चों के साथ शपथ भी दिलाई गई। जानकारी के मुताबिक डुमरियागंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बेवा हुसैन, वासा दरगाह पश्चिम डीह, जखौली, अरनी, बैदौलागढ़ ,लोहरौली, भारतभारी, औराताल, तेनुहार नवीन, औसानपुर, मिश्रौलिया, कादिराबाद, बयारा, पिरेला सुल्तान, भवानीगंज, पोखरा काज़ी सहित तमाम विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में साफ सफाई व दवा छिड़काव पर बल दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सामाजिक चर्चा के माध्यम से समाज के सभी को जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया गया। तमाम विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली व गोष्ठी आदि का आयोजन किया गया। कुछ विद्यालयों में बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर गीत प्रस्तुत कर अभिभावकों को प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सचिव के संयुक्त प्रयास से आयोजित बैठक में शपथ ग्रहण में भी लोगों से अपील की गई की आने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर अभियान को सफल बनाएं।

अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार शनिवार को प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावको व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को आमंत्रित कर गोष्ठी व बैठक के माध्यम से जागरूक किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा।

अनुसूचित जाति, जन जाति व पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी के ढेकहरी बुजुर्ग स्थित विद्यालय प्रांगण में आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति व पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दलितों, पिछड़ों, शोषितों तथा वंचितों का विकास हुआ है लोगों में आज ये विश्वास है कि मोदी है तो मुमकिन ही नहीं, गारंटी है।

शुक्रवार की देर सायं ढेकहरी बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार में जन कल्याणकारी योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंच रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या के महंत बाबा बृजमोहन दस ने कहा कि अबकी बार 400 के पार का संकल्प डुमरियागंज की जनता ने ले लिया है मुझे ये पूरा विश्वास है। कहा कि दबदबा था, दबदबा है और डुमरियागंज की जनता का आशीर्वाद फिर जगदम्बिका पाल को मिलेगा जिससे दबदबा बना रहेगा।

अब हेपेटाइटिस का संक्रमण

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। लिवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं। भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब 3 करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लिवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते। हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लिवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम पटरी पर लाया जा सकता है।

नतीजतन लक्ष्य भी कमोबेश हासिल किए जा सकते हैं। कई बीमारियां प्रदूषित रक्त के जरिए फैलती हैं। हेपेटाइटिस की दोनों किस्में भी दूषित रक्त के जरिए विस्तार पाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर के ऊतकों पर चोट करता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। लक्षण और निदान पेचीदा हैं, लिहाजा वायरस कई सालों तक छिपा रह सकता है। वे दूसरों को प्रभावित करते हैं। लक्षण तब सामने आने लगते हैं, जब रोगाणु ज्यादा आक्रामक रुख अख्तियार कर लेते हैं। हालांकि हेपेटाइटिस की किस्मों का कोई इलाज नहीं है, लेकिन जो इलाज किया जाता है, उससे कुछ हद तक लक्षणों का बंदोबस्त किया जा सकता है। यानी इलाज से बीमारी कुछ सीमा तक काबू में की जा सकती है। हालांकि 2018 में नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत टेस्टिंग और दवाएं निःशुल्क हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह रपट भी है कि प्रोग्राम ज्यादातर मरीजों के पास पहुंचा ही नहीं है। बीते 20 सालों में खून की जांच के प्रोटोकॉल बहुत सख्त किए गए हैं, लिहाजा रक्त के संक्रमण का जोखिम कम हुआ है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है।

भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लिवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं। चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

ओपीएस को लेकर सभी दलों की चुप्पी

प्रेम शर्मा

लगभग दस करोड़ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष वोटरों का एक बड़े मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ दल पर लगातार दबाव बनाने वाले केन्द्र एवं राज्य के कार्मिकों को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से इस लोकसभा चुनाव में बड़ी उम्मीद थी। लेकिन सत्तारूढ़ दल ने तो इस मुद्दे को पहले ही एक सिरे से नकार रखा है। अब कांग्रेस भी इस मुद्दे पर बगले झाकती नजर आ रही है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दे के बीच पुरानी पेंशन बहाली एक बड़ा मुद्दा था जो अब लगभग हाशिये पर नजर आने लगा है। कांग्रेस ने जहॉ जातिगत जनगणना,विकास, रोजगार आदि को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है वही भाजपा ने पिछले दस वर्षो की सौ उपलब्धियों में राम मंदिर, कश्मीर आदि सहित वैश्विक शाख को केन्द्रित किया है। कुल मिलाकर इन दोनों दलों के साथ क्षेत्रीय दलों ने भी पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर कोई दावा नही किया है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया, जहां उसके मुताबिक सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं।जातिगत जनगणना इस घोषणापत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि 10 वर्षों का एनडीए शासन 10 साल के यूपीए राज के मुकाबले विकास दर की कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है। यह केंद्र की भाजपा सरकार के डिवेलपमेंट के नैरेटिव को चुनौती है। इन परस्पर विरोधी दावों की प्रामाणिकता के सवाल में उलझे बगैर यह देखना ज्यादा दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके दावे पर अपनी मुहर लगाते हैं। जबकि पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही ओर से लोकलुभावन वादे हुए थे। तब अधिक लोगों का झुकाव केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर दिखा।कल्याणकारी घोषणाओं पर जोर देने के बावजूद कांग्रेस का यह घोषणापत्र ओल्ड पेंशन स्कीम पर चुप्पी साधे हुए है। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का इस पर जोर था। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में मिली कामयाबी के पीछे इस वादे की भी भूमिका बताई गई थी। लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों की राय थी कि यह वित्तीय समझदारी के खिलाफ है। ऐसे में कांग्रेस ने अगर सोच-समझे ढंग से इस मुद्दे पर कदम पीछे खींचने का जोखिम उठाया है तो इसकी सराहना होनी चाहिए। हालांकि कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिए जाने लगे हैं। उदाहरण के लिए पार्टी ने खानपान, वेशभूषा, भाषा और पर्सनल लॉ के मामले में अल्पसंख्यकों समेत सभी नागरिकों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात खास तौर पर कही है। बहरहाल अभी भाजपा का घोषण पत्र नही आया फिर भी भाजपा से पुरानी पेंशन बहाली पर कुछ उम्मीद करना बेकार है। इसके बावजूद भाजपा के लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में गरीब, युवा,किसान और महिलाओं के लिए बड़े वादे कर सकती है। आम आदमी की सेहत की सुरक्षा और महंगे इलाज से राहत दिलाने के लिए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का वादा भी हो सकता है। इसमें 5 लाख रुपए की लिमिट से लेकर अन्य क्राइटेरिया बढ़ाया जा सकता है। पिछली बार भाजपा ने देरी से पहले चरण के मतदान से ठीक पहले घोषणा पत्र जारी किया था लेकिन इस बार पार्टी समय पर इसे जारी करने की तैयारी में है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं।

चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

ललित गर्ग

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भो में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए,

दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं - ÷जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई÷। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है।

लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार!

एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा उम्मीदवारों के हलफनामों के विश्लेषण की करें तो, दोनों नें चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण के लिए मैदान में दावेदारी पेश कर रहे कुल 252 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें सात उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या के प्रयास के आरोप शामिल हैं, इन आंकड़ों से पता चलता है कि 161 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर अपराधों के मामले दर्ज होने की घोषणा की है वहीं 18 नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं।

वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े विशाल मंदिर लोकसभा में अपनी आवाज़ बुलंद करने के लिए अपने प्रतिनिधियों का को चयन करनें का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 में अभी मात्र 5 दिन बचे हैं,परंतु अभी उतना उत्साह या जोश नहीं दिख रहा है,परंतु अब आखिरी चार दिनों में चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने की पूरी उम्मीद है।मेरा मानना है कि अभी मतदाता पहले की अपेक्षा बहुत अधिकजागरूक हो गए हैं।भारतीय लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का हक है। बशर्ते वह भारत का नागरिक होना चाहिए। ऐसी उम्मीद की जाती है कि चुनाव में स्वच्छ छवि के लोग आगे आएं ताकि सरकार की बागडोर ईमानदार व्यक्तियों के हाथों में रहे लेकिन हम देखते हैं कि कई नेता ऐसे भी होते हैं जिनके खिलाफ कई प्रकार के मुकदमे दर्ज होते हैं। सामान्य तौर पर कुछ मुकदमे तो द्वेषतावश या किसी परिस्थिति के कारण दर्ज हो सकते हैं। लेकिन अगर किसी के खिलाफ गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज हो तो यह चिंता का विषय है। हमारे देश में कई ऐसे नेता हुए हैं जो न सिर्फ चुनाव जीतने के बाद बल्कि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के बाद जेल तक पहुंचे हैं। बता दें कई उम्मीदवार जाकर मतदाता के सामने कितनी भी बीन क्यों ना बजा लें, या हरे गुलाबी देकर आए, परंतु आज मतदाता अपने विवेक का उपयोग करता है जिसे जागृत करने में, द एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) तथा नेशनल इलेक्शन वॉच ने आम भूमिका अदा करने की कोशिश की है, क्योंकि एडीआर व एनएडब्लू ने लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव लड़ रहे 102 सीटों के 1625 उम्मीदवारों में से 1618 उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया है,जिसको हर एंगल से उम्मीदवारों, राजनीतिक पार्टियों का भी आंकलन किया है। बता दें कि चुनाव लड़ते समय खुद प्रत्याशियों द्वारा अपने ऊपर लगे आपराधिक प्रकरणों का उल्लेख किया जाता है, चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्रों के साथ शपथ पत्र जमा कराया। इन शपथ पत्रों में सभी तरह की जानकारियां दी गई है। प्रत्याशियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरण और उनकी स्थिति का पूरा ब्यौरा भी स्वयं प्रत्याशियों की ओर से दिया गया है, जिसका विश्लेषण एडीआर ने किया है।जिसमें हैरानी वाली बात यह है कि, लोकसभा चुनाव में पहले चरण में जिन 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट यानी 41 फीसद रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। एडीआर के मुताबिक रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र का अभिप्राय उन सीट से हैं जहां से किस्मत आजमा रहे तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। विश्लेषण के मुताबिक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा इस चरण के लिए मैदान में उतारे गए सभी चारों उम्मीदवारों केखिलाफ

किशन भावनानी

आपराधिक मामला दर्ज है।तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के 22 उम्मीदवारों में से 13 (59 फीसद), समाजवादी पार्टी के घोषित सात उम्मीदवारों में तीन पर (43 फीसद),तृणमूल कांग्रेस के घोषित पांच उम्मीदवारों में दो (40 फीसद), भाजपा द्वारा घोषित 77 उम्मीदवारों में से 28 (36 फीसद), कांग्रेस द्वारा घोषित 56 उम्मीदवारों में से 19 (34 फीसद) पर आपराधिक मामला दर्ज है। इसी प्रकार आल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की ओर से मैदान में उतारे गए 36 उम्मीदवारों में से 13 (36 फीसद)और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा घोषित 86 उम्मीदवारों में से 11 (13 फीसयद) दागी हैं। चूंकि 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण के 102 सीटों में 41फ़ीसदी यानें 42 सीटें रेडअलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं जिनको रेखांकित करना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार!

साथियों बात अगर हम एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा उम्मीदवारों के हलफनामों के विश्लेषण की करें तो, दोनों नें चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण के लिए मैदान में दावेदारी पेश कर रहे कुल 252 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें सात उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या के प्रयास के आरोप शामिल हैं, इन आंकड़ों से पता चलता है कि 161 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर अपराधों के मामले दर्ज होने की घोषणा की है वहीं 18 नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं, जबकि 35 पर नफरत फैलाने वाले भाषण (हेट स्पीच) से संबंधित मामले हैं। 1,618 उम्मीदवारों में से 15 ने उन मामलों की घोषणा की है, जिनमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। एडीआर ने शपथ पत्र के आंकलन पर यह रिपोर्ट तैयार की है।रिपोर्ट में ही उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति का भी आंकलन पेश किया गया है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में सात उम्मीदवारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हैं, जबकि 19 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला है। एडीआर के मुताबिक 18 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है, और उनमें से एक पर भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार का आरोप है। संगठन ने बताया कि 35 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर घृणा भाषण देने का आरोप है। राजनीतिक दलों की बात करें, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सभी चार उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है. इस मामले में सबसे कम दागदार उम्मीदवारों वाली पार्टी बसपा है, जिसके 86 उम्मीदवारों में से 11 यानी 13 प्रतिशत पर आपराधिक मामले थे।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति के आकंलन को देखें तो, पहले चरण में 450 करोड़पति (जिनकी कुल संपत्ति 1 करोड़ से अधिक है) उम्मीदवार हैं, जिनमें से अधिकतम 69 भाजपा से हैं।इसके बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस से 49, फिर अन्नाद्रमुक से 35, द्रमुक से 21, बसपा से 18 हैं। तृणमूल और राजद से चार - चार उम्मीदवारों के पास एक करोड़ से अधिक संपत्ति है। अन्नाद्रमुक के उम्मीदवारों के पास सबसे अधिक औसत संपत्ति 35.61 करोड़ रुपये है। इसके बाद द्रमुक के पास 31.22 करोड़ रुपये, कांग्रेस के पास 27.79 करोड़ रुपये और भाजपा के पास 22.37 करोड़ रुपये हैं। छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ ने सबसे अधिक 716 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। इसके बाद तमिलनाडु के इरोड से अन्नाद्रमुक प्रत्याशी अशोक कुमार ने 662 करोड़ रुपए की संपत्ति होने की जानकारी दी है। भाजपा के टिकट पर तमिलनाडु के शिवगंगा से किस्मत आजमा रहे देवनाथन यादव टी ने 304 करोड़ रुपए की संपत्ति होने की जानकारी दी है।

स्वस्थ भारत की जननी है आंगनबाड़ी केंद्र

आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 6 की कार्यकर्ता पार्वती देवी का कहना है कि यहां कुल 55 बच्चों का पंजीकरण है। जिसमें 0 से 3 साल के 29 बच्चे और 3 से 6 साल के 26 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन केंद्र पर नियमित रूप से केवल 6 बच्चे ही आते हैं। पंजीकरण के बावजूद बच्चों की कम संख्या के सवाल पर पार्वती देवी बताती हैं कि 'दरअसल इस गाँव का अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। ज्यादातर माता पिता दैनिक मजदूरी करने शहर जाते हैं।

एक अप्रैल से राजस्थान की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे आंगनबाड़ी से जुड़े सदस्यों को काफी लाभ पहुंचेगा। इस वक़्त पूरे राज्य में 62,020 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। जिसके माध्यम से लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण मुक्त बनाया जा रहा है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन इन्हीं कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं के माधयम से मुमकिन होता है। कई बार कम वेतन और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन कार्यकर्ताओं, सहयोगिनियों और सहायिकाओं ने देश के नौनिहालों के शारीरिक और मानसिक विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। अक्सर समाचारपत्रों में कई महीनों तक इनके वेतन रुके होने की ख़बरें आती रहती हैं। जिससे इनकी आर्थिक परेशानियों को समझा जा सकता है। इसके बावजूद यह समर्पण और सेवा भाव से बच्चों के विकास के लिए तत्पर नज़र आती हैं। दरअसल सभी आंगनबाड़ी केंद्र भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के तहत संचालित होती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय आधारित कार्यक्रम है। जिसके माध्यम से लक्षित समुदाय के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में सुधार लाना है। 02 अक्टूबर 1975 को शुरू की गई इस योजना ने अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से मुक्त बनाया है। यही कारण है कि केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकारों ने समय समय पर न केवल इस योजना को प्रोत्साहित किया है बल्कि अन्य कई योजनाओं को इससे जोड़ा भी है। जिसका परिणाम है कि ज़मीनी स्तर पर इसके सकारात्मक नतीजे भी देखने को मिलते रहे हैं। हालांकि कई बार इन्हें बच्चों के पंजीकरण और उनकी उपस्थिति से जुड़ी समस्याओं का इन्हें सामना भी करनी पड़ती है।

बेबी कंवर

इसका एक उदाहरण राज्य के बीकानेर स्थित कालू गांव है। जिला मुख्यालय से 92 किमी और लूणकरणसर ब्लॉक से 20 किमी की दूरी पर स्थित इस गांव में पिछले कई वर्षों से संचालित 6 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुचारु रूप से लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत से उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस गांव की जनसंख्या करीब 10334 है। इतनी बड़ी आबादी वाला यह गाँव 9 वार्डों में विभाजित है। यहां अनुसूचित जाति की संख्या लगभग 14।5 प्रतिशत है। इन सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 साल की उम्र के लगभग 400 बच्चे पंजीकृत हैं। जिन्हें पूरक आहार के तहत प्रतिदिन दलिया और खिचड़ी दी जाती है ताकि बच्चों को कुपोषण मुक्त बना कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। लेकिन अक्सर इन पंजीकृत बच्चों और

बिल गेट्स को चाय पिलाने वाले डॉली चायवाला की संपत्ति जानकर उड़ जाएंगे आपके होश

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बिल गेट्स की नेटवर्थ करीब 149 अरब डॉलर है और वह दुनिया के पांचवें सबसे अमीर इंसान हैं। बिल गेट्स के वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाते हैं। बता दें कि बिल गेट्स जब भी भारत यात्रा पर आते हैं तो हमेशा कोई ऐसी वीडियो या फोटो साझा करते हैं जो चर्चा का विषय बन जाती है।

हाल ही में मशहूर डॉली चायवाले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसमें बिल गेट्स वन चाय प्लीज कहते नजर आए थे। आज हम आपको बिल गेट्स को चाय पिलाने वाले डॉली चायवाले की नेटवर्थ के बारें में बताने जा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से डॉली चायवाला काफी फेमस हो गए हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बिल गेट्स की नेटवर्थ करीब 149 अरब डॉलर है और वह दुनिया के पांचवें सबसे अमीर इंसान हैं। बिल गेट्स के वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाते हैं। बता दें कि बिल गेट्स जब भी भारत यात्रा पर आते हैं तो हमेशा कोई ऐसी वीडियो या फोटो साझा करते हैं जो चर्चा का विषय बन जाती है। हाल ही में मशहूर डॉली चायवाले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसमें बिल गेट्स वन चाय प्लीज कहते नजर आए थे। आज हम आपको बिल गेट्स को चाय पिलाने वाले डॉली चायवाले की नेटवर्थ के बारें में बताने जा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से डॉली चायवाला काफी फेमस हो गए हैं। डॉली चायवाला अपने अतरंगी अंदाज के लिए सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। डॉली चायवाला अपने अतरंगी लुक को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। चमकीली शर्ट, आंखों में चश्मा और रंगीला अंदाज डॉली चायवाले को सबसे अलग दिखाता है। बता दें कि डॉली रजनीकांत स्टाइल में चाय पिलाते हैं। डॉली पिछले 16 सालों से महाराष्ट्र के नागपुर में चाय की टपरी लगा रहे हैं। कई सेलिब्रिटी भी डॉली की चाय के दीवाने हैं और उनकी टपरी पर चाय पीने आते हैं। डॉली चाय की टपरी से अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डॉली करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। डॉली चायवाला का चाय बनाने का तरीका लोगों को काफी पसंद आता है। दूर दूर से फूड व्लॉगर्स उनके वीडियो बनाने आते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी करते हैं। हालांकि जब से बिल गेट्स ने इनकी टपरी पर चाय पी है हालांकि जब से बिल गेट्स ने इनकी टपरी पर चाय पी है तब से डॉली चायवाला और मशहूर हो गए हैं।

बस्तर और योद्धा के नाक में दम करने आ रहा कुंगफू पांडा

मार्च के पहले सप्ताह में रिलीज हॉलीवुड की फिल्म ड्यून पार्ट 2 ने इसके साथ रिलीज हिंदी और दूसरी भारतीय भाषाओं की फिल्मों के छक्के छुड़ा दिए हैं। दर्शकों की निगाहें इस महीने रिलीज होने वाली हॉलीवुड की बाकी फिल्मों पर है। इस महीने सबसे दिलचस्प दिन होगा 15 मार्च का जब बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी हिंदी फिल्मों च्शैतानज् और च्योद्धाज् को बच्चों के बीच बेहद लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कुंग फू पांडा 4 से भिड़ना होगा। मुकाबला दिलचस्प महीने के आखिरी शुक्रवार को भी होने वाला है, जब च्गॉडिला 3 कॉन्ग- द न्यू एम्पायारज् से हिंदी फिल्मों च्कूज् और च्दो और दो प्यारज् का सामना होगा।

फिल्म डेमसेल अमेरिकी डार्क फंतासी फिल्म है। जुआन कार्लोस फ्रेस्नाडिलो के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मिल्ली बॉबी ब्राउन, रे विंस्टोन, निक रॉबिन्सन, शोहरे अघदाशलू , एंजेला बैसेट और रॉबिन राइट की मुख्य भूमिकाएं हैं। इस फिल्म में दिखाया गया है कि एक कर्तव्यपरायण आश्रित युवा रईस से एक सुंदर राजकुमार से शादी करने के लिए तैयार हो जाती है, लेकिन उसे जब पता चलता है कि उसका परिवार एक ऋण चुकाने के लिए उसकी बलि देने का इरादा रखता है तो वहां से वह एक डरावने अजगर की गुफा में छुप जाती है। फिल्म रोड हाउस% एक अमेरिकी एक्शन फिल्म है। डौग लिमन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जेक गिलेनहाल, डेनिएला मेल्चियोर, कॉनर मैकग्रेगर और अन्य की

मुख्य भूमिकाएं हैं। इस फिल्म की कहानी फ्लोरिडा कीज के एक बाउंसर के इर्द - गिर्द घूमती हैं। इस फिल्म में बाउंसर की भूमिका अभिनेता जेक गिलेनहाल ने निभाई है। यह फिल्म संयुक्त राज्य अमेरिका में 15 मार्च को रिलीज हो रही है और इस फिल्म को 21 मार्च 2024 से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। फिल्म %कुंग फू पांडा 4% अमेरिकी एनिमेटेड मार्शल आर्ट कॉमेडी फिल्म है। माइक मिशेल के निर्देशन में बनी यह फिल्म %कुंग फू पांडाज् फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है। इसमें जैक ब्लैक, डस्टिन हॉफमैन, जेम्स होंग, ब्रायन क्रैंस्टन और इयान मैकशेन पिछली फिल्मों की अपनी भूमिकाओं को फिर से आवाजें दें रहे हैं। इसके अलावा अक्वाफिना, के हुई क्वान, रोनी चिएंग, लोरी टैन चिन और वियोला डेविस को नए पात्रों की आवाजों के रूप में शामिल किया गया है। इस फिल्म में पो को एक नए योद्धा को प्रशिक्षित करने का काम सौंपा गया है। लेकिन उसकी योजनाएं तब एक अप्रत्याशित मोड़ लेती हैं जब एक भयानक आकार बदलने वाली जादूगरनी उसके स्टाफ ऑफ विजडम को निशाना बनाती है। यह फिल्म 8

मार्च 2024 को संयुक्त राज्य अमेरिका में रिलीज हो रही है और भारत में 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी। फिल्म द अमेरिकन सोसायटी ऑफ मैजिकल नीग्रोज का निर्माण - लेखन और निर्देशन कोबी लिबी ने किया है। इस फिल्म में एक युवक को गोरे लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध जादुई काले व्यक्तियों के एक गुप्त समूह में शामिल किया गया है। शुरू में अपनी नई क्षमताओं से मोहित होकर, वह आजीवन दायित्व को पूरा करने के लिए अलौकिक तरीकों को अपनाने की नैतिकता पर विचार करना शुरू कर देता है। इस फिल्म में जस्टिस स्मिथ, डेविड एलन ग्रायर, डू टार्वर, माइकेला वॉटकिंस, आयशा हिंड्स, टिम बाल्ट्ज, रूपर्ट फ्रेंड और निकोल बायर की प्रमुख भूमिकाएं हैं। जेम्स हावेस के निर्देशन में बनी फिल्म %वन लाइफ% ब्रिटिश मानवतावादी सर निकोलस विंटन की सच्ची कहानी पर आधारित है। यह फिल्म साल 1938-39 में जर्मन कब्जे वाले चेकोस्लोवाकिया में यहूदी बच्चों के समूहों को छिपने और भागने में मदद करने के अपने पिछले प्रयासों पर आधारित है। फिल्म में एंथनी हॉपकिंस और जॉनी फ्लिन ने सर निकोलस की भूमिका निभाई है,जबकि लीना ओलिन, रोमोला गराई, एलेक्स शार्प, जोनाथन प्राइस और हेलेना बोनहम कार्टर की इस फिल्म में प्रमुख भूमिका है। यह फिल्म संयुक्त राज्य अमेरिका 15 मार्च 2024 में हो रही है, इससे पहले यह फिल्म 1 जनवरी 2024 को यूनाइटेड किंगडम में रिलीज हो चुकी है। फिल्म घोस्टबस्टर्स- फ्रोजन एम्पायर% एक फंतासी-कॉमेडी फिल्म है। गिल केनान के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी स्पेंगलर परिवार की है जो न्यूयॉर्क शहर को एक शक्तिशाली दुश्मन से बचाने के लिए अपनी टीम को मजबूत करता है। यह फिल्म घोस्टबस्टर्स फ्रैंचाइजी की पांचवीं फिल्म है। इस फिल्म में मैकेना ग्रेस, पॉल रुड, कैरी कून, सेलेस्टे ओ कॉनर, लोगान किम, बिल मुर्रे, डैन अकरोयड, एर्नी हडसन, और विलियम एथरटन की मुख्य भूमिकाएं हैं। फिल्म गॉडजिला एक्स कोंग- द न्यू एम्पायर एक अमेरिकी मॉन्स्टर फिल्म है, जिसका निर्देशन एडम विंगर्ड ने किया है। यह गॉडजिला फ्रैंचाइजी की 38वीं फिल्म है। इस फिल्म में डॉ. इलीन एंड्रयूज की भूमिका में रेबेका हॉल, बर्नी हेस की भूमिका में ब्रायन टायरी हेनरी और ट्रैपर की भूमिका में डैन स्टीवंस नजर आएंगे। रेबेका हॉल और ब्रायन टायरी हेनरी ने इस फिल्म में अपनी पिछली फिल्म की भूमिका में नजर आएंगे । इस फिल्म में दिखाया गया है कि गॉडजिला और कॉन्ग एक अनदेखे खतरे के खिलाफ एकजुट होते हैं जो खोखली पृथ्वी और सतह के लिए खतरा है।

मेगास्टार ममूटी की भ्रमयुगम होगी ओटीटी पर रिलीज

मेगास्टार ममूटी साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म भ्रमयुगम बॉक्स ऑफिस पर धमाल दिखा चुकी है। दर्शकों ने ममूटी की इस फिल्म को काफी सराहा है। वहीं अब भ्रमयुगम के मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने के लिए तैयार हैं। साउथ स्टार ममूटी की फिल्म भ्रमयुगम प्राचीन लोकथाओं पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में जादू-टोना और काली शक्तियों को काफी भयानक रूप से दिखाया गया है। ममूटी ने इस फिल्म में कमाल का अभिनय किया है। वहीं इस फिल्म का निर्देशन राहुल सदाशिवन ने किया है। दर्शकों को इस फिल्म की कहानी काफी पंसद आई है। इस फिल्म की खासियत यह है कि इसे ब्लैक एंड व्हाइट कॉपी में रिलीज किया गया है। सुपरस्टार ममूटी की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया है। अब भ्रमयुगम जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 15 मार्च 2024 को इस फिल्म को सोनी लिव एप पर रिलीज किया गया है।

जान्हवी कपूर के हाथ लगी बड़ी फिल्म

सुपरस्टार रामचरन के साथ शेयर करेंगी स्क्रीन

जान्हवी कपूर राम चरण की आगामी तेलुगु फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन बुच्ची बाबू सना करने वाले है। 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर इस खबर की आधिकारिक घोषणा की गई। जान्हवी कपूर का शेड्यूल बहुत व्यस्त है। एक्ट्रेस जो अपनी तीन रिलीज के लिए तैयार है, अब देवरा के बाद एक और तेलुगु फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस अब राम चरण की 16वीं फिल्म में उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, जिसे बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। आधिकारिक घोषणा आज, 6 मार्च को की गई।

जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर, प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के साथ फिल्म की खबर को आधिकारिक बना दिया। कैप्शन में लिखा है,क्रष्ट16 के लिए बोर्ड पर दिव्य सुंदरता का स्वागत करते हुए मंत्रमुग्ध कर देने वाली जान्हवी कपूर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना करेंगे। उन्होंने जान्हवी का भी स्वागत किया और लिखा, आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं जान्हवी कपूर, आपके साथ काम

करने के लिए उत्सुक हूं। इससे पहले जान्हवी कपूर के पिता बोनी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान इस खबर की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा था, मेरी बेटी पहले ही जूनियर एनटीआर के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर चुकी है। वह यहां सेट पर बिताए गए हर दिन को पसंद करती है। जल्द ही वह राम चरण के साथ भी एक फिल्म शुरू करेंगी. ये दोनों लड़के बहुत अच्छा कर रहे हैं। वह बहुत सारी तेलुगु फिल्में देख रही हैं और उनके साथ काम करके वह धन्य महसूस करती हैं। उम्मीद है कि फिल्में चलेंगी और उन्हें और काम मिलेगा। वह जल्द ही सूर्या के साथ भी अभिनय करेंगी। मेरी पत्नी (श्रीदेवी) ने कई भाषाओं में अभिनय किया, मुझे उम्मीद है कि मेरी बेटी भी ऐसा ही करेगी। जान्हवी कपूर आखिरी बार वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आई थीं। आरसी 16 और देवरा के अलावा, जान्हवी के पास राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही, सुधांशु सरिया की उलझ और वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी भी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने की यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ

पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ की है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वीडियो देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 ने देश पर बड़ा प्रभाव डाला और बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और ऐतिहासिक क्षण को दर्शाती है। फिल्म ने प्रशंसकों के बीच हलचल पैदा कर दी और यहां तक कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म की सराहना की। तेलंगाना के संगारेड्डी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने यामी गौतम स्टारर आर्टिकल 370 की तारीफ की। उन्होंने कहा, हमने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का वादा किया था। बीजेपी ने उस वादे को इस तरह पूरा किया कि एक फिल्म बनी आर्टिकल 370 इसी मुद्दे पर बनाई गई है। उन्होंने कहा, फिल्म लोकप्रिय हो रही है। यह पहली बार है कि लोग इस तरह की फिल्मों की बदौलत ऐसे मुद्दों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हमने अयोध्या में एक भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करने का भी वादा किया था। यह वादा भी पूरा किया गया। जम्मू और कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित, अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान में उस अनुच्छेद के ऐतिहासिक निरसन पर आधारित है, जिसने तत्कालीन राज्य को विशेष दर्जा दिया था। 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने इसे रद्द



कर दिया। यामी गौतम द्वारा निर्देशित और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले द्वारा निर्देशित हाई-ऑक्टेन एक्शन राजनीतिक ड्रामा, ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित है। आर्टिकल 370 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रियामणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की शादी होगी बेहद खास

फुकरे एक्टर पुलकित सम्राट इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर लंबे समय से शादी में जरूर आना एक्ट्रेस कृति खरबंदा को डेट कर रहे हैं। अब दो साल से ज्यादा समय तक डेटिंग करने के बाद इस जोड़े ने शादी करने का फैसला किया है। और अब उनकी शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जो आम शादी के कार्ड से बिल्कुल अलग है। सामने आया कार्ड एनीमेशन आधारित है, जिसमें एक लड़का गिटार लेकर बालकनी में बैठा है। उनके बगल में एक लड़की भी बैठी नजर आ रही है। दोनों को एक साथ समुद्र की तरफ देखते हुए देखा जा सकता है। कार्ड में इन दोनों के साथ दो कुत्ते भी नजर आ रहे हैं। पुलकित और कृति के कार्ड पर कैप्शन में लिखा- अपने दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। इस वायरल कार्ड को देखने के बाद फैंस इस जोड़ी को बधाईयां दे रहे हैं। खबरों की मानें तो दोनों 13 मार्च को शादी करेंगे।

कुछ समय पहले सगाई की तस्वीरें वायरल हुई थीं

बता दें, आखिरी बार फुकरे 3 में नजर आए एक्टर पुलकित सम्राट लंबे समय से कृति खरबंदा को डेट कर रहे हैं। इन दोनों ने काफी समय पहले ही अपने प्यार का ऐलान दुनिया के सामने कर दिया था। हाल ही में दोनों की सगाई की खबरों ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक पोस्ट वायरल हुई था जिसमें कृति खरबंदा और पुलकित का परिवार एक साथ नजर आ रहा था। फोटो में कृति अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट कर रही थीं। इस पोस्ट को पुलकित सम्राट की बहन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

कथित तौर पर पुलकित और कृति समुद्र तट पर शादी करेंगे। बता दें, पुलकित सम्राट की ये दूसरी शादी होने वाली है. इससे पहले 2014 में पुलकित ने अपनी गर्लफ्रेंड और सलमान खान की बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी। 2015 में ये शादी टूट गई और अगले ही साल दोनों का तलाक हो गया।

सावरकर से न जोड़ें नेताजी का नाम

रणदीप हुडा की स्वतंत्र वीर सावरकर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते बोले

रणदीप हुडा स्टारर फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर उस समय विवादों में घिर गई जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे ने इस पर प्रतिक्रिया दी। स्वतंत्र वीर सावरकर का लॉन्च किया गया ट्रेलर, दो प्रभावशाली नेताओं, महात्मा गांधी और वीर सावरकर के बीच ऐतिहासिक मुलाकात को दर्शाता है। इस फिल्म को रणदीप हुडा ने फिल्म का निर्देशन किया है। रणदीप हुडा स्टारर फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर विवादों में घिर गई है।

यह फिल्म, विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है, जो निर्देशक के रूप में रणदीप हुडा की पहली फिल्म है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। कल लॉन्च किया गया ट्रेलर, दो प्रभावशाली नेताओं, महात्मा गांधी और वीर सावरकर के बीच ऐतिहासिक मुलाकात को दर्शाता है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उनकी अलग-अलग विचारधाराओं को उजागर करता है। इसके अलावा, इसमें बाल गंगाधर तिलक, मदनलाल ढींगरा, भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी प्रमुख शख्सियतों की झलक भी है, जो उस समय की राजनीतिक गतिशीलता की ओर इशारा करते हैं। अब, नेताजी के भतीजे, चंद्र कुमार बोस ने फिल्म पर टिप्पणी करने के लिए एक्स का सहारा लिया है और निर्माताओं से सुभाष चंद्र बोस का नाम सावरकर के साथ जोड़ने से परहेज करने को कहा है। उन्होंने इंडिया टुडे के एक आर्टिकल का लिंक शेयर करते हुए रणदीप हुडा को टैग करते हुए लिखा, ञ्चरणदीप हुडा - %सावरकर% पर फिल्म बनाने के लिए आपकी सराहना करते हैं, लेकिन सच्चे व्यक्तित्व को पेश करना महत्वपूर्ण है! कृपया %नेताजी सुभाष चंद्र बोस% का नाम सावरकर के साथ जोड़ने से बचें। नेताजी एक समावेशी धर्मनिरपेक्ष नेता और देशभक्तों के देशभक्त थे। फिल्म स्वातंत्र्य वीर

सावरकर में रणदीप हुडा मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ अंकिता लोखंडे भी हैं। उत्कर्ष नैथानी द्वारा निर्देशित और सह-लिखित यह फिल्म एक दूरदर्शी नेता, स्वातंत्र्य वीर सावरकर की कहानी पर आधारित है। लीजेंड स्टूडियोज और अवाक फिल्म्स के सहयोग से आनंद पंडित मोशन पिक्चर्स और रणदीप हुडा फिल्म्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म का उद्देश्य भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में सावरकर की भूमिका पर प्रकाश डालना है। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को रिलीज होने वाली है।

फिल्म मैदान का धमाकेदार टीजर जारी

अजय देवगन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मैदान को लेकर चर्चा में हैं। मैदान इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों के उत्साह को देखते हुए मेकर्स ने बुधवार को फिल्म का टीजर जारी किया। वहीं, इसके साथ ही फिल्म के ट्रेलर लॉन्च की डेट भी जारी कर दी गई है। मैदान के 36 सेकंड के टीजर में कुछ बच्चे सड़क पर फुटबॉल खेलते नजर आ रहे है, इसके बाद एंट्री होती है अजय देवगन की। इसके बाद का दृश्य बेहद शानदार है। टीजर रिलीज के साथ ही मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। गुरुवार को मैदान का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। फिल्म ईद के मौके पर बड़े सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गौरतलब है कि मैदान भारत में फुटबॉल के गोल्डन एरा को दिखाया गया है। फिल्म फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है। फिल्म की टीजर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अजय ने लिखा, आजाओ मैदान में! हम भारतीय फुटबॉल के गोल्डन एरा की सच्ची कहानी पेश करने के तैयार हैं।

जानिए इस बीमारी के लक्षण और इसके विभिन्न चरण



क्या आप जनते हैं? पार्किंसंस रोग एक प्रगतिशील तंत्रिका संबंधी विकार है जो मुख्य रूप से किसी के चलने-फिरने को प्रभावित करता है। ग्लेनीगल्स हॉस्पिटल परेल मुंबई के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज अग्रवाल के अनुसार, पार्किंसंस के सबसे आम लक्षण हाथ, बांह, पैर, जबड़े या सिर में कंपकंपी या अनैच्छिक कंपन हैं। ये झटके किसी की दैनिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करते हैं और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।

एक अन्य सामान्य लक्षण ब्रैडीकिनेसिया है, या गति की धीमी गति के कारण गति शुरू करने में कठिनाई होती है, चलने की गति धीमी हो जाती है, और कुल मिलाकर गतिशीलता कम हो जाती है। बाद के चरणों में पार्किंसंस स्मृति हानि और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, अवसाद, चिंता, नींद में गड़बड़ी और थकान का कारण बन सकता है। पार्किंसंस से पीड़ित लोगों को मोटर और गैर-मोटर दोनों लक्षणों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और समग्र कल्याण को बढ़ाने के लिए डॉक्टर के साथ मिलकर काम करना चाहिए। लक्षणों को ध्यान में रखते हुए समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है और उपचार लक्षणों और बीमारी की अवस्था के आधार पर होगा।

हल्की बीमारी

पार्किंसंस रोग के प्रारंभिक चरण में, व्यक्तियों को हल्के लक्षणों का अनुभव हो सकता है जो उनकी दैनिक गतिविधियों या समग्र कल्याण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करते हैं। इस स्तर पर सामान्य लक्षणों में कंपकंपी और चलने-फिरने में कठिनाई शामिल है, जो मुख्य रूप से शरीर के एक तरफ को प्रभावित करती है। सौभाग्य से, इन शुरुआती लक्षणों को कुशलतापूर्वक कम करने में मदद के लिए दवाएं उपलब्ध हैं।

रोग की प्रगति

मांसपेशियों में अकड़न और मुद्रा संबंधी समस्याएं: दूसरे चरण के दौरान, व्यक्ति कंपकंपी, अकड़न, कंपकंपी और असामान्य चेहरे के भाव देख सकता है। चलने-फिरने में कठिनाई, जैसे मांसपेशियों में अकड़न, कार्यों को पूरा करने में समस्या पैदा कर सकती है। आसन भी प्रभावित हो सकता है, जिससे पीठ और गर्दन में दर्द हो सकता है। इस चरण में व्यक्ति आमतौर पर स्वतंत्र रूप से रह सकते हैं लेकिन उन्हें अनुभव होने वाले लक्षणों के कारण दैनिक गतिविधियों में कठिनाई हो सकती है।

उन्नत पार्किंसंस रोग में, लोगों की सजगता कम हो जाती है और कभी-कभी संतुलन बिगड़ जाता है। परिणामस्वरूप, वे अधिक स्पष्ट रूप से चलने में कठिनाई प्रदर्शित कर सकते हैं या अधिक धीमी गति से आगे बढ़ते हुए प्रतीत हो सकते हैं। इस अवस्था में गिरने की आवृत्ति बढ़ जाती है। मोटर कौशल काफी प्रभावित होते हैं। मोटर फ़ंक्शन में यह गिरावट किसी की स्वतंत्र रहने की क्षमता में काफी बाधा डाल सकती है और कई लोगों को चलने में सहायता की आवश्यकता होती है। इस अवस्था के दौरान दैनिक गतिविधियां कठिन हो जाती हैं।

उन्नत पार्किंसंस रोग कठोरता चरण बीमारी का उन्नत चरण है। इस स्तर पर, पैरों में अत्यधिक अकड़न के कारण व्यक्ति खड़ा होने या चलने में असमर्थ हो सकता है, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। दुर्भाग्य से, बड़ी संख्या में लोग व्हीलचेयर से बंधे हैं।

अच्छी नींद के लिए सोने से पहले पानी मिलाकर इन चीजों का करें सेवन, पेट भी रहेगा ठीक

शरीर के अच्छे स्वस्थ के लिए बेहतर और गहरी नींद होना अवाश्यक है। यह मनसिक स्वस्थ के लिए जरुरी होता है, वहीं शरीर को स्वस्थ रखने में भी प्रभावी होता है। आजकल लोगों को अच्छी नींद नहीं आतू है। ऐसे में आप गुनगुने पानी के साथ कुछ चीजों को फांककर सो सकते हैं। इससे पेट या फिर शरीर में होने वाली परेशानियों को कम किया जा सकता है, जिससे शरीर को रेलैक्स मिलता है। ऐसे में आपको अच्छी और गहरी नींद आएगी।

गुनगुने पानी के साथ अजवाइन का सेवन करें

अक्सर पेट में गैस और अपच की शिकायत की वजह से अच्छी और गहरी नींद नहीं आती है। ऐसे में आपको रात में सोने से पहले गुनगने पानी के साथ अजवाइन का सेवन करना चाहिए। इससे पेट को ठीक करके आपके नींद को बेहतर करता है। साथ ही गैस और अपच से भी राहत दिला सकता है।

गुनगुने पानी के साथ सौंफ का सेवन करें

रात के समय सोने से पहले 1 चम्मच सौंफ फांक लें। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होगा। साथ ही आपका गट हेल्थ भी इम्प्रूव होगा, जो आपकी नींद को लाने में प्रभावी हो सकता है। अगर आप अच्छी और गहरी नींद लाना चाहते हैं, तो इसे मिश्रण का सेवन जरूर करें।

गुनगुना पानी और काला नमक के फायदे

अच्छी नींद के लिए गुनगुने पानी के साथ काला नमक खाएं। यह पाचन की गड़बड़ी को ठीक करने के साथ-साथ नींद को भी बेहतर कर सकता है। इससे पेट में होने वाला दर्द भी ठीक हो जाएगा। इसके साथ ही आपकी बॉडी को रिलैक्स करने में प्रभावी होता है।

गुनगुना पानी और सौंठ का पाउडर

रात को सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ 1 चम्मच सौंठ का पाउडर फांक लें। वहीं इससे कब्ज से राहत पाने में मदद मिलती है। साथ ही यह आपकी नींद को बेहतर करने में प्रभावी होता है। इससे शरीर को रिलैक्स मिलता है, जिससे नींद को बेहतर करने में मदद मिलती है।

त्रिफला चूर्ण का सेवन और गुनगुना पानी

अच्छी नींद के लिए गुनगुने पानी के साथ त्रिफला चूर्ण का सेवन करें। त्रिफला चूर्ण में तीन जड़ी-बूटियां मौजूद होती हैं, जो आपके शरीर को विकसित करेगी। यह नींद को बेहतर कर सकता है। साथ ही पाचन के लिए काफी अच्छा हो सकता है। बेहतर नींद के लिए और पाचन गड़बड़ी ठीक हो, तो रात को सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ त्रिफला चूर्ण का सेवन करें।

वजन घटाने के लिए रोजाना कितनी देर चलना चलना सहीं होता है, जानें एसपर्ट की राय

वजन कम करना बिलकुल भी आसान नहीं होता है। इसके लिए कई पापड़ बेलने पड़ते हैं। बहुत से लोग हैवी वर्कआउट करने से भी डरते हैं। ऐसे में आप रोजाना टेहल कर वेट लॉस कर सकते हैं। अब सवाल ये बनता है कि वजन कम करने के लिए कितनी देर चलना चाहिए? आइए आपको बताते हैं न्यूट्रिशनिस्ट और लाइफस्टाल कोच सिमरन कौर से जानते हैं रोजाना कितनी देर चलने से वजन कम होता है?

रिसर्च क्या कहती है?

रिसर्च के मुताबिक, रोजाना पैदल चलना एक बढ़िया एरोबिक एक्सरसाइज है, जो पूरे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करती है। एक्सपर्ट के अनुसार, रोजाना कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलने से वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

कितने कदम चलनी सही होता है?

एक्सपर्ट की मुताबिक, तो दिन में कम से कम 9000-10000 कदम चलने से वजन कम करने में मदद मिलती है, लेकिन इसके साथ एक्सरसाइज और डाइट का ख्याल रखना भी जरुरी है।

वजन घटाने के लिए कैसे वॉक करें?

बेहतर परिणाम के लिए वॉक करते समय ब्रिस्क पेस को मेंटेंन करें यानी आपको न बहुत अधिक तेज वॉक करना है और ना ही बहुत धीमे चलना है। एक्सपर्ट की मानें तो सही रिजल्ट के लिए आपको हर हफ्ते में लगभग 150 मिनट वॉक करनी चाहिए। तभी आपको वजन कम करने में मदद मिल पाएगी।

किस समय वॉक करें?

सुबह 7 से 9 बजे के बीच का समय वॉक के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है। अगर आप सुबह पैदल नहीं चल पाते हैं, तो आप शाम और रात में पैदल चलकर भी आसानी से वजन कम कर सकते हैं।

पाचन संबंधित परेशानियां दूर होगी

पैदल चलने से पाचन संबंधित परेशानियां दूर होती है। वॉक करने से न केवल आपका वजन कम होगा, बल्कि इससे आपकी पाचन शक्ति भी बेहतर होगी। वॉक करने से गैस, एसिडिट और कब्ज से भी राहत मिलेगी।

स्ट्रेस होगी दूर

अगर आप काफी स्ट्रेस लेते हैं तो आपको वॉक करना चाहिए। रोजाना वॉक करने से स्ट्रेस कम होता है। वहीं इससे मानसिक तनाव और डिप्रेशन जैसे लक्षणों से छुटकारा मिल जाता है।

हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से लेकर त्वचा को चमकदार बनाने तक, सेहत को कई लाभ प्रदान करते हैं आलूबुखारे

गर्मियों के महीनों में मीठे-तीखे स्वाद वाले आलूबुखारे का सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। ये कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और फाइबर समेत आवश्यक पोषक तत्व भरे होते हैं, जो गर्मियों में हमारी सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं। पाचन स्वास्थ्य का समर्थन करने से लेकर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और त्वचा की चमक बढ़ाने तक आलूबुखारे सेहत को कई अनगिनत स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। चलिए गर्म दिनों में आलूबुखारे खाने के फायदों के बारे में जानते हैं।

एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर- आलूबुखारे फेनोलिक यौगिकों और विटामिन सी सहित एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से निपटने और हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करते हैं।

पाचन स्वास्थ्य में सुधार- आलूबुखारे में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं, जो पाचन में सहायता करते हैं। ये कब्ज को रोकते हैं और नियमित

मल त्याग को बढ़ावा देते हैं। इतना ही नहीं ये फाइबर स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम को बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

हृदय स्वास्थ्य- आलूबुखारे में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर मौजूद होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर और सूजन को कम करते हैं। ये रक्त वाहिका कार्य में सुधार करते है और हृदय स्वास्थ्य में योगदान देते हैं। बता दें, आलूबुखारे के नियमित सेवन से हृदय रोग के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है।

हड्डियों का स्वास्थ्य- आलूबुखारे में विटामिन के, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। ये सभी पोषक तत्व हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने और ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसलिए हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में आलूबुखारे को शामिल करें।

रक्त शर्करा नियंत्रण- आलूबुखारे में प्राकृतिक मिठास होती है, लेकिन बावजूद इसके इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। ये रक्त शर्करा के स्तर में धीरे-धीरे वृद्धि करते हैं। इसलिए इन्हें डायबिटीज के लोगों के लिए फायदेमंद माना जाता है।

वजन नियंत्रण- आलूबुखारे में कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। इस तरह ये वजन नियंत्रित करने में मदद करता है। जो लोग अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं वो गर्मियों की डाइट में इसे शामिल कर सकते हैं।

त्वचा का स्वास्थ्य- आलूबुखारे में विटामिन सी की मात्रा कोलेजन उत्पादन में योगदान करती है, जो त्वचा की लोच बनाए रखने में मदद करती है और उम्र बढ़ने के संकेतों को रोकती है। इसके अलावा आलूबुखारे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को मुक्त कणों और यूवी विकिरण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

गर्मियों में ये 6 जरुरी चींजे आपकी किचन में होना आवश्यक है

देश में चिलचिलाती धूप के साथ, दिन को व्यतीत करना काफी मुश्किल होता हैं। देश के कुछ हिस्सों में लू चलनी शुरू हो गई है और लोग गर्मी से राहत पाने के लिए चीजों की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि देश में अप्रैल से जून तक लू चलेगी। जैसा कि कहा गया है, किचन में गर्मी से राहत देने वाली कुछ आवश्यक वस्तुओं को स्टोर रखना महत्वपूर्ण है।

गर्मियों के आगमन के साथ, लोगों को अपने आहार में बदलाव करना चाहिए और कुछ ऐसा चुनना चाहिए जो गर्मी के महीनों के दौरान स्वास्थ्य संबंधी खतरों को रोक सके। हाइड्रेशन और अन्य संबंधित समस्याओं को रोकने के लिए पर्याप्त तरल पदार्थ और ठंडे खाद्य पदार्थों के साथ-साथ मौसमी फलों और सब्जियों को शामिल करना महत्वपूर्ण है। यदि आप सोच रहे हैं कि आपको अपनी रसोई की पैंट्री में गर्मियों के लिए कौन-सी आवश्यक चीजें रखनी चाहिए, तो यह लेख आपकी मदद के लिए है। इन 6 खाद्य उत्पादों पर एक नज़र डालें जो आपकी पेंट्री में होने चाहिए।

दही

यह हर घर का मुख्य भोजन है और यह अपने ठंडक और प्रोबायोटिक से भरपूर तत्वों के लिए जाना जाता है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। दही में कैल्शियम, विटामिन डी और जीवित जीवाणु संस्कृतियों से समृद्ध है जो पाचन में सहायता करता है, इम्यूनिटी को बढ़ावा देता है और अच्छे आंत स्वास्थ्य को बनाए रखता है। गर्मियों के महीनों के दौरान, लस्सी, छाछ, रायता और अन्य जैसे ठंडे दही आधारित व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है जो गर्मी से तुरंत राहत देते हैं। इसके अलावा, यह हाइड्रेटेड रहने के लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक तरीके भी प्रदान करता है।

सत्तू

यह भुने हुए चने से बना एक पारंपरिक आटा है और एक बहुमुखी घटक है जो गर्मियों के दौरान हाइड्रेशन पावरहाउस के रूप में कार्य करता है। यह प्रोटीन, फाइबर और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है। सत्तू तुरंत ऊर्जा प्रदान करता है और आपको लंबे समय तक भरा रखता है। सत्तू को ताज़ा पेय जैसे सत्तू शर्बत या सत्तू पराठा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में शामिल किया जा सकता है। अपने ग्रीष्मकालीन आहार में सत्तू के व्यंजन शामिल करना न केवल पौष्टिक है बल्कि गर्मी से राहत दिलाने में भी मदद करता है।

मिश्री

मिश्री को रॉक शुगर के रूप में भी जाना जाता है, मिश्री एक प्राकृतिक स्वीटनर है जिसका भारतीय घरों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, खासकर गर्मियों के दौरान। मिश्री कम संसाधित होती है और इसमें सूक्ष्म खनिज होते हैं जो ऊर्जा की धीमी और स्थिर रिहाई प्रदान करते हैं। यह गर्मियों के पेय पदार्थों और मिठाइयों के लिए एकदम उपयुक्त है। आप नींबू पानी या शर्बत जैसे पेय पदार्थों में मिश्री के कुछ टुकड़े मिला सकते हैं जो न केवल उनके स्वाद को बढ़ाते हैं बल्कि ताज़ा मिठास भी प्रदान करते हैं।

पुदीना

पुदीने की पत्तियों की ताजगी भरी सुगंध और ठंडे गुण की वजह से यह समर व्यंजनों के लिए एक बेस्ट सामग्री बनाते हैं। यह एंटीऑक्सिडेंट और मेन्थॉल से भरे हुए हैं जो पाचन समस्याओं को शांत करने, मतली को कम करने और गर्मी से तुरंत राहत प्रदान करने में मदद करते हैं। आप ताज़ा पुदीने की पत्तियों का उपयोग पुदीना नींबू पानी, इन्फ्यूज्ड पानी या पुदीने की चाय जैसे ठंडे पेय पदार्थों में कर सकते हैं। इसके अलावा आप पुदीने की पत्तियों की चटनी भी बना सकते हैं।

कोकम कॉन्सेंट्रेट

कोकम भारत के पश्चिमी घाट का एक फल है। यह अपने तीखे और ठंडे गुणों के लिए जाना जाता है। कोकम कॉन्सन्ट्रेट सूखे कोकम छिलके से बनाया जाता है जो भारत के गर्मियों के महीनों में एक लोकप्रिय सामग्री है। यह एंटी ऑक्सिडेंट और हाइड्रो क्सीसिट्रिक एसिड से भरपूर है जो पाचन में सहायता करता है, अम्लता को कम करता है और शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसका उपयोग आमतौर पर कोकम शर्बत जैसे ताज़ा पेय में किया जाता है या तीखे स्वाद के लिए करी या दाल में मिलाया जाता है। कोकम सांद्रण के साथ पानी, चीनी और एक चुटकी नमक मिलाकर एक स्फूर्तिदायक पेय बनाएं जो आपको पूरी गर्मियों में ठंडा रखेगा।

सौंफ

सौंफ के बीज एक ठंडा मसाला है जो विशेष रूप से गर्मियों के दौरान कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। विटामिन, खनिज और आवश्यक तेलों से भरपूर, सौंफ के बीज पाचन में मदद करते हैं, पेट फूलने को कम करते हैं और सांसों को ताज़ा करते हैं। यह अपच को कम करने में मदद करता है और गर्मी से संबंधित परेशानी से राहत देता है। सौंफ के पानी जैसे ठंडे पेय पदार्थ बनाने के लिए सौंफ के बीजों को शामिल करें या उन्हें चाय, सलाद, करी और डेसर्ट में मिलाएं।

फेफड़े के लिए सिगरेट से भी ज्यादा नुकसानदायक हैं इन चीजों का सेवन

हमारा शरीर एक स्वचालित और कुशल मशीन है। शरीर के सभी अंग बेहद तकनीक के साथ अपना काम करते हैं। लेकिन कई बार गलतियों के कारण हमें शारीरिक परेशानियां भी होती हैं। वहीं इन गलतियों का असर शरीर के विभिन्न अंगो पर भी देखने को मिलता है। खासतौर पर आहार संबंधी गलतियां हमारे शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक होती है। वहीं इस तरह के आहार का फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है।

आमतौर पर तो यह बात सभी जानते हैं कि स्मोकिंग फेफड़ों की सेहत के लिए नुकसानदायक है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाने-पीने की ऐसी कई चीजें हैं, जो फेफड़ों के लिए नुकसानदायक होती है। हांलाकि इस बारे में काफी कम लोगों को जानकारी होती है। ऐसे में लोग जाने-अंजाने इन चीजों का अधिक सेवन करते हैं। जिसके कारण वह फेफड़े संबंधी समस्याओं का शिकार होते हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन 5 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनका सेवन करना फेफड़े के स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है।

प्रोसेस्ड मीट

बता दें कि फेफड़ों की सेहत के लिए प्रोसेस्ड मीट बेहद हानिकारक माना जाता है।

क्योंकि इस मीट को ज्यादा समय तक सुरक्षित रखने के लिए जिन प्रिजर्वेटिव का इस्तेमाल किया जाता है। वह फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। प्रोसेस्ड मीट को तैयार करने वाला नाइट्रेट फेफड़ों की कार्यक्षमता पर बुरा प्रभाव डालता है। जिसकी वजह से फेफड़े संबंधी गंभीर समस्या हो सकती है। इसलिए इस तरह के मीट का सेवन करने से बचना चाहिए।

कार्बोनेटेड ड्रिंक्स

हांलाकि आजकल कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का सेवन अधिक होने लगा है। लेकिन यह न सिर्फ सेहत बल्कि फेफड़ों के लिए भी घातक होता है। इन ड्रिंक्स में कार्बन डाईऑक्साइड पाया जाता है। जिसकी वजह से एसिडिटी या ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। इन ड्रिंक्स का अधिक सेवन करने से हाजमा बिगड़ता है और फेफड़ों में भी कसाव बढ़ जाता है।

अधिक नमक वाला भोजन

फेफड़े की सेहत के लिए अधिक नमक वाला भोजन हानिकारक होता है। क्योंकि नमक में सोडियम पाया जाता है, जिसके कारण वाटर रिटेंशन हो सकता है। अधिक नमक वाले भोजन का सेवन करने से फेफड़े के रोगियों को सांस लेने में समस्या हो सकती है। वहीं यह फेफड़ों की सेहत के लिए भी हानिकारक होता है।

तले हुए खाद्य पदार्थ

हमारे शरीर के साथ ही फेफड़ों के लिए भी तला-भुना भोजन हानिकारक होता है। क्योंकि अधिक तला-भुना खाने के शरीर में वसा का अधिक संचय होता है। जिसके कारण डायाफ्राम पर दबाव और सूजन हो सकता है और फेफड़ों की परेशानी बढ़ सकती है। वहीं खासतौर पर फेफड़े के रोगियों को तलाभुना खाने से बचना चाहिए।

ब्रोकली और बंदगोभी

आमतौर पर ब्रोकली सेहत के लिए लाभकारी मानी जाती है। लेकिन इसमें नाइट्रेट की अधिकता पाई जाती है। जिसकी वजह से अधिक ब्रोकली का सेवन करना फेफड़ों के लिए हानिकारक हो सकता है। बंदगोभी, ब्रोकली और पत्ता गोफी में नाइट्रेट अधिक पाया जाता है, जोकि फेफड़े के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

गर्मियों में लू से बचने के लिए ये 5 जड़ी-बूटियां शरीर को देंगी ठंडक, मिलेगी एनर्जी

भीषण गर्मी से बचने के लिए न जाने हम सभी कितना उपाय करते हैं लेकिन फिर भी लू लग जाती है। लू से बचने के लिए इन 5 जड़ी-बूटियों का करें सेवन, मिलेंगी शरीर को ठंडक। यहां पांच ताज़ा जड़ी-बूटियां दी गई हैं। जिनके सेवन से आप खुद को कूल महसूस करेंगे, आइए आपको बताते हैं।

गर्मियों का मौसम शुरु हो चुका है। इस मौसम खतरनाक लू चलती है जिससे इंसान की सेहत खराब होने लगती है। गर्मियों में खुद को हेल्दी रखने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें हम सभी खाते हैं। हालांकि, आप इन जड़ी-बूटियों के सेवन से गर्मी में कूल नजर आएंगे। चिलचिलाती गर्मी आपके हेल्थ पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। अपने शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने के लिए इन हर्ब्स का सेवन जरुर करें। यहां पांच ताज़ा जड़ी-बूटियां दी गई हैं। जिनके सेवन से आप खुद को कूल महसूस करेंगे, आइए आपको बताते हैं।

धनिया

धनिया में कूलिंग के गुण होते हैं जो गर्मी झेलने में सुधार करने में मदद करते हैं। यह एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर है जो मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करता है। धनिए इस्तेमाल चटनी से लेकर हर सब्जी में करते हैं। हर धनिए के अधिक सेवन से गर्मी का एहसास कम होता।

पुदीना

गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग पुदीना का इस्तेमाल करते हैं। पुदीना में शीतलन प्रभाव होता है, जो शरीर के तापमान को

कम करने और थर्मोरेग्यूलेशन में सहायता करता है। पुदीने का पानी पीना या फिर आप चटनी बनाकर खा सकते हैं। वास्तव, पुदीना एक ठंडी जड़ी-बूटी है। गर्मियों में इसका सेवन करने से शरीर को ठंड़क मिलती है। पुदीने का पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है।

सौंफ

सौंफ शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करती है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और आवश्यक तेल होते हैं, जो पेट फूलना और पाचन से राहत दिलाने में मदद करते हैं। सौंफ का इस्तेमाल पारंपारिक रुप से शरीर को ठंडा करने के लिए किया जाता है। ठंडाई में भी सौंफ का प्रयोग होता है। आप सौंफ का पानी पी सकते हैं इससे गर्मी भी कम होगी और पाचन भी दुरुस्त रहेगा। वहीं आप सौंफ को प्रयोग खाना बनाते समय सब्जियों में कर सकते हैं।

इलायची

इलायची में शीतलन यौगिक होते हैं जो शरीर की गर्मी को कम करने और पाचन में सहायता करते हैं। इलायची का प्रयोग सबसे ज्यादा मसालों में प्रयोग होता है। यह भोजन में स्वाद के साथ सुगंध को बढ़ाती है। इलायची खाने से शरीर की गर्मी कम होती है,जो आपको ठंडक और एनर्जेटिक महसूस होता है।

गुड़हल या हिबिस्कस

हिबिकस अत्यधिक गर्मी के प्रभाव से निपटने में मदद करता है और शरीर को प्रभावी ढंग से ठंडा करता है। आप गुड़हल की चाय बनाकर पी सकते हैं जो शरीर को ठंडक पहुंचाती है। इसके साथ ही ये कब्ज की समस्या भी दूर करती है। गर्मी में कूल रहने के लिए आप हिबिस्कस टी जरुर पिएं।

न्यू टेक्नोलॉजी पर विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

रेन्यूएबल एनर्जी शोध केंद्र, नैनोसाइंस विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिक विज्ञान अध्ययन और अनुसंधान संस्थान के रेन्यूएबल एनर्जी शोध केंद्र, नैनोसाइंस और टेक्नॉलजी शोध केंद्र, के सहयोग से, एडवांस कैरेक्टराइज़ेशन तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन 12 और 13 अप्रैल 2024 को रज्जू भैया संस्थान स्थित सेंट्रल एडवांस्ड फैसिलिटीज फॉर मटेरियल कैरेक्टराइज़ेशन (सीएएफ एमसी) में किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 धीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति प्रो . वंदना सिंह के निर्देश पर छात्रों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया 7 इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे छात्रों को नैनोसाइंस के अनुसंधान और विकास में प्रयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ काजल कुमार डे ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया, तथा यह प्रशिक्षण छात्रों में न सिर्फ शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करेगी बल्कि इस क्षेत्र में कौशल विकास करेगी।

कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. सुजीत चौरसिया ने कहा कि छात्रों को XRD, FE-SEM, UV-Vis, FTIR जैसी उपकरणों पर ट्रैनिंग प्रदान किया गया। साथ ही छात्रों को सेमीकन्डक्टर डिवाइसेस बनाने हेतु थीन फिल्म ग्रोथ टेक्नीकस पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रज्जू भईया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्रों को उनके प्रोजेक्ट को करने में सहयोग प्राप्त होगा तथा उनको शोध के विभिन्न पहलुओं की जानकारी मिलेगी।

भक्तों ने 5वें दिन स्कन्द माता स्वरूप में किया दर्शन–पूजन

जौनपुर,संवाददाता। स्थानीय क्षेत्र में स्थित मां शीतला चौकियां धाम में शनिवार को वासंतिक नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के 5वें स्वरूप मां स्कन्द माता स्वरूप में मां शीतला का भक्तों ने दर्शन पूजन किया। नवरात्रि के इन 9 दिनों में जो पूरे श्रद्धाभाव से मां के नौ रूपों की पूजा-अराधना करता है, उसे चारों पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) की प्राप्ति होती है। शनिवार प्रातःकाल 4 बजे मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात माता रानी का भव्य श्रृंगार करके आरती पूजन किया गया। मन्दिर खुलने के पूर्व ब्रम्ह मुहूर्त से ही माता रानी के दर्शन के लिये भक्तों की लम्बी कतार देर शाम तक लगी रही। दुर्गा सप्तशती पाठ, वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन, पूजन, माता रानी के जयकारों से सारा वातावरण मनमोहक एवं भक्तिमय हो गया। कतार में खड़े दर्शनार्थी बारी–बारी से दर्शन पूजन करते हुए नज़र आये। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा की दृष्टि से मन्दिर परिसर में चौकियां धाम पुलिस चौकी प्रभारी निखिलेश तिवारी अपने सहयोगियों सहित पीएसी दल के साथ मौजूद रहे।

सिटी पब्लिक स्कूल के 22 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुँगराबादशाहपुर)। नगर के सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता व प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। ओलंपियाड परीक्षा में विधालय के कक्षा सात से लेकर कक्षा ग्यारहा तक के कुल 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया था। जिसमें मैथ एवं साइंस ओलंपियाड परीक्षा में विद्यालय के 22 छात्र- छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला। साइंस में श्याम, परिधि, अंश, विधि, पलक, राम, श्वेता व जुनैरा तथा मैथ में शिवम, उमंग, मो. हश्र, अनुज रुद्रा हर्षिता शिवांश प्रिंस व सुहाना केसरवानी आदि छात्र-छात्राओं ने जोन स्तर तक गोल्ड मेडल मिलने पर विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्या से बढ़कर कोई धन और मित्र नहीं होता। यह वह धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता ना ही हमसे इसे कोई छीन सकता है। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आवर पर प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा, मुस्कान, सुभाष मिश्रा, पल्लवी जायसवाल, आदित्य गुप्ता, सुमन पांडेय व सतीश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

डॉ भीमराव अंबेडकर जी के विचारों का दर्शन घर घर पहुंचाएंगे भाजपाई

प्रयागराज,संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। इस संदर्भ में मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्धारित मुख्य छह पर्वों में एक पर्व डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाती है। जिसको लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के द्वारा 14 अप्रैल को सुबह 7-00 बजे हाई कोर्ट चौराहे के समीप लगी डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाकर अपने पुष्पांजलि दी जाएगी। दोपहर 12:00 भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित सेमिनार का व्याख्यान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

ईदगाह में फूलों की वर्षा से गदगद हुए नमाज़ी

हजरत यह बज्म ए ईद है खुशियां मनाइए, दुश्मन को भी आज गले से लगाइए- रजिया सुल्तान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ईदुलफित्र के अवसर पर निकट द्वारिका चौराहा ईदागाह प्रयागराज पर भारतीय जनहित कल्याण समिति प्रयागराज की सचिव रजिया सुल्तान के तत्वाधान में भव्य सर्वधर्म ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ईदगाह में लगभग 10,000 नमाज पढ़ने आये हुए मुस्लिम भाइयों को हिन्दु भाइयों ने संस्था सचिव रजिया सुल्तान के साथ मिलकर गुलाब के फूलों की वर्षा करके ईद की खुशी का इजहार किया।

गंगा जमुनी तहजीब व कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए रजिया सुल्तान व साथियों ने ईदगाह में उपस्थित नमाजिया, शहरवासियों, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों, समाज सेवियों आदि को गुलाबों की वर्षा के साथ गुलाब पुष्प, चाशनी सिवई, मिनरल पानी बोतल भेटकर ईद की मुबारक बाद दी। रजिया सुल्तान ने अपर पुलिस आयुक्त दीपक भूकर को पुष्प गुच्छा भेंट कर सम्मानित किया। बहुत ही हर्ष उल्लहास के साथ ईदगाह में सर्वधर्म ईद मिलन समारोह सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर संस्था सचिव रजिया सुल्तान के साथ-साथ पूर्व सूबेदार थल सेना कारगिल युद्ध विजेता वरिष्ठ समाज सेवी श्याम सुन्दर सिंह पटेल, सादिक हुसैन, इंजी0 सरोश, संजय हेला, मो0 मामून, मिन्जा कमर, डा0 प्रमोद शुक्ला, मो0 कमरूद्दीन खाँ, इंजी0 आमिका, इसरार, निजाम, कमलेश पटेल बाबा जी आदि कई लोग व्यवस्था में शामिल रहे जिससे ईद मिलन धूम धाम से संपन्न हुआ।

सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल के नाम पर ठगी का आरोप, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज,एजेसी। शिवकुटी थाना क्षेत्र में सिपाही भर्ती परीक्षा में पास करने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार यहाँ सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के प्रबंधक राजमणि मिश्रा पर पुलिस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी ने पास करने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है और शिवकुटी थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मुकेश विश्वकर्मा पुत्र ओमप्रकाश विश्वकर्मा निवासी चतरौली रानीगंज प्रतापगढ़ का रहने वाला है। उसने तहरीर देकर पुलिस को बताया है कि सिपाही भर्ती 2023 का अभ्यर्थी था। परीक्षा केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर तेलियरगंज में बनाया गया था परीक्षा 17 फरवरी को प्रथम पाली में होनी थी। वह 16 फरवरी को परीक्षा केंद्र देखने गया था।

भगवान के नाम संकीर्तन से ही जीव का कल्याण संभव : संत अनिल शर्मा

गायत्री शक्तिपीठ पर चल रही कथा का चौथा दिन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)। शांति कुंज हरिद्वार से आए संत अनिल कुमार शर्मा ने चौथे दिन कथा प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम संकीर्तन से ही जीव का कल्याण होता है। ये बाते उन्होंने नगर के स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे प्रज्ञा पुराण कथा के दौरान कही।

उन्होंने प्रवचन करते हुए आगे कहा कि नाम संकीर्तन का बहुत अधिक महत्व है। उसमें भी गायत्री महामंत्र का जप करना अत्यधिक फलदाई और जीवन को मोक्ष देने वाला है। गायत्री मंत्र के जप से मनुष्य का सभी प्रकार से कल्याण होता है । जप का हमारे यहां अत्यधिक महत्व बताया गया है। जो मनुष्य भगवान को नहीं भूलता है उसका भगवान भी प्रत्येक प्रकार से कल्याण करते हैं। आपका जीवन प्रभू का नाम लेने के लिए है। जो मनुष्य जितना भगवान का नाम लेता है भगवान उसके उतना करीब रहते हैं। उन्होंने हनुमान जी के जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि हनुमान जी प्रत्येक पल भगवान श्री राम जी के नाम जप में लगे रहते हैं। उन्होंने मनुष्य के कल्याण का सुगम रास्ता नाम जप और संकीर्तन को बताया। उक्त कथा गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य आचार्य गुलाब जी के देखरेख में चल रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

15 अप्रैल से शुरू हो रही है राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षाएं

219 केदो पर होगी परीक्षाएं 4.39 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय की स्नातक परास्नातक की परीक्षाएं 15 अप्रैल से शुरू हो रही है। इसके लिए प्रयागराज मंडल में करीब 219 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दशमलव 4.39 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा 15 में तक चलेगी। विश्वविद्यालय की तरफ से परीक्षा की तैयारी पूरी की जा चुकी है। इसकी निगरानी के लिए 28 नोडल अधिकारी बनाए गए हैं और सेंटरों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाने की व्यवस्था की गई है।

इस परीक्षा के लिए प्रयागराज में सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 110 परीक्षा केंद्र बने हैं जहां 2,67,224 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह प्रतापगढ़ में 60 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां 91772 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। कौशांबी में 35 केंद्र बने हैं जहां 50142 परीक्षार्थी तथा कौशांबी में 16 केदो पर 30513 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन सभी परीक्षा केदो पर नकल वहीं परीक्षा कराने के लिए उड़ान रास्ते दोस्तों का भी गठन किया गया है।

ग्राम निनावली में खेत में बकरी घुस जाने को लेकर युवक की कर दी मारपीट

उरई (जालौन),संवाददाता। थाना क्षेत्र कुठौंद के अंतर्गत पुलिस चौकी कंझारी के ग्राम निनावली निवासी आशुतोष पुत्र राजू की बकरी निवासी ग्राम पतराही गोपाल पुत्र अज्ञात के गेहूं के खेत में बकरी चली जाने के कारण बगैर कोई सोच विचार के गोपाल ने खेत की मेंड पर लगे खम्भे को उखाड़ कर आशुतोष पुत्र राजू निवासी ग्राम निनावली को बड़ी बेरहमी के साथ खंबे से मारपीट कर दी। उसके शरीर पर बार बार प्रहार करने के कारण गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना दोपहर की बताई गई है ।इसके बाद पीड़ित युवक ने थाना कुठौंद पर जाकर प्रार्थना पत्र दिया ।प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कुठौंद पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में उपचार हेतु भेजा।

अटेंडेंस रजिस्टर पर फर्जी दस्तखत बनाता था करोड़पति दफ्तरी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले मो. जैद के फर्जीवाड़े में करोड़पति दफ्तरी तारिक भी आरोपी बना दिया गया है। वह जैद का रिश्तेदार होने के साथ ही उसी कॉलेज में कर्मचारी भी है, जहां जैद लेक्चरर है। पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है। जैद एमआर शेरवानी इंटर कॉलेज सल्लाहपुर में इतिहास विभाग का प्रवक्ता है। 31 दिसंबर 2023 को उसके खिलाफ पूरामुफ्ती थाने में कॉलेज के प्रधानाचार्य मो. याकूब ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि जैद के 18 नवंबर 2023 तक कॉलेज के हाजिरी रजिस्टर में दस्तखत हैं। उनका कहना था कि रजिस्टर में दस्तखत उनके सामने नहीं हुए और इस दौरान उनकी मुलाकात भी जैद से नहीं हुई। आरोप लगाया कि किसी की मिलीभगत से फर्जी तरीके से यह दस्तखत किए गए। इस मामले में जैद पर धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज हुआ।

सूत्रों के मुताबिक, विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि इस फर्जीवाड़े में जैद का सहयोग तारिक ने किया। जो उसी कॉलेज में तैनात है। तारिक की मदद से ही यह पूरा खेल किया गया। पुलिस ने इस मुकदमे में कूटरचित दस्तावेज तैयार करने व प्रयोग करने संबंधी धारा भी बढ़ा दी है। तारिक के कब्जे से पांच दिन पहले पुलिस ने 30 रजिस्ट्री संबंधी दस्तावेज बरामद किए हैं। इनमें से 29 भूखंड जबकि एक दुकान से संबंधित है। यह सभी दस्तावेज तारिक ने एमआर शेरवानी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में अपनी अलमारी में छिपा रखे थे। वक्फ की 50 करोड़ की संपत्ति बेचे जाने के मामले में उसके फरार चलने के दौरान विवेचना के क्रम में पुलिस ने कॉलेज पहुंचकर अलमारी खोली तो यह दस्तावेज बरामद हुए। इन सभी संपत्तियों की जांच पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी की ओर से कराई जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

दबंगो ने दो भाइयों व भतीजे पर किया जानलेवा हमला

जौनपुर,संवाददाता। चन्दवक थानान्तर्गत परसादीपुर(उमरवार) गाँव निवासी दो सगे भाइयों को विनय उपाध्याय, सुशील उपाध्याय व भतीजे विनय उपाध्याय को पड़ोस में रहने वाले दबंगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवकों ने चंदवक थाने पर दबंग युवकों के खिलाफ नामजद शिकायत की। शिकायत दर्ज कराकर वापस लौटते समय घात लगाए बदमाशो ने फिर धारदार हथियारों व लाठी ठंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल दिया। थानाध्यक्ष चंदवक चंदन राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।पीड़ितों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस आरोपियों की खोजबीन में लगी है।

कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

प्रयागराज,संवाददाता। लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय करछना से शिक्षक-शिक्षिकाओं, बीएलओ एवं बच्चों के द्वारा उपजिलाधिकारी करछना की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसके द्वारा लोगो को 25 मई को होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जिला अपराध निरोधक कमेटी के सौजन्य से श्रीलाल चंद्र इण्टर कालेज जसरा में छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के साथ-साथ जागरूकता रैली तथा आईईआरटी प्रयागराज में भी लोगो को मतदाता की शपथ दिलाकर लोगो को मतदान करने हेतु जागरूकता किया गया। डीआरएम पब्लिक स्कूल कटहुला में छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजकीय इण्टर कालेज नारीबारी में भी पिंक रैली निकाली गयी।

समाजसेवियों की पहल से एक बेटी का सपना हो रहा पूरा

उरई (जालौन),संवाददाता। पिता की मृत्यु के बाद आर्थिक रूप से कमजोर युवती की पढ़ाई का खर्च समाजसेवियों ने उठाया। इसके बाद जब युवती को पढ़ाई के लिए लैपटॉप की आवश्यकता हुई तो शुक्रवार को समाजसेवियों ने युवती को लैपटॉप भेंट करके पढ़ाई जारी रखने और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय ग्राम बंगरा निवासी निशा पुत्री कैलाश का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। पिता मेहनत मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर पाते थे। इसके बाद भी उन्होंने बेटी के सपनों को कभी मरने नहीं दिया। शिक्षा के प्रति उसकी उत्सुकता को देखकर उन्होंने बेटी का प्रवेश कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बंगरा में करा दिया। वर्ष 2016 में सातवीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान निशा के पिता कैलाश की मृत्यु हो गई। घर के अभिभावक की मृत्यु होने पर परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया।

प्रकृति को बचाने के लिए जीवन के बलिदान की कहानी है नाटक डोर

श्री राम जन्म भूमि नाट्य उत्सव-2024 की द्वितीय नाट्य प्रस्तुति डोर का भव्य मंचन हुआ

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में स्पर्श फिजिकल आर्ट एण्ड कल्चर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व जलियावाला बाग हत्या काण्ड की स्मृति दिवस पर प्रयागराज 13वां राष्ट्रीय उत्सव 2024 के अन्तर्गत द्वितीय दिन शुक्रवार को रघुनाथगंज थियेटर ग्रुप कोलकाता (पश्चिम बंगाल) की नाट्य प्रस्तुति डोर का चन्द्रशेखर आजाद पार्क में भव्य मंचन हुआ जिसका उद्घाटन न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण एवं विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा का मंच पर उद्घोषक के. के. श्रीवास्तव द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

नाट्य परिकल्पना एवं निर्देशन अजीत सरकार एवं नाट्य लेखन शिवंकार चक्रवर्ती का था। यह नाटक हमें अपनी प्रकृति को बचाने के लिए जीवन के बलिदान के बारे में बताता है। इसमें मुख्य कलाकार सुष्मिता-नूपुर मुखर्जी, रोउली-सोमा गोस्वामी, बादोल-अजीत सरकार, शहादा-सुनैन कुमार धार, सुजन-रमेन्द्र प्रसाद सिंह. का शानदार अभिनव रहा। डिजाइन नितीश कुमार दास, लाइट आपरेटर सुधोजीत गोस्वामी, म्यूजिक आपरेटर रंजू हलदर का रहा और पंकज गौड़ के अतुलनीय सहयोग से यह मंचन भव्यता को प्राप्त हुआ।

समापन पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा अजीत सरकार की थियेटर ग्रुप कोलकाता का संगम नगरी में स्वागत करते हैं। कोलकाता से आये हुए सभी बंगाली कलाकार हिन्दी नाट्य प्रस्तुति मंचन कर रहे हैं। ये काबिले तारीफ है इनकी जितनी तारीफ की जाय कम है।

आस्था का केंद्र बन भक्तो की रक्षा करती हैं बड़ी माता

उरई (जालौन),संवाददाता। कस्बा कुठौंद में बीज गोदाम के पास नगर की सिद्ध पीठ में बड़ी माता मंदिर पर इन बसंत नवरात्रि पर्व में भक्तों का तांता उमड़कर माता रानी के चरणों में पान सुपारी ,ध्वजा, नारियल को अर्पित कर श्रद्धा भाव से पूजा अर्चन कर रहा है। मान्यता है कि कुठौंद नगर बसने के पूर्व ही बड़ी माता मंदिर की किन्हीं विद्वान द्वारा स्थापना कराई गई थी। बड़ी माता मंदिर के नाम से प्रसिद्ध यह स्थान स्थान लोगों की आस्था भक्ति का केंद्र बन चुका हैं! जहां पर नवरात्रि के अतिरिक्त भी प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में माता रानी के भक्तों का रेला माता रानी के पूजन अर्चन के लिए पलक पावडे बिछाए रहता है।

गेंहू खरीद केंद्र पर इस समस्या से किसान व केंद्र प्रभारी परेशान

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। पीसीएफ के सरकारी गेंहू खरीद केंद्रों पर लोडिंग ठेकेदार द्वारा माल की उठान न किए जाने से गेंहू खुले में पड़ा हुआ है। जिससे केंद्र पर फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को भी परेशानी हो रही है। इस समय नवीन गल्ला मंडी में खुले सरकारी गेंहू क्रय केंद्रों पर गेंहू की खरीद चल रही है। केंद्रों पर किसान काफी तादाद में अपनी फसल बेचने के लिए आ रहे हैं। अब तक लगभग 12 हजार क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। नीलामी चबूतरे पर खुले क्रय केंद्रों पर नौ केंद्र पीसीएफ के संचलित हो रहे हैं। गेंहू की आवक होने से नीलामी चबूतरे पर गेंहू की बोरी रखने के लिए जगह नहीं बची है। ऐसे में गेंहू नीलामी चबूतरे के नीचे खुले में रखा जा रहा है। केंद्र के बाहर खुले में रखे गेंहू रखे होने से अधिक जगह नहीं बची है। ऐसे में केंद्र पर अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। पीसीएफ के केंद्र प्रभारी योगेंद्र सिंह, नरेश तिवारी, अरविंद कुमार, लाखन सिंह, रविंद कुमार, श्याम बिहारी तिवारी, बलराम पाल आदि ने बताया कि पूर्व में गेंहू की खरीद होने के साथ ही उनकी ठेकेदार द्वारा उसकी उठान करा ली जाती थी। जिससे दिक्कत नहीं होती थी। लेकिन अबकी ठेकेदार द्वारा गेंहू की उठान न कराए जाने से मजबूरन गेंहू खुले में रखना पड़ रहा है।

नीरज त्रिपाठी ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

केशव प्रसाद मौर्य ने दी जीत की अग्रिम शुभकामनाएं

प्रयागराज। इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी घोषित किए गए नीरज त्रिपाठी ने शनिवार को लखनऊ पहुंचकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। डिप्टी सीएम ने नीरज को बधाई देते हुए विजय की कामना की। नीरज के साथ उनकी पत्नी कविता त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। ज्ञात हो कि पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने इलाहाबाद संसदीय सीट से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। नीरज उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता के साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के जाने माने अधिवक्ता हैं।

डिप्टी सीएम के लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय में लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद से घोषित भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी. उनकी पत्नी कविता त्रिपाठी के साथ विधायक निर्मला पासवान और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. एलएस. ओझा ने भी शिष्टाचार भेंट की। डिप्टी सीएम केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर चित्र साझा करते हुए लिखा है कि कैंप कार्यालय, लखनऊ में लोकसभा क्षेत्र इलाहाबाद से

घोषित भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी व उनकी पत्नी कविता त्रिपाठी एवं विधायक निर्मला पासवान व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. एलएस ओझा से शिष्टाचार भेंट की और नीरज त्रिपाठी को हार्दिक बधाई एवं प्रचंड विजय की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

एक दिन पहले फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी बनाए गए विधायक प्रवीण पटेल और कौशाम्बी के सांसद और प्रत्याशी विनोद सोनकर ने भी एक दिन पहले लखनऊ जाकर डिप्टी सीएम का आशीर्वाद लिया था। साथ ही भदोही लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व मझवां विधायक विनोद कुमार बिंद भी केशव प्रसाद मौर्य से मिल चुके हैं।

उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता की समीक्षा की

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनावी सीजन में दालों की बढ़ती कीमतों पर

नियंत्रण के लिए सरकार ने कमर कस ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इसको लेकर कई पक्षों के साथ बैठकें की। बैठक में दालों के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया गया है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दाल उद्योग के हितधारकों के साथ बैठकें की हैं। निधि खरे ने म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर यांगून में भारतीय मिशन के साथ भी बैठक की है।

मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव ने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को और आसान तथा सरल बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश में म्यांमार से तुअर यानी अरहर और उड़द दाल का आयात करता है। भारतीय दूतावास ने व्यापार और लेन-देन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी, 2024 से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

ई-कॉमर्स कंपनियों से बोर्नविटा को हेल्थ ड्रिंक श्रेणी से हटाने का निर्देश

■ सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से बोर्नविटा को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाने को कहा

नई दिल्ली (हि.स.)। सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की कैटेगरी से हटाने को कहा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की रिपोर्ट के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा गया है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की कैटेगरी से हटा दें। मंत्रालय ने नोटिफिकेशन में कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक लीगल बॉडी की जांच में पाया है कि हेल्थ पेय डेफिनेशन नहीं है।

इससे पहले 2 अप्रैल को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट्स पर बेचे जाने वाले फूड प्रोडक्ट्स को उचित कैटेगरी में डालने को कहा था। इसके साथ ही अथॉरिटी ने किसी भी पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ाने के लिए हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं करने के लिए भी कहा था।

उल्लेखनीय है कि एक स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एनर्जी ड्रिंक और स्पोर्ट्स ड्रिंक का मौजूदा मार्केट साइज 4.7 अरब डॉलर है।

कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को नई दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का



भाव 0.71 डॉलर यानी 0.79 फीसदी की बढ़त के साथ 90.37 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.64 डॉलर यानी 0.75 फीसदी की बढ़त के साथ 85.66 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी, फोन, एसी, पंखा सब छोड़ करेंगे भिक्षाटन

नई दिल्ली। साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है। अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी। भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है। भावेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं। उनका कारोबार साबरकांठा से अहमदाबाद तक फैला हुआ है।

साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को भावेश भाई और उनकी पत्नी समेत 35 लोग हिम्मतनगर रिवर फ्रंट पर संयमित जीवन जीने का संकल्प लेंगे।

सन्यास ग्रहण करने के बाद भावेश भाई और उनकी पत्नी को संयमित दिनचर्या का पालन करना होगा। वे जीवन भर भिक्षा मांगकर गुजारा करेंगे। इतना ही नहीं उनको पंखा, एसी, मोबाइल फोन जैसी सुख-सुविधाएं भी त्यागनी पड़ेगी। वे जहां कहीं भी यात्रा करेंगे उन्हें नंगे पांव चलना होगा।

सन्यास लेने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी से पहले उनके बच्चे (बेटा-बेटी) भी संयमित जीवन जीना शुरू कर चुके हैं। भावेश के 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी दो साल पहले ही जैन समाज की दीक्षा ले चुके हैं। अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही भावेश भाई और उनकी पत्नी ने दीक्षा लेने का फैसला किया है।

इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस, सीबीआई ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है। जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर

रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे। आंकड़ों के अनुसार कंपनी की ओर से भाजपा को सबसे अधिक 586 करोड़ रुपये दान किए गए थे। कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया है। कंपनी से टीडीपी को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले।

जेडी-एस, जन सेना पार्टी और जेडी-यू को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी। शनिवार को सार्वजनिक की गई प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी।

स्वास्थ्य बीमा- पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा नहीं करना होगा इंतजार, नया नियम लागू

नई दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को अब पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए 36 महीने से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।?पहले इन बीमारियों के इलाज के लिए? प्रतीक्षा अवधि 48 महीने थी। नया नियम एक अप्रैल, 2024 से लागू है।

बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने हालिया अधिसूचना मे कहा, पहले से हुई किसी बीमारी (पीईडी) की जांच स्वास्थ्य बीमा कंपनी की ओर से जारी पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से 36 माह पहले फिजिशियन द्वारा किया जाता है या चिकित्सा सलाह या उपचार की सिफारिश की गई है तो ऐसे मामलों में वेटिंग अवधि 36 माह से ज्यादा नहीं होगी। इरडा के मुताबिक, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के शुरू होने से 36 महीने तक की अवधि के दौरान उल्लिखित बीमारियां या इलाज (दुर्घटना के कारण को छोड़कर) कवर नहीं होते हैं। अवधि पूरी होने पर इन बीमारियों/ उपचारों को कवर किया जाएगा, बशर्ते पॉलिसी को बिना किसी रुकावट के लगातार रिन्यू कराया गया हो।?

इरडा ने स्पष्ट कहा है कि पॉलिसी खरीदते समय खरीदारों को पुरानी बीमारियों के बारे में पूरी जानकारी बीमा कंपनी को देनी होगी।?इस आधार पर बीमा कंपनी स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में पहले से मौजूद बीमारी की वेटिंग अवधि और विशिष्ट वेटिंग अवधि को कम करने का प्रयास कर सकती हैं। हालांकि, यह नियम विदेशी यात्रा पॉलिसियों के लिए लागू नहीं होगा।

नियामक ने कहा है कि बीमा कंपनियों को सरल और आसान उत्पाद पेश करने की जरूरत है, जो पॉलिसीधारक को समझ में आ जाए। इनके शब्दों, कवरेज व शर्तों में पारदर्शिता और स्पष्टता हो। पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा हो। उत्पादों से संबंधित सभी जोखिमों पर मूल्य निर्धारण में उचित रूप से विचार किया जाए।

भारत-मॉरीशस कर संधि प्रोटोकॉल पर काम बाकी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा कि जब भी प्रोटोकॉल लागू होगा, जहां भी आवश्यक होगा, समाधान किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से, 2016 तक भारतीय कंपनियों में शेयरों की बिक्री से पूंजीगत लाभ की गैर-कर देयता के कारण मॉरीशस भारत में निवेश में शामिल होने के लिए एक पसंदीदा क्षेत्राधिकार रहा है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि दोहरे कराधान बचाव समझौते पर संशोधित भारत-मॉरीशस प्रोटोकॉल को अभी तक विभाग द्वारा अनुमोदित और अधिसूचित नहीं किया गया है। भारत और मॉरीशस ने 7 मार्च, 2024 को डीटीएए में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए और समझौते में एक प्रमुख उद्देश्य परीक्षण (पीपीटी) को शामिल किया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कर से बचाव को कम करना है कि संधि के लाभ केवल वास्तविक उद्देश्य वाले लेनदेन के लिए दिए जाते हैं। ऐसी चिंताएं थीं कि मॉरीशस के रास्ते आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशों को कर अधिकारियों द्वारा अधिक जांच का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, ऐसी आशंकाएं भी थीं कि पिछले निवेशों को संशोधित प्रोटोकॉल द्वारा कवर किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में आईटी विभाग ने कहा कि हाल ही में संशोधित भारत-मॉरीशसडीटीएए पर कुछ चिंताएं उठाई गई है। आयकर विभाग ने कहा कि जब भी प्रोटोकॉल लागू होगा, जहां भी आवश्यक होगा, समाधान किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से, 2016 तक भारतीय कंपनियों में शेयरों की बिक्री से पूंजीगत लाभ की गैर-कर देयता के कारण मॉरीशस भारत में निवेश में संलग्न होने के लिए एक पसंदीदा क्षेत्राधिकार रहा है। 2016 में भारत और मॉरीशस ने एक संशोधित कर समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने भारत को 1 अप्रैल, 2017 से शुरू होने वाले द्वीप राष्ट्र के माध्यम से शेयरों में लेनदेन पर भारत में पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का अधिकार दिया। इंडसलॉ के पार्टनर लोकेश शाह ने कहा कि भारत-मॉरीशस कर संधि में अब पीपीटी परीक्षण शुरू होने से, भारत में कर अधिकारी टीआरसी (मॉरीशस कर अधिकारियों द्वारा कर निवास प्रमाण पत्र) से परे देखने की संभावना रखते हैं और भारत-मॉरीशस के लाभ को अस्वीकार करने की क्षमता रखेंगे।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और शेल ने भारत में ईवी चार्जिंग का बेहतर अनुभव देने के लिये भागीदारी की

मुंबई। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. (टीपीईएम), भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिये मशहूर, ने शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसआईएमपीएल) के साथ एक नॉन-बाइंडिंग समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत भारत में पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिये दोनों कंपनियों ने आपस में सहयोग किया है। यह गठजोड़ शेल के विस्तृत फ्यूल स्टेशन नेटवर्क और टीपीईएम को भारत की सड़कों पर चल रहे 1.4 लाख से ज्यादा टाटा ईवी से मिलने वाली जानकारियों का इस्तेमाल करेगा। चार्जर्स ऐसी जगहों पर स्थापित किये जाएंगे, जहाँ टाटा ईवी के मालिक अक्सर आते हैं। इसके अलावा, दोनों कंपनियाँ चार्जिंग के बेहतरीन अनुभव देने के लिये भी काम करेंगी।

भारत में ईवी मालिकों का अनुभव बेहतर बनाने के लिये टीपीईएम और शेल इंडिया मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसआईएमपीएल) के बीच हुए इस

अनुबंध का लक्ष्य दोनों कंपनियों की शक्तियों का लाभ उठाना है। इस प्रकार देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा। दोनों कंपनियाँ भुगतान की सुविधाजनक प्रणालियाँ और लॉयल्टी प्रोग्राम्स भी पेश करने के बारे में सोच रही हैं। इससे टीपीईएम के ग्राहकों के लिये महत्व काफी बढ़ जाएगा।

टीपीईएम भारत में ईवी के बाजार में अग्रणी है और अपने पोर्टफोलियो में चार उत्पादों के साथ इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स के बाजार में उसकी हिस्सेदारी 71% है। टीपीईएम ने गुरुग्राम में अपना पहला ईवी-एक्सक्लूसिव स्टोर खोलकर देश में ईवी इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने की पहल की है। भारत में चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिये कंपनी विभिन्न चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स के साथ काम कर रही है।

शेल ईवी के रिचार्ज लोकेशंस पर भरोसेमंद और अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग मिलेगी। वहाँ चार्जर अपटाइम 98%-99% रहेगा। इन लोकेशंस पर सुविधाजनक रिटेल की पेशकश भी होती है, जिसमें ताजा भोजन और पेय विकल्प शामिल हैं। यह सभी बातें मिलकर ग्राहक के संपूर्ण अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करती है और अतिरिक्त महत्व तथा सहूलियत देती हैं। इस भागीदारी पर अपनी बात रखते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर बालाजी राजन ने कहा, ''भारत के ईवी इकोसिस्टम को उन्नत बनाने के लिये खुले गठजोड़ की दिशा में अपनी कोशिश के तहत, हम शेल के साथ भागीदारी करते हुए उत्साहित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बीमा कंपनियों को दी हिदायत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि जिस तरह बीमित व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने बारे में सभी प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा करे, उसी तरह बीमा कंपनियों का भी वैधानिक दायित्व है कि वह बीमा के बारे किसी भी विवरण को छिपाए बिना बीमाधारकों को पॉलिसी के नियमों और शर्तों के बारे में पूरी जानकारी दे। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक फैसले में कहा, जिस तरह बीमित व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने बारे में सभी भौतिक तथ्यों का खुलासा करे, उसी तरह बीमाकर्ता को भी ग्राहक को पॉलिसी के नियमों और शर्तों के बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए। उन्हें प्रस्ताव फॉर्म या प्रॉस्पेक्टस में दी गई जानकारी या उसके एजेंटों की ओर से कही गई बातों का सख्ती से पालन करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने फ्यूचर जनरल इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को शिकायतकर्ता महाकाली सुजाता के जीवन बीमा दावे भुगतान करने निर्देश दिया। सुजाता मूल रूप से बीमित व्यक्ति एस वेंकटेश्वरलू की एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं। एस वेंकटेश्वरलू की फरवरी 2011 में मृत्यु हो गई थी। फैसले में हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ कि कंपनी ने वास्तव में क्या छिपाया था, लेकिन फर्म ने यह तर्क दिया था कि वेंकटेश्वरलू ने यह सूचित नहीं किया था कि उन्होंने विभिन्न कंपनियों से अलग-अलग पॉलिसी ले रखी थी। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एनसीडीआरसी (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) द्वारा दिनांक 22.07.2019 को पारित आदेश को रद्द कर दिया गया है। प्रतिवादी कंपनी को अपीलकर्ता को दी गई दोनों पॉलिसियों के बीमा के दावे की राशि 750,000 रुपये और 960,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है।

आविष्कार फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख यंग उद्यमिता कार्यक्रम की तीसरी चरण को आयोजित किया

देवरिया। आविष्कार ग्रुप का हिस्सा आविष्कार फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख यंग उद्यमिता कार्यक्रम की तीसरी चरण को कुशीनगर में आयोजित किया और 13 अप्रैल को

जागृति एंटरप्राइज सेंटर-पूर्वांचल, देवरिया में एक इवेंट में विजेताओं को सम्मानित और पुरस्कृत किया।फाउंडेशन के %आर्थिक उद्यमिता से सामाजिक न्याय के विशालक्ष्य के साथ यह तीसरा कार्यक्रम था, जो वाराणसी और गाजीपुर में अपने पायलट पहल की सफलता के बाद हुआ।युवाओं में उद्यमिता की जिज्ञासा को बढ़ावा देने और पूर्वी यूपी में एक फलनशील पारिस्थितिकी की ओर मूल बुनियादें रखने के दृष्टिकोण के साथ, कुशीनगर से 10 सरकारी स्कूलों और 5 सरकारी कॉलेजों के 1500 छात्रों की भागीदारी से यंग उद्यमिता प्रोग्राम ने प्रभावी और टिकाऊ व्यवसाय योजनाओं का निर्माण और प्रस्तुति किया।15 फाइनलिस्ट्स ने अपने विचारों को महान ज्यूरी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें से कुशीनगर के स्कूलों से 3 टीमें और कॉलेजों से 2 टीमें शीर्ष सम्मान प्राप्त की।

सरकारी स्कूलों के समूह से, कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने अपने फूट जैम व्यवसाय विचार के लिए सुशीला राय महिलाओं में उद्यमिता के लिए सम्मान प्राप्त किया। केन्द्रीय विद्यालय गंगरानी ने अपने अर्थटोट विचार के लिए चंद्रशेखर आजाद प्रेरणा, साहस और दृढ़ता के लिए सम्मान प्राप्त किया। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सिरसिया ने अपने सेनेटरी नैपकिन व्यवसाय विचार के लिए रानी लक्ष्मीबाई नेतृत्व के लिए सम्मान प्राप्त किया। सरकारी कॉलेजों की टीमों में से, बुद्धा पीजी कॉलेज ने अपने महिला कार प्रशिक्षण, यात्रा, और राइडिंग सेवा सेंटर विचार के लिए सुशीला राय महिलाओं में उद्यमिता के लिए सम्मान प्राप्त किया। और एमएमआईटी, कुशीनगर कॉलेज ने अपने शादी का खोज विचार के लिए वीर अब्दुल हमीद ग्रामीण युवा उद्यमिता के लिए सम्मान प्राप्त किया। इन पुरस्कारों में प्रत्येक विजेता स्कूलों और कॉलेजों से तीन टीमों को प्रति वर्ष 75,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक शील्ड, और प्रत्येक भागीदार को एक लैपटॉप का समर्थन दिया गया।आविष्कार फाउंडेशन ने एक उद्यमिता मेंटरशिप प्रोग्राम का भी प्रस्तुतीकरण किया और पूर्वांचल से 16 वादी प्रारंभिक चरण के उद्यमियों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया, जिसमें से 7 स्थानीय उद्यमीयों को 14 लाख रुपये के पुरस्कार में सम्मानित किया गया। सूर्य मिश्रा और उनकी उद्यमिता, आश्रय हाइजीन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने उद्यमिता में प्रकार्य में उत्कृष्टता के लिए स्वाति राय पुरस्कार जीता और 4 लाख रुपये के साथ सम्मानित किया गया। कल्याणी कीर्ति सिंह और उनकी उद्यमिता आंशिमा तेराकृति एंड हैंडीक्राफ्ट ने समावेशी उद्यमिता के लिए मदन मोहन मालवीय पुरस्कार जीता और 3 लाख रुपये के साथ सम्मानित किया गया। श्री मिथिली एंटरप्राइजेज से अनिता राय को 2 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया जबकि सुई धागा से वंदना तिलक, आत्रंगी कलाकारी से दीपिका सिंह, अबोनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से अभिषेक कुशवाहा और वसुंधरा आर्गेनिक्स से अर्पित कुमार को प्रत्येक को 1 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।आविष्कार फाउंडेशन का मिशन है उत्तर प्रदेश में युवाओं में उद्यमिता की जिज्ञासा को उत्तेजित करने के लिए एक सीखने की पारिस्थितिकी बनाना। समूह का इस कार्यक्रम को पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक मिलियन स्कूल और कॉलेज के छात्रों तक ले जाने का उत्साह है। साथ ही, फाउंडेशन का उद्देश्य है कि अगले 5 वर्षों में पूर्वांचल से 1000 उद्यमियों में निवेश करें और इस साल अपनी प्रमुख पारिस्थितिकी निर्माण पहल संकल्प फोरम को वाराणसी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में लाने का इरादा है।

सोनालीका ट्रैक्टर ने वित्त वर्ष 24 में अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाज़ार हिस्सेदारी 15.3% दर्ज की

लखनऊ। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स इनोवेशन की अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने और अपने किसान-केंद्रित दृष्टिकोण का लाभ उठाते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की और वित्त वर्ष 24 का समापन करने के लिए उत्साहित है। कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक कुल वार्षिक बाज़ार हिस्सेदारी 15.3% (est.) हासिल करने के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024 में घरेलू बाज़ार में बढ़ने वाला एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड बन गया है। इस ज़बरदस्त उपलब्धि ने सोनालीका को उद्योग के प्रदर्शन से भी बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाया है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, सोनालीका के प्रीमियम टाइगर रेंज और फ्लैगशिप सिकंदर DLX सीरीज़ में नए और उन्नत ट्रैक्टरों को लॉन्च करने और हमारी हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज में निरंतर नई तकनीक पेश करने

से संभव हुई है। इसके साथ ही, हमारी वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतें प्रदर्शित करने के हमारे अनोखे कदम ने ट्रैक्टर खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे हमारे ब्रांड में सभी का विश्वास लगातार बढ़ा है। यह विशिष्ट दृष्टिकोण हमारे निरंतर विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। इसके अलावा, भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में हमारा नेतृत्व हमें दुनिया भर में लगातार और आक्रामक तरीके से इंनोवेट करने की शक्ति दे रहा है। इनमें से अधिकांश तकनीक मेड इन इंडिया हैं, इसलिए वे हमें बेहतर भविष्य के लिए तैयार होने में भी मदद कर रहे हैं। ऐसी उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करके हम एक संगठन और नेटवर्क के रूप में और भी मज़बूत हो गए हैं, जिससे वित्त वर्ष 2025 में नए उपलब्धि हासिल करने और अपने मिशन 2 लाख की ओर हम तेज़ी से बढ़ने के लिए तैयार हैं। नवीनतम प्रदर्शन से सोनालीका ने भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों के बीच अजेय 34.4% एक्सपोर्ट बाज़ार हिस्सेदारी (est.) दर्ज की है। इसमें आश्चर्यजनक 6.2% (est.) बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ोतरी शामिल है सोनालीका वित्त वर्ष24 की कठिन परिस्थितियों से गुज़रते हुए पूरे साल अपने अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा।

सियासी समर में नहीं नजर आ रही रौनक

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। संसदीय क्षेत्र में सियासी समर की वह पुरानी रौनक नजर नहीं आ रही है। अमेठी लोकसभा चुनाव में हमेशा सुर्खियों में रहता रहा किंतु इस बार यहां का चुनावी रंग बिल्कुल फीका नजर आ रहा है। नामांकन की घड़ी अब महज 12 दिन दूर है जिले में 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी किंतु विपक्षी दलों के प्रत्याशियों के नाम अभी तक सामने नहीं आए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चुनाव मैदान में उतार दिया है वह अमेठी में लगातार चुनावी गणित लगाते हुए अपनी गोटे बिछा रही हैं। गांधी नेहरू परिवार पर वह लगातार हमलावर हैं।वहीं कांग्रेस सहित अन्य दलों के प्रत्याशी अभी तक मैदान में नहीं आए हैं। गठबंधन का प्रत्याशी कौन होगा यह भी तय नहीं हो पा रहा है। यह एक लंबे अरसे बाद ऐसा चुनाव अमेठी में दिखाई दे रहा है जिसमें बिल्कुल चुनावी रंगत नजर नहीं आ रही है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुमार विश्वास ने एक लंबे समय से चुनावी रण छेड़ दिया था जिसकी बदौलत अमेठी में चुनाव का माहौल काफी गर्म रहा। बहुत कम समय पर भाजपा ने प्रत्याशी उतारा था 2014 के चुनाव में स्मृति ईरानी यहां पहली बार मैदान में रही और वह कम समय के बावजूद अच्छा चुनाव लड़ी हलाकी राहुल गांधी से उन्हें शिकस्त खानी पड़ी थी।केंद्र में भाजपा की सरकार बनी वह केंद्रीय मंत्री बनी। उन्होंने अमेठी में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का क्रम जारी रखा परिणाम हुआ की 2019 के चुनाव में उन्होंने राहुल गांधी को शिकस्त दी। वह यहां से सांसद बनी सरकार में उन्हें फिर केंद्रीय मंत्री का पद मिला। इस बीच लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से वह लगातार अमेठी में दौरे करते हुए चुनावी बैठक कर रही है। लेकिन विपक्ष से कौन प्रत्याशी होगा इसका कहीं अता-पता नहीं है लिहाजा विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं में जहां एक तरफ उहापोह की स्थिति है वही मतदाता भी संशय की नजर से इस चुनाव को देख रहा है।

मतदान केंद्रों पर छात्रों ने रंगोली, मेहंदी एवं स्लोगन से मतदान के लिए प्रेरित किया

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज जनपद के समस्त विकास खंडों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद की समस्त परिषदीय विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं बीएलओ के समन्वय से चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदान केंद्रों पर छात्रों ने रंगोली, मेहंदी एवं स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान प्रक्रिया हेतु प्रेरित किया। प्राथमिक विद्यालय कृष्ण नगर फुलवरिया करन ब्लॉक देवरिया सदर पर चुनाव पाठशाला तथा मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह के नेतृत्व में सहायक अध्यापिका शिखा जायसवाल द्वारा मतदाता जागरुकता निबंध प्रतियोगिता कराया गया। सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा मतदान स्लोगन तैयार कराया गया। शिक्षामित्र विमला मद्धेशिया द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। बीएलओ रेनू देवी द्वारा टोपी तथा बच्चों द्वारा पेंटिंग कार्य भी किया गया। प्रधान

अध्यापक नीलम सिंह द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। बैतालपुर ब्लाक में प्राथमिक विद्यालय गढ़पुरवा में बीएलओ उत्तम कुमार सिंह ने ग्रामवासियों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम जांचने एवं 1 जून 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए मतदान की शपथ दिलाई। प्राथमिक विद्यालय बैतालपुर में छात्रों ने मतदान संबंधी पेंटिंग बनाकर मतदान हेतु जागरूक किया। रामपुर कारखाना ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय नोनिया छापर में सुमेधा सिंह के नेतृत्व में छात्रों में रैली निकाली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने मतदान संबंधी स्लोगन मेहंदी से हाथों पर लिखे। छात्रों ने मतदाता जागरूकता संबंधित पेंटिंग भी बनाई। गौरी बाजार ब्लॉक में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवतहा में बी0एल0ओ0 शिल्पी गौर एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजू सिंह ने चुनाव पाठशाला का आयोजन कर छात्रों से मतदान संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया एवं उपस्थित जन समुदाय को मतदान हेतु शपथ दिलाई। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरनहीं, प्राथमिक विद्यालय परासिया चौबे, प्राथमिक विद्यालय सिसई गुलाब राय, प्राथमिक विद्यालय लबकनी गंगा, प्राथमिक विद्यालय का कपरवार, प्राथमिक विद्यालय खुदिया बुजुर्ग उच्च प्राथमिक विद्यालय भुलईपुर में रैली निकाली गई एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सलेमपुर ब्लाक में एआरपी उग्रसेन सिंह ने प्राथमिक विद्यालय छत्रपुरा मैं ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ को मतदान की शपथ दिलाई।

चुनाव पाठशाला के आयोजन के संबंध में सहायक स्वीप नोडल अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आने वाले सप्ताह में नियमित तौर पर मतदाताओं के विशेष वर्ग जैसे दिव्यांग, महिला, बुजुर्ग मतदाता को केंद्र में रखकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों एवं चुनाव पाठशालाओ का आयोजन किया जाएगा।

एंटी करप्शन की टीम ने घूस लेते मत्स्य अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ा

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। एंटी करप्शन गोरखपुर की टीम में शनिवार को घूस लेते जिला मत्स्य विकास अधिकारी बृजेश यादव को रंगे हाथों पकड़ लिया। उक्त अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि शिकायतकर्ता महेन्द्र कुमार चौधरी पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम सपहा महतो थाना रामकोला द्वारा 13 अप्रैल को इस आशय का शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना 2023-24 के अन्तर्गत मीठे जल में बायोफलांक निर्माण परियोजना में उसका चयन हुआ है, जिसके अन्तर्गत उसे प्रथम किश्त के रूप में 5,04,000/- (पांच लाख चार हजार रूपये) उक्त धनराशि में से 25 प्रतिशत अर्थात 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रूपये) सहायक मत्स्य अधिकारी बृजेश यादव द्वारा रिश्वत के रूप में मांग की जा रही थी, जिसे आज शनिवार को समय अपरान्ह 2:20 बजे आरोपी बृजेश

पीएम मत्स्य योजना के अंतर्गत मीठे जल बायोफलांक निर्माण में मांगा था घूस

यादव को उसके कार्यालय से अग्रिम 25,000/- रूपये रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन गोरखपुर की टीम रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके विरुद्ध थाना कोतवाली पड़रौना पर धारा 7,13 (1) ख सपठित धारा 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अभियोग पंजीकृत कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

लोकसभा चुनाव : कुशीनगर में सर्वाधिक दिव्यांग मतदाता

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। गोरखपुर-बस्ती मंडल की लोकसभा सीटों पर दिव्यांग वोटरों की अच्छी संख्या हैं। आकड़ो पर नजर दौड़ाएं तो दोनों मंडलों की 9 लोकसभाओं में सर्वाधिक वोटर कुशीनगर उसके बाद सिद्धार्थनगर में हैं जबकि सबसे कम दिव्यांग वोटर संत कबीरनगर में हैं। अच्छी बात यह है कि बूथ तक जाने में यह दिव्यांग बेहद जागरूक रहे हैं। पुराने रिकार्ड बताते हैं कि हर चुनाव में 60 फीसदी से अधिक दिव्यांगों ने वोट की चोट कर अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों चुनाव करने में अहम भूमिका निभाई है।

बता दे कि कुशीनगर जनपद में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दिव्यांग वोटरों की संख्या 22205 थी। इसमें से 61 फीसदी से अधिक दिव्यांग वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। यहां ओवरऑल वोटिंग महज 59.79 फीसदी ही था। इसी तरह से सिद्धार्थनगर जिले में वर्ष 2019 के चुनाव में कुल दिव्यांग मतदाताओं 27026 में 60 फीसदी से अधिक दिव्यांगजनों ने मतदान किया था, जो कि सामान्य वोटिंग प्रतिशत 57.52 से काफी अधिक है। देवरिया लोकसभा सीट की बात करे तो यहां कुल दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 19,460 थी जहा 60 फीसदी से अधिक दिव्यांग वोटरों ने वर्ष 2019 मे अपने मतदान किया

2019 लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक दिव्यांगों ने किया था वोट की चोट

था। जबकि 2024 में अभी तक सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 18,848 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है। 2019 के लोकसभा 60 फीसदी से अधिक दिव्यांग वोटरों ने मतदान किया था।वहीं महराजगंज में कुल दिव्यांग वोटरों 14300 में से 60 फीसदी से अधिक वोटरों ने मतदान किया था। बस्ती कुल 15256 दिव्यांग वोटरों में से 59.9 ने बीते चुनाव में मताधिकार का प्रयोग किया था। संतकबीरनगर जिले में सबसे कम 8605 दिव्यांग मतदाता हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 62 फीसदी से अधिक दिव्यांग वोटरों ने मतदान किया था।

गोरखपुर में सामान्य वोटिंग से अधिक दिव्यांगों ने किया

गोरखपुर में 2019 के लोकसभा चुनाव में जहां 56.97 सामान्य वोटरों ने मतदान किया वहीं 60 फीसदी से अधिक वोटिंग दिव्यांगजनों की रही। गोरखपुर में 17636 दिव्यांग वोटरों में से 11927 पुरुष जबकि 5708 महिला वोटर हैं। यहां सबसे अधिक दिव्यांग वोटर 3078 खजनी विधानसभा में हैं।

नहर से महिला की लाश बरामद, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

फाजिलनगर, कुशीनगर। चौराखास थाना क्षेत्र के उस्मानपुर ग्राम सभा के गौसिया मस्जिद के पास नहर में 43 वर्षीय एक महिला की लाश मिलने की सुचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के घंटों प्रयास के बाद शव का शिनाख्त हो सका। शनिवार की सुबह दस बजे के आसपास उस्मानपुर के लोग खेती बारी के काम से निकले थे कि गांव के पश्चिम नहर में उगे झाड़ में एक महिला का शव देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सुचना ग्राम प्रधान व अन्य लोगो को दिया। प्रधान ने इसकी सुचना चौराखास पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास करने लगी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसकी पहचान नहीं होने से पुलिस पसोपेश में पड़ी रही। लगभग एक घंटे बाद बगल गांव लछिया देवरिया निवासी एक व्यक्ति ने उसकी पहचान करते हुए बताया कि मेरे ही गांव का टोला उसरही

निवासी संजय गौड़ की पत्नी सुमन है। इसके बाद पुलिस ने उसके पति को मौके पर बुलाया तो उसने बताया कि यह अक्सर एक- दो दिन घर से बाहर चली जाती थी। शुक्रवार को दिन के दस बजे वह घर से निकली थी उसके बाद मै भी मजदूरी करने निकल गया। देर रात्री तक घर नहीं पहुंचने पर मुझे लगा कि अपने मायके चली गई होगी। इस समय इसके मौत की सुचना पर मैं हतप्रभ रह गया। इस सम्बन्ध ने थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि महिला के शरीर पर किसी प्रकार के चोट का निशान नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। उसके पति ने कोइ तहरीर नहीं दिया है।

आज आयोजित होगा कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

गोरखपुर। ईद के मुबारक मौके पर मियां बाजार के लोगों द्वारा एक भव्य कवि सम्मेलन/मुशायरा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंद गिरी जी करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर सदर के लोकसभा सांसद वी सुप्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन शुक्ला उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली के सुप्रसिद्ध युट्युबर रॉकी अब्बास, सुप्रसिद्ध काउंसलर खैरुल बशर, संगीत नाटक अकादमी के सदस्य डा.राकेश श्रीवास्तव, ऐतिहासिक गुरुद्वारा जटाशंकर के अध्यक्ष सरदार जसपाल सिंह भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक फजल खान ने बताया कि इस अवसर पर देश के जाने वाले कवि और शायर अपने प्रस्तुति देंगे। विशेष रूप से डा. सत्यमवादा शर्मा, प्रेमनाथ मिश्रा, प्रमोद चोखानी, संतोष संगम (फाजिलनगर), भावना द्विवेदी (देवरिया), मिन्नत गोरखपुरी, आशिया गोरखपुरी, शिवांगी मिश्रा (कुशीनगर) आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का आयोजन आज 2024 को शाम 4:30 बजे, मियां बाजार, कोतवाली रोड, डॉक्टर जाहिद नर्सिंग होम के सामने होगा।

आनंद नगर रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। लखनऊ मंडल के आनंद नगर रेलवे स्टेशन पर विनोद कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक रेलवे गोरखपुर/बलिया द्वारा जीआरपी थाना आनंदनगर अनुभाग गोरखपुर का औचक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों व कर्मचारी के साथ बैठक की गई । सभी को उच्च अधिकारीयों से प्राप्त आदेश व निर्देशों से अवगत कराया। अपराध व अपराधियो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।सभी को ट्रेन एस्कॉर्ट, पीएफ ड्यूटी पर रामनवमी/ लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुस्त व दुरुस्त होकर पूर्ण मनोयोग व सतर्कता के साथ ड्यूटी संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया। पीएफ ड्यूटी दौरान सतर्क दृष्टि रखे लापरवाही न बरतेंने को लेकर ब्रीफ किया गया। रेलवे स्टेशन आनंदनगर, लेहरा स्टेशन/हाल्ट , बृजमनगंज स्टेशन के प्लेटफॉर्म/सर्कुलेटिंग एरिया/ यूटीएस हाल आदि की सघन चेकिंग करायी गई। सभी अधिनिस्तो को ड्यूटी से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश देकर ब्रीफ किया गया।

मेंहदी में पूर्णिमा और रंगोली में आरती रही अव्वल

अमेठी अवधनामा संवाददाता। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में विकास खंड भेटुआ में महत्मा शिव कुमार इंटर कॉलेज धराईमाफी में लाल मणि कश्यप के संयोजन में मेंहदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पूर्णिमा कश्यप द्वितीय मनीषा तृतीय स्थान दिव्यांशी ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आरती पाल द्वितीय खुशी तृतीय स्थान कोमल सोनी ने प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को कॉलेज के प्रधानाचार्य कैलाश नाथ उपाध्याय ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।युवाओं को पम्पलेट देकर 20 मई को अमेठी में होने वाले मतदान के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक करने व अपने अपने गाँव मे सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाई गई।

मां चेड़ा मंदिर में परिसर में लगने वाले दुकानों की नीलामी प्रथा खत्म

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र रामनवमी के अवशर पर मां चेड़ा देवी मंदिर परिसर में लगने वाले मेले में दुकानों की नीलामी नही होगी। यह निर्णय आम लोगों के हितों को देखते हुए नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने लिया। चेयरमैन के इस निर्णय का लोगों ने स्वागत किया।

बता दें कि चैत्र रामनवमी के अंतिम दिन आस्था का प्रतीक मां चेडा देवी मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों दुकानदार अपना दुकान लगाते है। पहले मेले लगने वाले जगह का समिति द्वारा नीलामी की जाती थी लेकिन इस बार

अब नही होगी दुकानों की नीलामी, मथौली चेयरमैन ने लिया निर्णय

चेयरमैन नवरंग सिंह ने उक्त नीलामी प्रथा को खत्म कर दिया। श्री सिंह ने कहा कि नीलामी होने से मेले में सामानों का मूल्य बढ़ाकर बेचा जाता था, लेकिन नीलामी खत्म होने से उक्त महंगाई पर अंकुश लगेगी और आम लोगों को भी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति के जो सदस्य है वह मेले का व्यवस्था देखेंगे।

कहीं से भी किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही होगी। मेले में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स के साथ नगर प्रशासन भी तैनात रहेंगे। चेयरमैन के इस निर्णय का नगर व क्षेत्र के लोगों ने खूब सराहना किया। **मां भगवती जागरण का आयोजन आज:** मोतीचक विकास खंड के लक्ष्मीपुर कुटी धाम पर चौदह अप्रैल रविवार को विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया है। जिसमें दुर-दुर से आए भजन कलाकार जागरण की प्रस्तुती देंगे। जागरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे होंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्यों ने दि है।

16 को सिघसनी व 17 को चेडा देवी स्थान पर लगेगा मेला

मथौली बाजार, कुशीनगर। चैत्र रामनवमी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बा के वार्ड नंबर छः (सिरसिया) में स्थित मां सिघसनी देवी स्थान पर 16 अप्रैल मंगलवार को मेला लगेगा तथा मथौली सिवान में स्थित मां चेंडा देवी स्थान पर 17 अप्रैल बुधवार को मेला लगेगा। जिसके लिए मंदिर की साफ-सफाई, मेले की व्यवस्था व श्रद्धालुओ की सुविधा को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन व सभासद तैयारी में लगे हुए है। उक्त जानकारी चेयरमैन नवरंग सिंह ने दी है।

पांचवे दिन हुई स्कंदमाता की पूजा अर्चना

अमेठी अवधनामा संवाददाता। वासन्तिक नवरात्र में पंचम दिवस शनिवार को स्कंदमाता की पूजा अर्चना करने के लिए देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शनिवार को मां दुर्गा की पांचवी शक्ति की पूजा को भोर से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। विकासखंड संग्रामपुर स्थित मां कालिका धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए और मां की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। मंदिर परिसर पर श्री दुर्गा शप्तशती का पाठ करने के लिए भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घंटे घड़ियाल की मधुर ध्वनि से सुदूर क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। गृहस्थों ने अपने घरों में पूजा की शप्तशती का पाठ किया। घट स्थापना कर 9 दिन के व्रत का अनुष्ठान जप और पूजन करने वाले श्रद्धालु उत्साहित रहे। नगर स्थित श्री देवीपाटन मन्दिर में सुबह से ही माँ के दर्शन के लिये भक्तों की कतार लगी रही। मंदिरों पर श्रद्धालुओ की सुबिधा और व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी भक्तो की भारी भीड़ रही। विशेश्वरगंज स्थित काली माई मंदिर शाहगढ़ स्थित दुर्गन भवानी माता हिंगलाज भवानी माता मवई धाम माता धमसा धाम माता गायत्री मन्दिर आदि प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में नवरात्र के पांचवे दिन भक्तो की भारी भीड़ रही। नारियल चुनरी और विविध प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओ ने मां की पूजा अर्चना की।

इतिहास की काली घटना है जलियावाला हत्याकांड

देवरिया अवधनामा संवाददाता। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा जलियावाला बाग हत्याकांड की बरसी पर देवरिया नगर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कर जलियावाला बाग के शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जलियावाला बाग के शहीदों का अद्वितीय साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज के 105 साल पहले 13 अप्रैल 1919 को पंजाब के जलियावाला बाग में अंग्रेजो ने हैवानियत की हद को पार करते हुए निहत्थे भारतीयों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थी, यह दर्दनाक और दुख भरा दिन भारत के इतिहास में काली घटना के रूप मे दर्ज हो गया। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि जलियावाला बाग के शहीदों की शहादत युगों-युगों तक याद की जाएगी।

सैन्य सेवा से राष्ट्र सेवा का संकल्प लें कैडेट्स : रॉसन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 102 यूपी बटालियन के कैडेट्स के लिए शनिवार को शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। रक्षा क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर वायु सेना के सेवानिवृत वारंट ऑफिसर निर्मल सी. रॉसन ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। श्री रॉसन ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा किरक्षा क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। सैन्य सेवा के लिए ऊंचा लक्ष्य, जुनून, अनुशासन, आत्मविश्वास और समय का पाबंद, मूल मंत्र है। कैडेट्स अभी से अपने जीवन के लक्ष्य के प्रति सजग और जागरूक रहें। लक्ष्य के प्रति सदैव तत्पर रहें। आपकी उत्सुकता ही आपको जीवन में लक्ष्य के प्रति प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इजराइल में हर नागरिक को 5 वर्ष फौज में नौकरी करना अनिवार्य है। भारत में थल सेना, वायु सेना और जल सेना के विविध विंग्स में ढेर सारे द्वार खुले हुए हैं।

आप सैन्य सेवा से राष्ट्र सेवा का संकल्प लें। सैन्य सेवा के आत्मविश्वास से सैनिक कभी रिटायर नहीं होता, सामाजिक सेवा से राष्ट्र सेवा का जज्बा सदैव जिंदा रहता है। एनसीसी का प्रशिक्षण सैन्य सेवा के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी सैन्य अनुशासन और साहसिक प्रशिक्षण की प्रेरणा देता है। एनसीसी प्रशिक्षण न केवल आपको जीवन में एक अधिक अनुशासित और जिम्मेदार व्यक्ति बनाता है बल्कि आपके व्यक्तित्व, चरित्र व गुण का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर ने स्कूली शिक्षा से विद्यार्थियों को सैन्य सेवा के लिए तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है। सैन्य सेवा के लिए एनडीए, आईएमए, नेवल एकडेमी, शॉर्ट्स सर्विस कमीशन, टेक्निकल ग्रेजुकेशन कोर्स, आर्मी कैडेट कॉलेज, टेरीटोरल आर्मी, आर्मी मेडिकल कोर्प्स, आर्मी पोस्टल सर्विस, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम, आईटीबीटी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ आदि में कैडेट्स को सुनहरा मौका मिलता है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद कॉलेज के डॉ. शांति भूषण हंडोइ एवं एनसीसी एएनओ डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने विशेषज्ञों का स्मृति स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कैडेट्स के लिए व्याख्यान पर कुलपति मेजर जनरल (डॉ) अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने शुभकामनाएं दीं।

मिड डे मील में मोटा अनाज को बढ़ावा देने की महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र ने की पहल

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र व दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में मिलेट रिवाइवल प्रोग्राम के अन्तर्गत उप्र कृशि अनुसंधान परिषद लखनऊ के वित्तीय सहयोग से मडूआ/रागी का वैल्यू एंड बिस्किट का मध्याहन भोजन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में स्वास्थवर्धन हेतु वितरण कार्यक्रम का अयोजन कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय मंझरिया, भरोहिया गोरखपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 संजय सिंह, महानिदेषक, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र अपने ज्ञान एवं शोध का उपयोग सदैव समाज के हित के लिए करते हुए उत्कृष्ठ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी प्रभावी निर्वहन कर रहा है। आज हम देश के कर्णधार प्राथमिक विद्यालय के नन्हे-मुन्हें बच्चों को मडूआ/रागी के बिस्कुट प्रदान कर इन्हे मिलेट के उपयोग के प्रति जागरूक कर रहे है रागी/बिस्कुट में पोषक तत्वों की अधिकता इनके स्वास्थ के लिए वेहतर होगा। मोटे अनाज के महत्व के दृश्टिगत केंद्र मिलेट की खेती के लिए भी अपने समाज के लोगों अपने शोध की सहायता से सहयोग प्रदान करते हुए प्रेरित कर रहा है।

किसान मोर्चा ने नियुक्त किया विधानसभा प्रवासी

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। भाजपा किसान मोर्चा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिये सभी विधानसभाओ में प्रवासी नियुक्त किया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से किसान मोर्चा के आगामी कार्यक्रमो को सम्पन्न कराने के लिये, देवरिया जनपद की सभी लोकसभा सीटो पर भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिये सभी विधानसभाओ में किसान मोर्चा द्वारा विधानसभा प्रवासी नियुक्त किये गए है।

उन्होंने कहा कि भाटपाररानी विधानसभा में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हृदयलाल शर्मा, सलेमपुर में पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा कन्हैया जायसवाल, पथरदेवा में जिला उपाध्यक्ष मुकेश राय, रुद्रपुर विधानसभा में जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय, बरहज में जिला मंत्री नीरज शाही बैरौना, देवरिया में जिला मंत्री नागेन्द्र सिंह सैथवार और रामपुर मे जिला कोषाध्यक्ष अमित सिंह पंवार को विधानसभा प्रवासी बनाया गया है।

भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति संवेदनहीन है देवरिया की पुलिस : डॉ ऋषिकेश

अवधनामा संवाददाता

रूद्रपुर (देवरिया)। भ्रष्टाचार समाज के लिए एक गंभीर खतरा है किन्तु भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर देवरिया की पुलिस गम्भीर नहीं है। उक्त बातें एन्टी करप्शन कोर के प्रदेश प्रभारी डॉ0 ऋषिकेश दुबे ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि

एण्टी करप्शन कोर एक रजिस्टर्ड भ्रष्टाचार निरोधी संगठन हैं। और इस संगठन के द्वारा भ्रष्टाचार निवारण में किये गए अतुलनीय योगदान के लिए माननीय ओजस्वी मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के निर्णय से पुलिस बल सहयोग प्राप्त है । तथा गोरखपुर परिक्षेत्र के सभी पुलिस अधीक्षक /अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा मांगे गये आख्या रिपोर्ट में संगठन को सहयोग प्रदान करने का स्वीकृति प्रदान किया है लेकिन देवरिया के पुलिस अधीक्षक ने अपने आख्या रिपोर्ट में संगठन को पुलिस सहयोग करने से कानून व्यवस्था बिगड़ने का रिपोर्ट लगाया है । जिसपर संगठन ने माननीय ओजस्वी मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश को एक आवेदन इस आशय के साथ प्रेषित किया कि आपके जीरों टोलेरेंस भ्रष्टाचार के घोषणा को धरातल पर उतारने वाले संगठन को सहयोग करने से आख़िर कैसे कानून व्यवस्था बिगड़ेगा । जबकि संगठन प्रदेश में तमाम भ्रष्टाचारियों का पुलिस सहयोग से पर्दाफ़ाश करते हुए उन्हें सज़ा दिला चुका है तथा कानून व्यवस्था में कोई व्यवधान नहीं आया। उन्होंने सम्भावना जाहिर करते हुए कहा कि इसी मामले की जांच के संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी देवरिया ने एक पत्र के माध्यम से उन्हें अपने कार्यालय में बुला कर संगठन को अव्यवहारिक बताते हुए धमकी भरे शब्दों में कहा कि शासन ने एन्टी करप्शन कोर को फ़र्जी करार कर दिया है।

ईवीएम का प्रथम रैण्डमाईज़ेशन सम्पन्न

बहराइच अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार प्रथम रेण्डमाइज़ेशन का कार्य किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, मोतीपुर (मिहींपुरवा) के संजय कुमार, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, बसपा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौतम व जिला प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, अपना दल (सोनेलाल) के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, सपा के जिला उपाध्यक्ष ज़फरउल्लाह ख़ॉ 'बन्टी', भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गोपीनाथ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, नेटवर्क फील्ड अभियन्ता संदीप द्विवेदी, आई.टी. टीम के सदस्य विजय द्विवेदी मौजूद रहे।

वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान केन्द्र बहराइच में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के प्रथम रेण्डमाइज़ेशन के पश्चात जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ राजनैतिक दलों की मौजूदगी में जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि रैण्डमाईज़ेशन के पश्चात इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार पृथ्थकीकरण का कार्य किया जायेगा। वेयर हाउस के निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकल दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, मोतीपुर (मिहींपुरवा) के संजय कुमार, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ला, बसपा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गौतम व जिला प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, अपना दल (सोनेलाल) के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल, सपा के जिला उपाध्यक्ष ज़फरउल्लाह ख़ॉ 'बन्टी', भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गोपीनाथ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

जलियांवाला बाग नरसंहारकांड दिवस मनाया

सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता। जलियांवाला बाग नरसंहार ब्रिटिश हुकूमत के ताबूत की अखिलरी कीले बन गया। ब्रिटिश राज के भारत में अंत की शुरुआत जलियांवाला बाग कांड के बाद से ही शुरू हो गया, जब शहीद ए आजम भगत सिंह जी ने जलियांवाला बाग की मिट्टी को अपने मुट्ठी में लेकर संकल्प व्यक्त किया।उन्होंने संकल्प लिया कि हम इस जालिम शासन को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त कर देंगे। शहीदों के बलिदान से ब्रिटिश हुकूमत के पैर उखड़ने लगे एवं देश को आजादी मिली। प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जदयू ओमप्रकाश उपाध्याय ने जलियांवाला बाग नरसंहार कांड में मरे हजारों भारतीय शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।उन्होंने कहा कि देश आपके बलिदान को कभी भूलेगा नहीं। सरदार भगत सिंह, सुखदेव,राज गुरु,चंद्रशेखर आजाद,अशफाक उल्ला खान, रोशन सिंह, पंडित राम प्रसाद उपाध्याय बिस्मिल, राजेंद्र लहरी को याद किया गया ।कार्यक्रम में मौजूद सभी नेताओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ।इस अवसर पर समाज के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

बच्चो का अटल आवासीय योजना में हुआ चयन

कुड़वार, सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता। विकासखंड कुड़वार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरही में अध्ययनरत दो बच्चों का चयन अटल आवासीय योजना अयोध्या के लिए हुआ है। जनपद सुलतानपुर से उक्त दो बच्चों का अटल आवासीय विद्यालय अयोध्या प्रवेश परीक्षा 2024 के बाद कक्षा 6 के लिए चयन हुआ है। जिसमे मो0 अहेद की पहली रैंक आई है तथा सानिया बानो की रैंक तीसरी आई है। शुभचिंतकों सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक लोकेश सिंह व सहायक अध्यापक शिवम राणे ने उक्त बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में रोकथाम जुर्म, वांछित/वारंटी तथा अवैध शस्त्रो, मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के थानो द्वारा कार्यवाही की गई। थाना कूरेभार पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुनील सिंह उर्फ कोद्दे पुत्र शिवबहादुर को 70 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 67/2024 धारा 8/21 NDPS Act पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। थाना कूरेभार पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अरमान अली पुत्र मो0 करीम को एक अद्द अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद् जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 68/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लिये नमूने, जांच को भेजे

ललितपुर अवधनामा संवाददाता। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नवरात्रि के दृष्टिगत महरौनी तहसील में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार साहू द्वारा बानपुर क्षेत्र में साबूदाना व मूंगफली का नमूना संग्रहित किया। खाद्य व्यापारियों को खुले मसालों, खुले खाद्य तेल, रंगीन मिठाई व मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचने हेतु जागरूक किया। साथ ही व्यापारियों को शीघ्र खाद्य पंजीकरण अथवा खाद्य अनुज्ञप्ति करवाने का निर्देश दिया। खाद्य व्यापारियों को उनकी इनवॉइस अथवा बिल अथवा रसीद मे खाद्य पंजीकरण व खाद्य अनुज्ञप्ति अंको को दर्शाने का निर्देश दिया। कहा कि अगर किसी व्यापारी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया गया तो सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जाएगी।

आईटीआई तालबेहट में पूल कैम्पस ड्राइव कल

ललितपुर अवधनामा संवाददाता। राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट के प्रधानाचार्य द्वारा सूचित किया गया है कि राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट में 15 अप्रैल 2024 को एक ऑफ लाइन पूल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक तालबेहट के अलावा उत्तर प्रदेश के समस्त पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रतिभाग कर सकते हैं। यह पूल कैम्पस ड्राइव पास आउट स्टूडेंट और फाइनल ईयर में अध्यनरत स्टूडेंट के लिए है। उत्तर प्रदेश के सभी पॉलिटेक्निक से लगभग 400 स्टूडेंट के इस ऑफलाइन पूल कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग करने की संभावना है। कोई भी स्टूडेंट जिसने डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक या कंप्यूटर साइंस ब्रांच में पास किया है तो वह इस पूल कैंपस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते है।

राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की आयु 25 वर्ष होनी चाहिए : डीएम

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु 56-बहराइच (अ.जा.) निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र, उनकी संवीक्षा, नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन का समस्त कार्य कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, बहराइच कक्ष संख्या-02 में सम्पन्न होगा।

आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 18 से 25 अप्रैल 2024 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक (लोक अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन जमा किये जायेंगे। नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अन्तिम तिथि 29 अप्रैल 2024 निर्धारित है। मतदान की तिथि 13 मई 2024 तथा मतगणना की तिथि 04 जून 2024 निर्धारित है। नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति आ सकते हैं।

मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की आयु 25 वर्ष होनी चाहिए। प्रत्याशी का नाम किसी भी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित होना चाहिए, यदि अभ्यर्थी अपने से भिन्न निर्वाचन क्षेत्र में नाम निर्देशन प्रस्तुत करता है तो सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के उद्धरण की प्रमाणित प्रतिलिपि जो जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत की गयी हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य है। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दल के अभ्यर्थी हेतु 01 प्रस्तावक तथा पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दल के अभ्यर्थी अथवा निर्दलीय अभ्यर्थी हेतु 10 प्रस्तावकों का होना अनिवार्य है। प्रस्तावक/प्रस्तावकों का उसी लोक सभा में समाष्टि विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित होना चाहिए जिस लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी द्वारा निर्वाचन लड़ने हेतु नामांकन पत्र भरा जा रहा हैं। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी की आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए, अभ्यर्थी का जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। एक अभ्यर्थीएक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 04 से अधिक नामांकन पत्र नहीं दाखिल कर सकते है। निर्वाचन लड़ने वाले सामान्य जाति के अभ्यर्थियों हेतु रू. 25,000 तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए रू. 12,500 ज़मानत की धनराशि निर्धारित है।

निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में दी गयी जानकारी

जलियांवाला नरसंहार की 105वीं बरसी एवं मतदाता जागरूकता से सम्बधित संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा मूलयांकित संस्थान पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी के सभागार में जलियांवाला नरसंहार की 105वीं बरसी एवं मतदाता जागरूकता से सम्बधित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थापक डॉ. पारस नाथ यादव ने कहा कि जलियांवाला बाग नरसंहार में स्वतंत्रता सेनानियों के वीरता पूर्वक संघर्ष और बलिदान के कारण अंग्रेजों को भारत से अपना शासन छोड़ना पड़ा। प्रबन्ध निदेशक डॉ. सौरभ यादव ने बताया कि यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था, तो वह घटना यह जघन्य हत्याकांड ही था। महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सूफिया ने कहा कि जलियांवाला बाग में हुआ हादसा भारत की स्वंतत्रता की इतिहास से जुड़ा एक ऐसा दिन था, जिसका जश्न नहीं मनाया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह इतिहास का वह काला दिन है जो सिर्फ दर्दनाक और दुखद यादो से भरा हुआ है। असिस्टेन्ट प्रोफेसर नसीम खान ने कहा कि मताधिकार आधुनिक प्रजातंत्र का आधार है, नागरिक इसका प्रयोग चुनाव के माध्यम से करते है, लोकतंत्र में एक मत का मूल्य अमूल्य है। पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झां ने कहा कि जलियांवाला बाग नरसंहार के बाद पूरे भारत में आक्रोश फैल गया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध प्रर्दशन शुरू हुआ, महात्मा गांधी जिन्होनें पहले विश्व युध्द में ब्रिटिश शासन को समर्थन किया था, उन्होने औपनिवेशिक सरकार के साथ असहयोग आंदोलन का आह्वान किया, इस नरसंहार ने भारतीय स्वंतत्रता आन्दोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महाविद्यालय में होगा रोजगार मेले का आयोजन : कमलेश चौधरी

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्री दीपचन्द्र चौधरी महाविद्यालय में 20 अप्रैल को होने वाले विशाल रोजगार मेले के सम्बन्ध में प्रबन्ध समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें प्रबन्धक कमलेश चौधरी द्वारा जानकारी दी गयी कि जनपद में संचालित माध्यमिक शिक्षा व उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के प्रधानाचार्यो को दूरभाष के माध्यम से सूचना प्रेषित कर दी गयी है।

रोजगार मेले में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के लगभग 25 इण्टर कॉलेज भाग ले रहे हैं, जिसमें बी.एड. एवं डी.एल.एड. डिग्रीधारक युवाओं को टीजीटी, पीजीटी एवं पीआरटी अनेक पदों पर रोजगार मिलेगा। इस रोजगार मेले में विभिन्न विद्यालयों से अलग अलग साक्षात्कार बोर्ड लगाकर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। प्रतिष्ठित विद्यालयों में विभिन्न पदों पर टीजीटी, पीजीटी एवं पीआरटी के पद पर चयन किया जायेगा, जिससे विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ देश के विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। महाविद्यालय रोजगार मेले में आये हुय अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर देकर रोजगार मेले को बहुआयामी बनाया जायेगा, ताकि समाज के प्रशिक्षित एवं योग्य प्रतिभागियों को अवसर मिल सके, प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपने सभी प्रमाणपत्रों की ओरिजनल और फोटो कॉपी को साथ लेकर आना होगा, अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर प्रबन्धतन्त्र की ओर से प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी, विकास चौधरी, गौरव चौधरी, प्रतीक चौधरी, प्रणव चौधरी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे.एस. तोमर एव शिक्षकों में डॉ. राकेश राजन, इंजीनियर मनीष कुमार रायकवार, इंजीनियर राहुल चतुर्वेदी, डॉ. रामेन्द्र कुमार, डॉ. खुशबू सिद्दीकी, प्रोफेसर प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

भयमुक्त होकर शांतिपूर्ण तरीके से करें मतदान : सीओ

अवधनामा संवाददाता

तालबेहट। लोकसभा चुनाव शांति सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराने के उदेश्य से सर्किल अफसर कुलदीप कुमार के साथ पुलिस बल व पैरामिलिट्री फोर्स पूराकलां क्षेत्र के गांवों में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर सीओ कुलदीप कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। इस दौरान उन्होंने लोगों से गांवों में शांति व्यवस्था के साथ बढ चढ कर मतदान करने पर जोर दिया। कोई व्यक्ति बिना वजह कोई अफवाह न फैलाएं। साथ ही यदि उन्हें कोई संदिग्ध गतिविधियों वाला व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दी जाए। उन्होंने हिदायत दी कि यदि चुनाव के समय गांव में कोई गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पूराकलां एसो स्वतिक दिवेद्वी के अलावा दरोगा सहित भारी पुलिस बल रहा। पुलिस टीम ने ग्राम पूराकलां, नत्थीखेडा, बिरधा सहित करीब आधा दर्जन स्थानों पर पैदल मार्च किया।

जागरूकता रैली निकाल कर किया लोगों को जागरूक

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि प्रशासन द्वारा निर्धारित किये प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसके लिए विकास खण्ड मड़ावरा की ग्राम पंचायत बछरई में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मतदान करने के लिए दूसरे लोगों को भी जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों व बच्चों को शपथ दिलायी गयी कि वह लोकतंत्र के महान पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुये संविधान में निहित मत के अधिकार का प्रयोग करेंगे। बिना किसी प्रलोभन के मतदान करेंगे। इस दौरान शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित तिथि पर मतदान केन्द्र पहुंच कर मत का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक दुबे, प्रधान प्रतिनिधि राहुल राजा, रोजगार सेवक पंचायत सहायक सहित अन्य ग्रामीण व शिक्षक उपस्थित रहे।

गुहराज जयन्ती पर किया गया भगवान का पूजन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। गुहराज निषाद राज प्रभु का जन्म उत्सव एवं बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से निषाद, रायकवार, केवट, मल्लाह के आराध्य भगवानों के भगवान गुहराज निषाद राज का जन्म उत्सव मनाया गया। निषाद जयंती की पावन वेला पर रायकवार निषाद केवट मल्लाह आदि समाजों ने ब्लॉक ग्राम तहसील व जिले के ग्रामीण अंचलों में मनाई गई, जिसमें मुख्य रूप से ग्राम रजवारा, महरौनी, इमिलिया, जखौरा, ललितपुर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रजवारा में मुख्य अतिथि महेश रायकवार ने कहा निषाद पार्टी का सपना पूरा हो रहा है। आज जिले में निषाद पार्टी की देन है कि रायकवार केवट कश्यप कहार जागरूक होकर निषाद पार्टी ने उनका इतिहास बताकर कि आप के पुरखे कभी प्रभु श्री राम के मित्र रहे हैं और आप लोग राजा बंशज के खानदान के है। कभी आप के पुरखे सन्ता सरकार चलाकर राज करते थे अब निषाद पार्टी की देन है कि जनपद ललितपुर की समाज जाग चुकी है जो कि आज देखने को मिल रहा है, कभी निषाद राज का नारा लगाने में हिचकिचाहट होती थी लेकिन अब निषाद पार्टी की देन है कि अब हर घर घर एवं गली मोहल्ला में निषाद राज का नारा गुज़ायमान है।

धूमधाम से मनाया गया वैशाखी पर्व

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वाधान में (वैसाखी) खालसा साजना दिवस पर्व बड़े ही श्रद्धा भावना के साथ गुरुद्वारा लक्ष्मीपुरा साहिब में मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे संत मनी सिंह ने कहा कि आज ही के दिन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब पंजाब में खालसा पंथ की स्थापना की। आज ही के दिन उन्होंने पंच प्यारों को अमृत छकाया व उन्हीं से अमृत छक कर सिंह की उपाधि दी और खालसा पंथ की स्थापना करने से पहले उन्होंने एक आम सभा बुलाई, जिसमें उन्होंने पूछा की कौन अपने सिर का बलिदान दे सकता है।

इस बात को सुनते ही भीड़ में सन्नाटा छा गया तभी पहला हाथ आगे आया ओर वो हाथ ओर वो हाथ भाई दया सिंह जी का था। तब गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उन्हें तंबू के पीछे ले गए और थोड़ी देर बाद उनकी तलवार पर खून लगा हुआ था। इसके बाद भाई धर्म सिंह, भाई मोहकम सिंह, भाई हिम्मत सिंह, भाई साहिब सिंह जी सिर कटवाने तंबू के पीछे चले गए कुछ समय के बाद ये पांचों गुरुजी के साथ निकल कर आए और कहा कि आज के बाद हर सिख अपने नाम के साथ सिंह लगाएगा। कहा कि खालसा मेरों रूप हे खास खालसे में हो करो निवास। इस अवसर मास्टर अक्षय गीतमा तिवारी व कर्मनदीप सिंह, हरजस कौर द्वारा भी सुंदर गुरबाणी कीर्तन का गायन किया गया। बाद में उनको गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा द्वारा सारोपा व गिफ्ट भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान डा.सुरेंद्र कौर वालिया, परमजीत सिंह छतवाल, हरजीत सिंह, गुणवीर सिंह, जगजीत सिंह, चरण जीत सिंह, बीके सिंह, मंजीत सिंह सलूजा, डा.जे. एस.बक्शी, भगवत, गोपीचंद डोंडवानी, जसपाल सिंह सागरी, मेजर सिंह, दलजीत सिंह, गोलू सिंह, आनंद सिंह, गौरव सिंह, सूरज सिंह, बलजीत सिंह सलूजा, बिंदु कालरा, गुरदीप कौर, अमरजीत कौर, अरविंदर सिंह सागरी, मनमीत सिंह सलूजा, नरेंद्र सिंह खालसा, अमरजीत सिंह सलूजा, अवतार सिंह, सतनाम सिंह भाटिया, मनजीत सिंह, राजू सिंधी, पूरन सिंधी, निर्मल सिंधी, सतनाम सिंह, सुनील अरोड़ा, महेंद्र अरोड़ा, केदार सिंह, पिंटू आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर-बीएसबी-2024-03, कार्य का नामः गौरी बाजार - चौरीचौरा के मध्य समपार सं० 144 कि०मी० 478/360 एवं सरदारनगर - कुसम्ही के मध्य समपार सं० 151 कि०मी० 488/280 पर लिमिटेड हाईट सब-वे (एलएचएसडब्लू) का प्रावधान (कुल दो नम्बर)। अनुमानित लागत (₹): 10,50,58,437/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): 6,75,300/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 08.05.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 08 माह।

ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर-बीएसबी-2024-04, कार्य का नामः भटनी एवं कप्तानगंज में ट्रेन पासिंग कार्यालय भवन का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 66,50,423/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): 1,33,000/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 08.05.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 08 माह।

ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर-बीएसबी-2024-05, कार्य का नामः बलिया स्टेशन एवं वाशिंग पिट तथा औड़िहार के ट्रेन सेट डिपो पर ट्रेन पासिंग कार्यालय भवन का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 1,25,09,965/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): 2,12,600/-, निविदा बन्द होने की तिथी : 08.05.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि की तिथि : 09 माह।

● निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-03 से एनईआर-बीएसबी-2024-05 दिनांक 08.05.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू - 13

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

अम्बेडकर जयन्ती पर थानावार तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन कराने तथा अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट मानिका रानी द्वारा थानावार मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के लिए उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा को मजिस्ट्रेट व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को पुलिस अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार कोतवाली देहात के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात, थाना दरगाह शरीफ हेतु तहसीलदार सदर अभयराज पाण्डेय व थानाध्यक्ष दरगाह शरीफ, पयागपुर के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर, दिनेश कुमार व थानाध्यक्ष पयागपुर, थानाक्षेत्र रानीपुर हेतु उप जिलाधिकारी (न्यायिक) राकेश कुमार मौर्य व थानाध्यक्ष रानीपुर, थानाक्षेत्र विशेश्वरगंज के लिए नायब तहसीलदार पयागपुर व थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज, थानाक्षेत्र रिसिया के लिए नायब तहसीलदार रिसिया सुरेन्द्र कुमार वर्मा व थानाध्यक्ष रिसिया, थाना क्षेत्र कैसरगंज के लिए उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित व थानाध्यक्ष कैसरगंज, थानाक्षेत्र जरवलरोड के लिए नायब तहसीलदार प्रवीन्द्र प्रताप गिरी, थानाक्षेत्र फखरपुर के लिए नायब तहसीलदार फखरपुर बृजेश कुमार व थानाध्यक्ष फखरपुर, थानाक्षेत्र हुजूरपुर के लिए नायब तहसीलदार महबूब अंसारी व थानाध्यक्ष हुजूरपुर को क्रमशः मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार कोतवाली नानपारा के लिए उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा, थानाक्षेत्र मोतीपुर के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) व थानाध्यक्ष मोतीपुर, थानाक्षेत्र रूपईडीहा के लिए अपर उप जिलाधिकारी नानपारा ज्योति चौरसिया व थानाध्यक्ष रूपईडीहा, थानाक्षेत्र मुर्तिहा के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) अरसलान उर रसीद व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुर्तिहा, थानाक्षेत्र सुजौली के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा(मोतीपुर) मथुरा प्रसाद व थानाध्यक्ष सुजौली, थानाक्षेत्र नबाबगंज के लिए नायब तहसीलदार नवाबगंज शैलेश कुमार व थानाध्यक्ष नवाबगंज, थानाक्षेत्र बौण्डी के लिए नायब तहसीलदार महसी राजदीप यादव व थानाध्यक्ष बौण्डी, थानाक्षेत्र खैरीघाट के लिए नायब तहसीलदार शिवपुर हर्षित कुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष खैरीघाट, थानाक्षेत्र हरदी के लिए उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह व थानाध्यक्ष हरदी, थानाक्षेत्र रामगांव के लिए नायब तहसीलदार महसी गौरीशंकर व थानाध्यक्ष रामगांव व थानाक्षेत्र मटेरा के लिए नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव व थानाध्यक्ष मटेरा को मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी नामित किया गया है।

42 ली. अवैध शराब व छह कुंटल लहन बरामद

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव एवं होली के अवसर के दृष्टिगत आज दिनांक 12 अप्रैल को सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही,अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता,मोहम्मद इरफान एवं थाना कोतवाली नगर के विनोद कुमार उप निरीक्षक, हरिश्चंद्र व बलवंत यादव के साथ ग्राम चुनहा व ग्राम तुलसी का पुरवा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान जनपद सुलतानपुर में लगभग 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 600 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 02 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

एनसीएल में महिला कर्मियों को समर्पित पंख प्रसार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। शनिवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में महिला कर्मियों के शारीरिक व मानसिक विकास को समर्पित खेल कूद कार्यक्रम पंख प्रसार÷ का सिंगरौली स्टेडियम में आयोजन किया गया। इस दौरान महिला कर्मियों की फिटनेस एवं खेल कूद संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जुम्बा, बलून ब्रेक, थ्री लेग रेस, म्यूजिकल चेयर, रस्सा कस्सी, बोरा दौड़, स्किपिंग, रिले दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पंख प्रसार कार्यक्रम में एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से महिलाओं को 4 टीमों में बांटा गया था इस दौरान कुल 9 खेल खेले गए जिसमें कुल 142 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृति महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती बी. के. दुर्गा व उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती संगीता नारायण, श्रीमती शोभा मलिक व श्रीमती नीतू प्रसाद उपस्थित रहीं। इस दौरान श्रीमती बी. के. दुर्गा ने अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में कोल इंडिया द्वारा महिला शक्ति को समर्पित खेल कूद प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की एवं उन्होंने उपस्थित सभी महिला प्रतिभागियों से खेल कूद को हार जीत का नही बल्कि अपनी फिटनेस का मूल्यांकन करने का जरिया बनाने हेतु आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सभी महिला कर्मियों को ऐसे ही उत्साह के साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित भी किया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री शफदर खान, मुख्यालय जेसीसी सदस्यगण, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ बड़ी संख्या में महिला कर्मी उपस्थित रहीं। इसके पूर्व शनिवार की सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री शफदर खान ने किया। महाप्रबंधक (कार्मिक) ने इस अवसर पर कहा कि खेल कूद को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं जिस से कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बल मिलता है। साथ ही इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम एवं प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

जगत जननी स्कंद माता का किया पूजन-अर्चन

अवधनामा संवाददाता

नवरात्र का पांचवां दिन

- जगत जननी के दरबार में मत्था टेक रहे देवी भक्त, मांगी मुरादें
- महेश्वरी देवी मंदिर, काली माता मंदिर और मां विंध्यवासिनी में श्रद्धालुओं का रेला
- भोर होते ही मंदिरों में पहुंच रहे श्रद्धालु, सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात

बांदा। नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने जगत जननी मां जगदंबे के दरबार में पहुंचकर मां स्कंद माता का पूजन-अर्चन किया। भोर होते ही श्रद्धालु देवी मंदिर में पहुंच गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मंदिरों में पहुंचती गई। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने सबसे पहले मातारानी का जलाभिषेक किया। इसके बार आरती उतारी और पूजा-अर्चना की।

घर वापस आने के बाद कन्या भोज का भी आयोजन किया। मान्यता है कि मां स्कंद माता की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं। मंदिर के बाहर स्थित तमाम दुकानों में महिला श्रद्धालुओं के द्वारा पूजन सामग्री के अलावा अन्य सामान की भी जमकर खरीददारी की जा रही है। इसके साथ ही मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर तेज हो गया है। घरों और मंदिरों में भी कन्याभोज कराए जा रहे हैं। शहर के काली देवी मंदिर और महेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक पहुंच रही है। इधर, गिरवां में मां विंध्यवासिनी पर्वत में विराजमान जगत जननी मां जगदंबे का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। यूपी और एमपी के हजारों की संख्या में श्रद्धालु मातारानी के दरबार में मत्था टेकने आ रहे हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लग रही है और मातारानी का गगनभेदी जयघोष गुंजायमान हो रहा है। विंध्यवासिनी परिसर में नवरात्र पर्व के दौरान विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। मंगलवार से ही मेला आबाद हो गया और सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजी हुई हैं। इन दुकानों में श्रद्धालु खरीददारी भी कर रहे हैं। मेले मे बड़े बड़े झूला, काला जादू, सर्कस भी आए हैं, इससे श्रद्धालुओं का मनोरंजन होगा। इसके साथ ही रामलीला का भी आयोजन किया जा रहा है। रामलीला में गणेश पूजन के साथ ही नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। भक्तो ने मां के दरबार में पहुंच कर पान बताशा नारियल चढ़ा कर अपनी मनोकामना पूरी की। मुंडन संस्कार कराए जाने का भी सिलसिला तेज हो गया।

गौरतलब हो कि विंध्यवासिनी पर्वत में 551 सीढ़ियां बनी हुई हैं, इन सीढ़ियों को चढ़कर मातारानी के दर्शन मिलते हैं। परिवहन निगम की ओर से श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए परिवहन निगम की बसें नहीं चलाई गई हैं। प्राइवेट और डग्गामार वाहनों के सहारे ही श्रद्धालु सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। सुरक्षा के नाम पर पुलिस महज खानापूरी करती हुई नजर आ रही है। मेला परिसर में पुलिस व्यवस्था नजर नहीं आ रही। जगत माता के दरबार में मत्था टेकने के लिए यूपी और एमपी के हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी पर्वत पर पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्र पांचवें दिन शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा-अर्चना की। भोर होते ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंच गए। जलाभिषेक करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और मातारानी का गगनभेदी जयघोष लगाया। गिरवां स्थित मां विंध्यवासिनी पर्वत में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सुबह से ही मातारानी का दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

पशुओ से भरे वाहन सहित एक अभियुक गिरफ्तार

चोपन/ सोनभद्र अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा शनिवार को प्रातः 07.00 बजे कोटा बाजार तेलगुड़वा से एक पिकप संख्या यूपी 65 एनटी 1690 में 02 राशि भैसा, 05 राशि भैस, 03 राशि पड़िया (कुल 10 राशि) व वाहन पर बैठे अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र कतवारू निवासी गरौडी थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। पशुओं तथा गिरफ्तार व्यक्ति मय वाहन के साथ थाना हाजा लाकर दाखिल किया गया, बरामद पशुओ के जीवन हित में क्षेत्र के इच्छुक व्यक्तियों को हिदायत देते हुए सुपुर्द किया गया तथा अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 76/2024 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। पुलिस टीम में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक ,व0उ0नि0 ओमप्रकाश नारायण सिंह , हे0का0 कृष्ण कुमार,हे0का0 विमलेश कुमार गुप्ता थाना चोपन सामिल रहे।

डॉ कुसुमाकर श्रीवास्तव वाराणसी में सम्मानित

सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो। होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक डॉक्टर हेनिमेन की 269 वी जयंती के अवसर पर आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन शाखा वाराणसी एवं वाराणसी होम्योपैथिक डीलर्स एसोसिएशन द्वारा वाराणसी स्थित एक होटल में सोनभद्र जनपद के पूर्व राजकीय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कुसुमाकर श्रीवास्तव एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ चंद्र भूषण पांडे को वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड रक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के शिवनाथ यादव ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जेएन रघुवंशी, विशिष्ट वक्ता डॉ आरसी श्रीवास्तव सहित अन्य होम्योपैथ चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी ने किया। होम्योपैथिक चिकित्सा के डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव एवं डॉक्टर चंद्रभूषण पांडे के सम्मानित होने पर सोनभद्र जनपद के होम्योपैथिक चिकित्सको ने हर्ष व्यक्त किया है।

स्कूल चलो रैली निकालकर किया गया जागरूक

चिल्ला अवधनामा संवाददाता। विकासखंड तिन्दवारी की ग्राम पंचायत चिल्ला में पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान की संयुक्त रैली निकाली गई। रैली को ग्राम प्रधान विद्या देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी में सभी बच्चे शामिल रहे। रैली में सभी छह वर्ष तक के बच्चों का नामांकन, आओ स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शत-प्रतिशत करने को समझाया गया। कार्यक्रम की जानकारी व मार्गदर्शन मीरा देवी इंचार्ज प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय ने दिया। इस अवसर पर सुहैल, कमलेश कुमार, माधुरी पांडेय, अर्चना देवी, गीता देवी, ऋचा गुप्ता, रेखा देवी, प्रभा, रामराज, कंचन सिंह, गुड़िया देवी समेत अध्यापकों का सहयोग सराहनीय रहा।

शार्ट सर्किट से जल गई गेहूं की फसल

बांदा अवधनामा संवाददाता। पैलानी थाना क्षेत्र के कालेश्वर हार पर शार्ट सर्किट से खेतों में रखी तकरीबन ढाई बीघा गेहूं की फसल राख के ढेर में बदल गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल जल चुकी थी। निवाइच निवासी सौखीलाल पुत्र सुदर्शन के खेत पर एक बीघा गेहूं की फसल खड़ी थी। जबकि कमलेश की तकरीबन दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की सूचना पाकर दमकल और पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। आग तो बुझा ली गई, लेकिन फसल नहीं बचाई जा सकी। अग्निकांड पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

भाई भतीजो ने चाचा के गृहस्थी सहित मकान में किया कब्जा

सुमेरपुर हमीरपुर अवधानामा संवाददाता। ग्राम मुंडेरा में भाई और भतीजो ने अपने चाचा के मकान में कब्जा करके उसकी गृहस्थी हड़प कर उसे दाने दाने को मोहताज कर दिया है, चाचा न्याय की गुहार लगाते हुए घूम रहा है मगर उसकी कोई नही सुन रहा है उसने शनिवार को डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा निवासी रामस्वरूप पुत्र भूरा यादव ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 3वर्ष पूर्व उसका भतीजा मुकेश, पुती और भाई पंचम ने जबरन उसके मकान में कब्जा कर लिया था,घर गृहस्थी का समान-गैस चूल्हा थाली लोटा गिलास व गद्दा, रजाई इत्यादि सामग्री भर कर ले गया है, मकान और गृहस्थी के अभाव में वह दर दर भटक रहा है मगर उसकी कोई नही सुन रहा है, उसने बताया कि डीएम एसपी को वह पूर्व में प्रार्थना पत्र दे चुका है फिर भी उसे न्याय नहीं मिला है।

एमपी से निर्गत परमिट पर यूपी में अवैध खनिज का परिवहन करने के मामले में तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व अवैध खनिज के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना चोपन पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम में वांछित अभियुक्त गण 1. वाहन चालक रामनरेश यादव पुत्र दशरथ यादव निवासी बेलखडा थाना अहरौरा जनपद- मीरजापुर, 2. मकरध्वज पुत्र महावीर निवासी सुकृत थाना राबर्ट्सगंज जनपद- सोनभद्र, 3. चन्द्रेश पुत्र राजेश निवासी टिसौरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को शनिवार को सुबह 07.00 बजे चोपन से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं वांछित 19 अभियुक्त गण जिसमें वाहन स्वामी/ चालक / क्रशर प्लांट मालिक / पट्टाधारक/ आई.एस.टी.पी निर्गत करने वाले कर्मचारी के धरपकड़ के लिए पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 राजेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी डाला हे0का0 हरी सिंह यादव चौकी डाला हे0का0 मनोज कुमार चौकी डाला का0 जोगेन्द्र कुमार चौकी डाला थाना चोपन सामिल रहे।

नवरात्र पर ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिर गुलजार

बिलगांव। नवरात्र का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। बिसंडा क्षेत्र के बिलगांव और आसपास के गांवों में स्थित देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। वहां पर विधि विधान से जगत जननी मां जगदंबा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही विभिन्न अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कन्याभोज कराए जाने का सिलसिला अब जोर पकड़ गया है। देवी मंदिरों में दंडवती परिक्रमा भी श्रद्धालु कर रहे हैं। भोर पहर से श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर मां की आराधना कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के चलते चारों तरफ श्रद्धा भक्ति का माहौल बना है। भोर पहर से श्रद्धालु भक्त मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से मां की पूजा अर्चन कर रहे हैं। मंदिरों और घरों मे मां के भक्त जवा जवारी बोकर 9 दिनों तक व्रत धारण कर मां की उपासना पूजा अर्चन मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। जगह-जगह मातारानी के भक्ति गीत उमाह गायन के स्वर गुंजायमान हो रहे हैं। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों का दौर भी तेज हो गया है।

कुरारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नाला गंदगी से पटा

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। कस्बा कुरारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बने नाला में सफाई व्यवस्था न होने के कारण गंदगी से पट गया है।जिससे पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। नाले की गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान हैं।कस्बा कुरारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए मंडी समित की तरफ गए नाला को सफाई व्यवस्था न होने के कारण नाले में गंदगी भरी रहती है। जिसके कारण इस नाले से पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। मेन बस स्टैंड से होते हुए इस नाले में पानी आता है।जो की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बनाई गई पुलिया में मिल जाता है। दो स्थान का पानी इस नाले से होकर मंडी समित के समीप निकलता है। इस नाले में भरे गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से अस्पताल आने जाने वाले व राहगीरों को सड़क से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस नाले की सफाई व्यवस्था वर्षो से नहीं कराई गई है। जिससे पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। कस्बा वासियों ने इस नाले की सफाई व्यवस्था कराए जाने की मांग अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत से की है।

विद्युत चिंगारी से 5 बीघे की फसल जलकर राख

सुमेरपुर हमीरपुर अवधानामा संवाददाता। क्षेत्रीय ग्राम मवईजार में शनिवार की सुबह ट्रांसफार्मर से निकली विद्युत चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई, जब तक आग बुझाई गई तब तक पांच बीघे खेत में खड़ी गेहूं की फसल स्वाहा हो गई, आग से करीब एक लाख की क्षति होने का अनुमान है, सूचना के एक घंटे बाद दमकल गाड़ी पहुंची तब तक आग बुझा चुकी थी। राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मवईजार में पंचायत भवन के पास उसका निजी नलकूप है, शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी गेहूं के खेत में जा गिरी तो उसमे आग लग गई, इसकी सूचना दमकल विभाग को देकर वह लोग नलकूप चलाकर आग बुझाने में जुट गए जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पांच बीघे की फसल स्वाहा हो गई, उसने बताया कि 6 बीघे में गेंहू की फसल थी जिसमे मात्र एक बीघे की फसल बची है, दमकल गाड़ी करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया गया था, किसान के अनुसार करीब एक लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

बीमारी से तंग आकर किशोरी ने लगाई फांसी

मौदहा हमीरपुर अवधानामा संवाददाता। लम्बे समय से बीमारी के चलते किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी अशोक श्रीवास की पंद्रह वर्षीय पुत्री शिवानी ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतका लम्बे समय से बीमार चल रही थी और उसी के चलते मानसिक तनाव में रहती थी तथा बीमारी से परेशान होकर ही किशोरी ने आत्महत्या की है।

जरा झूम के कांवरिया संघ निकली शोभायात्रा

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। विगत कई वर्षों के बाद इस वर्ष भी धूमधाम से शनिवार को जरा झूम के कांवरिया संघ द्वारा संचालित मां वैष्णो पद यात्रा रावटसगंज नगर स्थित अंबेडकर नगर वार्ड 10 मांकड़े शीतला माता मंदिर से वैष्णो धाम के लिए निकली शोभा यात्रा।

संयोजक हरिहर चौरसिया अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद ने बताया कि विगत कई वर्षो से शोभायात्रा के माध्यम से नवरात्रि में पदयात्रा निकलते हुए मां वैष्णो धाम पहुंचकर जिला अभिषेक व पूजन अर्चन किया जाता है इसी क्रम में इस वर्ष भी रावटसगंज नगर में शोभा यात्रा निकालते हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा डीजे सॉन्ग नाचते गाते माता के जयकारे लगाते हुए निकाली पदयात्रा नवरात्रि मैं देवी मां के गीतों के साथ कन्याएं व महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन गायन करते हुए बढ़ाया गया पदयात्रा का शोभा इस मौके पर अमित जायसवाल अजय मोदनवाल निलाचल दास नीतू उमर राधेश्याम रवि मद्धेशिया रंजन गुप्ता विशाल मौर्य रणधीर कसौधन अशोक कुमार राजदेव यादव रवींद्र गोविंद लवकुश चौरसिया प्रदीप के शरीर हिमांशु केसरी मनीष दुबे प्रवीण तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम का शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय इस्लामिया राबर्ट्सगंज पर स्कूल रेडीनेस बाल वाटिका के अंतर्गत चहक की पहली बैठक एवं अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए आप ह्रदेश कुमार सिंह ने अभिभावकों को बताया कि वह अपने बच्चों को और स्वयं को विद्यालय के लिए तैयार करे। जो नए बच्चे जुड़ेंगे उनको सहज और सरल माहौल देने के लिये चहक बैठक किया गया। साथ ही बच्चो को कहानी, कविता एवं बातचीत करके आदि सीखने वाली गतिविधियों पर जोर दिया गया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों का नामांकन कराएं और सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। कक्षा 1 में नामांकित समस्त छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर अपने बच्चों नियमित विद्यालय भेजने की अपील की गई और विभिन्न गतिविधियों से संबंधित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया,चिल्ड्रन हेप्पीनेस इन एंबियंस एंड एक्वायरिंग नॉलेज कार्यक्रम में शिक्षकों एवं अभिभावकों को बताया गया कि स्कूल रेडिनेस मॉड्यूल ÷चहक÷ के तहत बच्चे जब पहली बार विद्यालय की दहलीज पर कदम रखते हैं तो उसके मन में उत्कृष्ट जिज्ञासा, डर, संकोच आदि कई सारे भाव होते हैं। साथ ही दुनिया और विद्यालयी परिवेश में एक बड़ा फासला भी दिखाई देता है। यह फासला कहीं ना कहीं बच्चों की दैनिक उपस्थिति और उनके ठहराव को प्रभावित करता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को एक परिवेश दिया जाए जिससे वो विद्यालयों में अपने को सहज महसूस कर सकें। चहक भी एक ऐसी गतिविधि आधारित मॉड्यूल है इसका निर्माण वर्ग 1 के नव नामांकित बच्चों के लिए किया गया है।इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना तथा विद्यालय से जुड़ाव रखना है। उक्त कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 के नामांकित बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की शारीरिक विकास, भाषा विकास, संध्या ज्ञान, पर्यावरणीय जागरूकता, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास जैसे आयामों का विकास किया जाएगा एवं बच्चों को एक सहज वातावरण मुहैया कराकर विद्यालय से जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर नव प्रवेशी बच्चों को प्रधानाध्यापिका किरण त्रिपाठी ने तिलक लगाकर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया और डायरी, पेन,बैग देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया,अंत में कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी किरन त्रिपाठी के द्वारा सभी अभिभकों का आभार प्रकट किया गया।

स्थानिक गुरुद्वारा में मना खालसा जन्मउत्सव

सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो। स्थानिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में शनिवार को तीन दिवसीय खालसा जन्म उत्सव समारोह बैसाखी ग्रुप पर्व बड़े ही का एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरुद्वारा साहब को आकर्षक ढंग से सजाया गया प्राप्त अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भाई वीर सिंह दया सिंह द्वारा भजन का गायन किया गया कानपुर से आए भाई परमजीत सिंह व उनके साथियों द्वारा गुरु वाणी का कीर्तन किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जसवीर सिंह ने बैसाखी के महत्व के बारे में बताया बैसाखी का महत्व का ए प्रकार से है इस समय किसने की नई फसल घर आती है इसे देखकर खुश होता है परमेश्वर को धन्यवाद देता है तरह-तरह के आयोजन भी करता है इसी दिन सन 1919 में जलियांवाला वाला बाग अमृत उत्सव में जनरल ओड वायर ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले नियत से पंजाबियों पर गोलियां चलवाई जिसमें लगभग 1000 पंजाबी यो की मृत्यु हो गई व अनेकों को लोग घायल हो गए सबसे महत्वपूर्ण माना गया कि आज ही के दिन यह घटना सन 1699 में सिखों के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह द्वारा आनंदपुर में खालसा पाठ की स्थापना की इस घटना में शमी सोई हुई जनता के बीच वीरता पैदा किया अमृत संचार के बाद पुरुषों के नाम सिख तथा सखियों के नाम कौर जोड़ा गया। उन्होंने डर को समाप्त किया और जुर्म के खिलाफ लड़ने का हौसला दिया तथा यह कहा की सवा लाख से एक लड़ाउ तब्दे गोविंद सिंह नाम कहांउ ।तत्पश्चात कार्यक्रम का समाप्ति हुआ और प्रसाद लंगर वितरण किया गया इस मौके पर रणजीत सिंह देवेंद्र सिंह भंडारी अजीत सिंह मनजीत सिंह मानसिंह सोनू भंडारी जसपाल सिंह संतोष सिंह चरणजीत सिंह गोल्डी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम, एसएसपी ने मतदान स्थलों, बूथों का किया निरीक्षण

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तहसील जसवंतनगर एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में मतदान स्थलों/बूथों का निरीक्षण किया गया। तहसील जसवंतनगर क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसैना विकास खण्ड जसवंतनगर पर जाकर बूथों का जायजा लिया गया। उन्होंने बूथों पर उपस्थित ग्राम प्रधान एवं जनमानस से वोट देने की अपील की गयी और सभी से आग्रह किया गया कि अपने मत का प्रयोग करें सभी को वोट देने का अधिकार है किसी भी महिलाओं को वोट देने से रोका नहीं जाएगा उन्हें भी अपने मत देने का अधिकार है,उनका वोट अवश्य डलवाया जाये साथ ही महोदय द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया और मतदान केन्द्र पर बिजली, पानी एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को देखा गया।

पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर पीड़ित ने एसपी को दी

अवधानामा संवाददाता



हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी मजदूर ने पत्नी को दो दिन पूर्व बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर पुलिस अधीक्षक को देकर कार्यवाही करने की मांग की है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी मजदूर जयकुमार पुत्र तुलसीराम ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी एक मई 2019 को थाना सुमेरपुर क्षेत्र के भौनिया गांव निवासी सरिता के साथ हुई थी। वर्ष 2022 में मजदूरी करने के लिए प्रयाग राज अपनी पत्नी के साथ गया था। वहा पर वह शिवा नाम के लड़के के साथ चली गई।तब मैंने सोरांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनो को बरामद किया था। तब सरिता को लेकर फरवरी माह में जल्ला आ गया था।तथा गांव में रहकर मजदूरी करता था। इसके बाद भी शिवा व सरिता की बात फोन पर होती रही। ग्यारह अप्रैल को घर से कुरारा बाजार जाने की बात कह सरिता कुरारा आई तथा वापस गांव नहीं लौटी इसकी जानकारी सभी जगह की लेकिन उसका कही सुराग नहीं लग रहा है।घर से नकदी व जेवर भी ले गई है। पीड़ित ने बताया कि शिवा निवासी रामापुर कोतवाली सोरांव जनपद प्रयाग राज बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति की हुई मौत

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहा एक व्यक्ति ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक शनिवार समय करीब प्रातः 05.00 बजे सदर कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि रामस्वरुप पाल पुत्र दनकू दयाल पाल (उम्र 65 वर्ष) निवासी गौरादेवी थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर मॉर्निंग वॉक पर (टहलने) निकले थे। सड़क पर ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से मृत्यु हो गई। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी हाऊस हमीरपुर भेजा गया। वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दुर्घटना कारित करने वाले ट्रैक्टर चालक अज्ञात के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा धारा 279/304ए आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया।

खालसा पंथ का स्थापना दिवस संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय बना : योगी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां गुरुद्वारा नाका हिण्डोला में खालसा सृजन दिवस पर प्रदेशवासियों को बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी के लिए बैसाखी का यह पावन पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। आज ही के दिन सन् 1699 में गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु महाराज की कृपा से खालसा पंथ दुनिया में धर्म की ध्वजा पताका को बिना रुके बिना डिगे व बिना झुके बड़े गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा पहुंचकर सर्वप्रथम श्री गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब देश और धर्म की सुरक्षा खतरे में पड़ी तो गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने जाति, वर्ग के भेदभाव से परे एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता का अनुभव किया जो संपूर्ण समाज को सुरक्षा व संरक्षण प्रदान कर सके। तत्कालीन कुरीतियों का सामना करते हुए यह दुरुह कार्य संपन्न करना था। यही खालसा पंथ की स्थापना का आधार बना। खालसा पंथ का स्थापना दिवस संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय बना। मुख्यमंत्री जी ने कहा की गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज एवं अन्य सिख गुरुओं ने देश और धर्म की रक्षा के लिए जो योगदान दिया वह न केवल उस समय के लिए बल्कि वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य के लिए प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हो गए। उन्होंने किसी प्रकार का दुःख

■ लखनऊ सिख गुरुओं की अनेक स्मृतियों से जुड़ा स्थल : मुख्यमंत्री

न प्रकट करते हुए बड़े गर्व के साथ कहा कि चार मुये तो क्या मुआ, जीवित कई हजार। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों की स्मृति को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की सिख बांधुओं की दशकों पुरानी मांग को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 26 दिसंबर की तिथि वीर बाल दिवस के रूप में पूरे देश में आयोजित करने का निर्णय लिया। हम सभी इस निर्णय का अभिनंदन करते हैं और प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार भी व्यक्त करते हैं। यह हमारे युवाओं के लिए नई प्रेरणा है कि देश और धर्म के लिए जो भी योगदान देगा समाज उसके प्रति इसी रूप में नतमस्तक होगा।

51 शक्ति पीठ में मां का हरितांबर श्रृंगार हुआ

लखनऊ। नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन माँ स्कंदमाता की पूजा अर्चना हुई। मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है यह भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता है इन्हें भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है इनकी उपासना नवरात्र पूजा के पांचवें दिन की जाती है। मां का हरितांबर श्रृंगार हुआ। पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरुआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मैया पहाड़ों वाली, के भजन सुनाये।

भाजपा को दिए वोट से गुंडों पर कानून के डंडे का प्रहार होता है : भूपेन्द्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बदायूं, बुलन्दशहर व नोएडा में आयोजित कार्यक्रमों में कहा कि भाजपा को दिए वोट से गुंडों पर कानून के डंडे का प्रहार होता है और सपा, बसपा को दिए वोट से गुंडे, माफिया और अपराधियों का सत्कार होता है। सपा, बसपा व कांग्रेस आज भी माफियाओं की मेहरबानी के मोहताज है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचारी व अपराधी तिलमिलाए हुए है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को गारंटी दी थी कि ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। आज भ्रष्टाचारी कितना भी रसूखदार क्यों ना हो जेल की सलाखों के पीछे पहुंच रहा है। अपराधी थर-थर कांप रहे है। दंगाई घरों में दुबके हुए हैं। यह सब आपके वोट की ताकत से संभव हुआ है। इस बार डबल इंजन की रफ्तार को फुल स्पीड कर दीजिए। प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा को जिताकर मोदी जी को अपना आशीर्वाद दीजिए।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के राजनैतिक परिदृश्य को बदलने का काम किया। पहले जातिवाद, अपराधीकरण, तुष्टीकरण, बूथ कैप्चरिंग और भाई-भतीजावाद राजनीति के केन्द्र मे थे। जबकि मोदी जी ने राजनीति को सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण केन्द्रित किया। राजनीति में जवाबदेही तय की और बार-बार जनता के दरबार अपना लेखा-जोखा लेकर पहुंचने की परम्परा प्रारम्भ की। यही कारण है कि नए वर्ग के रूप सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने विपक्ष के हर मंसूबे को विफल कर दिया।

श्री चौधरी ने कहा कि मुद्दा विहीन विपक्ष हताश भी है और अपनी निश्चित पराजय से निराश भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने के लिए अबकी बार 400 पार के संकल्प की पूर्णता के लिए सभी मोदी जी बनकर घर-घर पहुंचे और जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

अपनी उपलब्धियों से आज नवोदय एक ब्रांड बन चुका है : कृष्ण कुमार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। नवोदय विद्यालय स्थापना दिवस (13 अप्रैल) समारोह का आयोजन वाराणसी में बीएचयू स्थित केएन उडुप्पा हॉल में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश,असम इत्यादि विभिन्न राज्यों के 500 से ज्यादा पुरा नवोदय विद्यार्थी शामिल हुए।

उन्होंने अपने यादगार अनुभव साझा किये वहीं नवोदय विद्यालय की प्रगति के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा हुई। बीएचयू के कुलगीत, नवोदय प्रार्थना, स्वागत गीत के बीच अतिथियों ने पं. मदन मोहन मालवीय और नवोदय विद्यालय के संस्थापक राजीव गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 66 नवोदयन्स लोगों को सम्मानजनक उपलब्धियों के लिए नवोदय रत्न से भी सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि 13 अप्रैल, 1986 को दो नवोदय विद्यालयों से आरंभ हुआ यह सफर आज 661 तक पहुँच चुका है। नवोदय विद्यालय एक सरकारी संस्थान होने के बावजूद उत्कृष्ट शिक्षा व बेहतर परीक्षा परिणामों की वजह से आज शीर्ष पर है। वसुधैव कुटुंबकम एवं शिक्षार्थ आइए, सेवार्थ जाइए की भावना से प्रेरित नवोदय में जाति, संप्रदाय, क्षेत्र से परे सिर्फ राष्ट्रवाद की भावना है।

सपा गुंडे, अपराधियों की फैक्ट्री : केशव

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी गुंडे, अपराधियों, माफियाओं, दंगाईयों की फैक्ट्री है। सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश यादव की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है। श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रदेश में पिछले सात सालो में एक भी दंगा नही हुआ। गुंडे, अपराधी, माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही हो रही है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प, भयमुक्त वातावरण तथा विकास की ओर तेजी से बढ़ते देश में जनता स्वयं मोदी जी बनकर चुनाव लड़ रही है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रभु श्रीरामलला वर्षो की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अपने जन्म स्थान पर विराजमान हुए और कई पीढियों की अभिलाषा पूर्ण हुई। रामभक्तों पर गोली चलाने वाला रामद्रोही परिवार को भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा का निमत्रंण भेजा, लेकिन उस निमत्रंण को ठुकराने का काम सपा व कांग्रेस ने किया। जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगे। राम मंदिर सिर्फ राम मंदिर नहीं है बल्कि राष्ट्र मंदिर है। उन्होंने कहा कि सारे विधायकों के साथ सपा के बहुत से विधायक भी श्री रामलला के दर्शन करना चाहते थे। लेकिन सपा बहादुर अखिलेश यादव ने अपने दल के विधायको को श्रीरामलला के दर्शन करने से रोक दिया और यही कारण है कि समाजवादी पार्टी में अंतर्कलह व्याप्त हुआ और अंतआर्त्मा की आवाज पर राज्यसभा चुनाव में सपा विधायकों ने मतदान भी किया। श्री मौर्य ने कहा कि सपा भ्रष्टाचार की जननी है। सपा गरीबों का शोषण करने वाली पार्टी है। सपा मुखिया का मनोबल टूट चुका है।

सीएमएस छात्र को 1,20,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्र तन्मय पाण्डेय को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की ट्रांसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी द्वारा 1,20,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। तन्मय को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने तन्मय की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

सीएमएस में नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक का भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में प्राइमरी छात्रों के लिए विशेष रूप से नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक का उद्घाटन आज सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने किया। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों हेतु विशेष रूप से निर्मित प्राइमरी ब्लाक के निर्माण हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन को धन्यवाद दिया। सी.एम.एस. राजाजीपुरम का यह नवनिर्मित ब्लाक प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्रों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से विशेष रूप से निर्मित किया गया है, जिसमें अति-आधुनिक शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ ही उच्च जीवन मूल्यों एवं एकता व शान्ति से परिपूर्ण शैक्षिक वातावरण बनाये रखने का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, इस नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक में कई सुविधाएं प्रदान की गई हैं जिनमें आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला, बड़े-बड़े हवादार क्लासरूम, नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए प्ले एरिया, प्रत्येक कक्षा में इण्टरएक्टिव व्हाइट बोर्ड आदि प्रमुख हैं।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ओपन जिमो की हो रही स्थापना : नीरज सिंह

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह प्रातःमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्तिथि में खुशहाली और समृद्धि के पर्व बैसाखी पर नाका गुरुद्वारे लखनऊ में प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं दी।

कृषि मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख,महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह बग्गा, परविंदर सिंह, लखविंदर पाल, सतपाल सिंह मीत एवम गुरुद्वारा कमेटी के अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे। नीरज सिंह ने लखनऊ लोकसभा चुनाव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में उपस्थित आमजन से लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह जी द्वारा लखनऊ के विकास के लिए कराए गए 50 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की जानकारी दी। लखनऊ में युवाओं को रोजगार के लिए निरंतर आयोजित किए जाने वाले कौशल महोत्सव और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ओपन जिमो की स्थापना और स्वास्थ्य मेले के आयोजनों से आमजन की जरूरतों और हितों के लिए किया जा रहे हैं कार्यो का भी जिक्र किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग में बताया कि नीरज सिंह प्रातः जयसवाल समाज द्वारा जायसवाल कोठी उदयगंज में, लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा द्वारा रामनगर एलडीए कॉलोनी ऐशबाग में आयोजित व्यापारी बैठक में, झूलेलाल वाटिका में आयोजित भगवान श्री चित्रगुप्त होली मिलन उत्सव में, राजेंद्र नगर में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में, होटल होम इन आलमबाग में सिख समाज और व्यापारी स्नेह मिलन और सभी से लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील की और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

बलरामपुर गार्डन में शुरू हुआ भव्य श्रीराम हनुमत महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। श्री राम हनुमत महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन हनुमत सेवा समिति की ओर से 13 और 14 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जा रहा है। इसके पहले दिन सुंदरकांड, सम्मान समारोह, सत्संग, हनुमत झांकी और विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय के दर्शन ने भक्तों को श्रीराम हनुमत भक्ति से सराबोर कर दिया। संयोजक विवेक पाण्डेय के अनुसार इस क्रम में रविवार 14 अप्रैल को सुंदरकांड का पाठ, हनुमत क्विज, भजन, बनारस की गंगा आरती और नन्ही भजन गायिका स्नेहल सोनी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

आयोजन स्थल में सच्चे फूलों के श्रंगार के साथ अलंकृत राम दरबार आगंतुकों को खासा पसंद आ रहा है। इसके साथ ही भक्त मंच पर विराजमान हनुमान जी महाराज के मूर्त स्वरूप के भी दर्शन लाभ अर्जित कर रहे हैं। दूसरी ओर आगंतुक लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी में भी खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उस संग्रह में चालीस हजार से अधिक हनुमान महाराज की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेन्टिंग और पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं।

हथकरघा बनारसी साड़ियाँ : एक प्रमाण

सैयद अली अब्बास

लखनऊ। वाराणसी की प्राचीन गलियों में, हथकरघा बनारसी साड़ियों की परंपरा पनपती है। कुशल कारीगरों द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार की गई, ये साड़ियाँ सदियों पुरानी शिल्प कौशल और कालातीत सुंदरता का प्रतीक हैं।

हथकरघा के माध्यम से परंपरा का संरक्षण : हथकरघा बनारसी साड़ियाँ पूरी तरह से हाथ से बुनी जाती हैं, प्रत्येक धागा प्रेम का श्रम है। ये साड़ियाँ पारंपरिक करघों पर बुने गए जटिल रूपांकनों और पैटर्न के साथ पीढ़ियों से चली आ रही कलात्मकता को प्रदर्शित करती हैं।

कारीगरों को सशक्त बनाना : अफसोस की बात है कि हथकरघा कारीगरों को सरकार की ओर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला, जिससे उनकी संख्या में गिरावट आई है। पिछले 15 वर्षों में, हथकरघा का काम 75त्न से घटकर 5त्न से भी कम हो गया है, पावरलूम ने पारंपरिक हथकरघा शिल्प कौशल को खत्म कर दिया है। इस गिरावट ने कारीगरों के बीच अनिश्चितता पैदा कर दी है, कई लोग अपने कौशल को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए अनिच्छुक हैं। नीति निर्माताओं के लिए यह जरूरी है कि वे इस विरासत को संरक्षित करने के महत्व को पहचानें और हथकरघा कारीगरों को उनकी आजीविका और इस कालातीत शिल्प की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करें।

स्थायी फैशन विकल्प : हथकरघा बनारसी साड़ियाँ स्थिरता का प्रतीक हैं, जो प्राकृतिक रेशों से तैयार की जाती हैं और पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके बनाई जाती हैं। हथकरघा साड़ियाँ चुनकर, उपभोक्ता नैतिक फैशन को अपनाते हैं और कारीगर समुदायों का समर्थन करते हैं।

वैश्विक मान्यता : भारतीय संस्कृति में निहित होने के बावजूद, हथकरघा बनारसी साड़ियों ने अपनी शाश्वत सुंदरता और शिल्प कौशल के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। शाही शादियों से लेकर अंतरराष्ट्रीय रनवे तक, ये साड़ियाँ सीमाओं और सांस्कृतिक बाधाओं को पार करती हैं।

निष्कर्ष : हथकरघा बनारसी साड़ी के हर आवरण में परंपरा, शिल्प कौशल और सशक्तिकरण की कहानी है। जैसे हम इन कालजयी खजानों का जश्न मनाते हैं, आइए हम उन कारीगरों का भी सम्मान करें जो इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रखते हैं। सरकारों और उपभोक्ताओं सहित सभी हितधारकों के लिए इन कारीगरों के पीछे एकजुट होना जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हथकरघा बनारसी साड़ियां आने वाले वर्षों तक परंपरा और सुंदरता की कहानियां बुनती रहें।

श्रीसंकट हरण पंचमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस मना

लखनऊ। बीरबल साहनी मार्ग बंधा रोड पुराना हैदराबाद में गोमती तट स्थित श्रीसंकट हरण पंचमुखी हनुमान मन्दिर के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह सहस्त्रार्चन तो संध्या समय हनुमत स्तुतियों की गूंज रही। इस अवसर पर आयोजित भण्डारा दोपहर बाद से शाम तक चला। मंदिर में आज सुबह श्री संकटहरण हनुमान जी नवीन वस्त्रो और अलंकरण से श्रृंगार किया गया और फिर विधि-विधान से पं पवन मिश्रा ,पं दिनेश दीक्षित पं दिनेश मिश्र के द्वारा श्रीहनुमत सहस्त्रार्चन प्रारंभ हुआ। मंदिर समिति के द्वारा आयोजित भंडारे में बड़ी तादाद में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या में भजन संध्या में प्रेम शर्मा, डा. विनीता सिंह, राधे राधे, राजेश ने- राम जन्मोत्सव की बधाई जनमे अवध रघुराई... , हनुमत कर दो बेड़ा पार, सियाजी का बाग सुहाना.., राम नाम सुखदाई..., राम रस बरसे मेरो अंगना..., वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसिया रे...,जैसे मधुर भजनों से भक्ति गंगा बहायी।

ईद मिलन समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। शिया संगठन हुसैनी टाइगर की तरफ से लखनऊ के चौक स्थित जेबीपी गार्डन में एक ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस ईद मिलन समारोह में लखनऊ के हज़रतगंज स्थित इमामबाड़ा सिबतैनाबाद पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री को भी रिलीज़ किया गया। इस डॉक्युमेंट्री के ज़रिये ये बताया गया कि देश को आज़ाद हुए आज भले ही कई साल हो गए है मगर बात की जाये अगर लखनऊ के इस इमामबाड़ा ए सिब्तैनातबाद की तो ये इमामबाड़ा अभी भी पूरी तरह से आज़ाद नहीं हुआ है।

साल 2004 में शिया धर्मगुरु मौलाना सय्यद जव्वाद नक़वी द्वारा इस इमामबाड़े को कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग की गई थी जिसके बाद मौलाना कल्बे जव्वाद नक़वी ने इस इमामबाड़े के लिए काफी कोशिशें करी और फिर नतीजा ये हुआ की उस वक़्त की मौजूदा सरकार ने मौलाना कल्बे जव्वाद की मांग को मानते हुए इस इमामबाड़े का कुछ हिस्सा ख़ाली करवा दिया था। जिसके बाद से यहाँ मजलिस व मातम का सिलसिला एक लम्बे समय के बाद फिर से शुरू हो सका।

■ जल्द से जल्द सिब्तैनातबाद इमामबाड़े को पूरी से कब्ज़ा मुक्त करवाया जाय : शमील शम्सी

मगर आज भी इस इमामबाड़ा ए सिबतैनाबाद पर कब्ज़ा बरकरार है और उसी कब्ज़े को हटवाने के लिए इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए हुसैनी टाइगर्स के संस्थापक शमील शम्सी द्वारा ये मांग की गई है की जल्द से जल्द इस इमामबाड़े को पूरी तरह से आज़ाद कराया जाये यानी कब्ज़ा मुक्त करवाया जाये। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिया धर्मगुरु मौलाना सय्यद कल्बे जव्वाद नक़वी समेत शिया वक़्फ़बोर्ड के चेयरमैन अली ज़ैदी मौजूद रहे।

ऊंची उड़ान को बड़े सपने और कमिटमेंट अनिवार्य

जीवीसी श्री मनीष जैन से की शिष्टाचार भेंट, अपने अनुभव भी किए साझा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहा, बड़े बनने के लिए सपने भी बड़े ही देखने होंगे। सफलता के लिए लिए ईमानदारी, सच्चाई और कमिटमेंट पर शत-प्रतिशत खरा होना होगा। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के 2012 से 2023 तक के एल्युमिनाई से गुफ्तगू करते हुए कहा, अगर जिंदगी में आगे बढ़ना हो तो आपकी बात पत्थर की लकीर होनी चाहिए। हमारी यूनिवर्सिटी हमेशा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा को प्राथमिकता देती है। हम एडमिशन लेने में भी चूजी हैं। नतीजतन, हम बिना किसी टेस्ट के कोई एडमिशन नहीं देते हैं। सत्र 2023-24 में टीएमयू ने पांच हजार एडमिशन लिए थे, जबकि सात हजार युवाओं ने दाखिले के लिए आवेदन किया था। उन्होंने यूनिवर्सिटी की विकास यात्रा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने एल्युमिनाई और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन का परस्पर परिचय कराते हुए कहा, टीएमयू को विश्व की टॉप 200 यूनिवर्सिटीज़ में शुमार करना हमारी प्राथमिकताओं में है। कुलाधिपति एल्युमिनाई से भी रूबरू हुए। कुलाधिपति श्री जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से ऑडी में आयोजित एल्युमिनाई मीट-2024 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। एल्युमिनाई मीट में कुलाधिपति श्री जैन की बतौर मुख्य अतिथि, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, एफओई के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया, एल्युमिनाई रिलेसन्स सेल के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कार्यक्रम के बाद में चुनिंदा एल्युमिनाई ने जीवीसी श्री मनीष जैन से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही अपनी विकास यात्रा के अनुभव भी साझा किए। इससे पूर्व मेहमानों और एल्युमिनाई का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंत में सभी एल्युमिनाई को स्मृति चिन्ह भी दिए गए। संचालन स्टुडेंट्स खुशबू खन्ना और

■ टीएमयू का इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक यूनिवर्सिटी से कमतर नहीं : अक्षत जैन

देवांश मिश्रा ने किया। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन बोले, एल्युमिनाई और स्टुडेंट्स के बीच संबंधों से सफलता के नए द्वार खुलते हैं। एल्युमिनाई की मौजूदगी हमारे लिए हमेशा नई ऊर्जा का संचार करती है। टीएमयू के एल्युमिनाई देश-विदेश की नामचीन कंपनियों में यूनिवर्सिटी का नाम रोशन कर रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। अपने दादाश्री की ओर इंगित करते हुए बोले, हमेशा जीवन में स्टुडेंट बनकर रहना चाहिए, ताकि हमारे अंदर सीखने का जज्बा बना रहे। उन्होंने अपने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अनुभवों को साझा करते हुए कहा, टीएमयू का इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी वैश्विक यूनिवर्सिटी से कमतर नहीं है। आश्वस्त किया कि पूरी यूनिवर्सिटी के सभी क्लास रूम्स जल्द ही अति आधुनिक उपकरणों से लैस होंगे।